सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार,19 दिसम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 342, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 78 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट आयी। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता से सेंसेक्स 77.84 अंक टूटकर 84,481.81 पर बंद हुआ। } 14

## अफगानिस्तान का स्वास्थ्य ढांचा होगा मजबूत

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे, चिकित्सा आपूर्ति एवं क्षमता निर्माण में सहयोग को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। } 16



## प्रधानमंत्री मोदी को मिला 'ऑर्डर ऑफ ओमान' सम्मान

### भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौते से द्विपक्षीय संबंधों में आयेगी नयी ऊर्जा : मोदी

एजेंसी

मस्कट। ओमान के सुल्तान हैसम बिन तारिक ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योगदान के लिए बृहस्पतिवार को उन्हें विशेष नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ ओमान से नवाजा। प्रधानमंत्री मोदी को ओमान की दो दिवसीय यात्रा के दौरान यह सम्मान दिया गया। तीन देशों के अपने दौरे के दौरान मोदी जॉर्डन और इंडोनेशिया की यात्रा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी को इस सम्मान समेत दूसरे देशों में 28 से अधिक उच्चतम नागरिक सम्मान से नवाजा जा चुका है। हाल ही में उन्हें इथियोपिया में ग्रेट ऑनर निशां ऑफ इथियोपिया और कुवैत में ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर से सम्मानित किया गया था।

भारत और ओमान के बीच कूटनीतिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर मोदी ओमान की यात्रा पर हैं। इस यात्रा के दौरान दोनों पक्ष व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा और संस्कृति में रणनीतिक साझेदारी को प्रगाढ़ बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को मस्कट पहुंचे थे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत और ओमान के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) द्विपक्षीय संबंधों को नया विश्वास एवं ऊर्जा प्रदान करेगा



और दोनों देशों में वृद्धि के अवसर भी पैदा करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां आयोजित भारत-ओमान व्यापार शिखर सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में मांडवी से मस्कट तक दोनों देशों के बीच सदियों पुराने समुद्री व्यापारिक संबंधों का उल्लेख किया जो वर्तमान समय में जीवंत वाणिज्यिक आदान-प्रदान की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के 70 वर्ष पुराने कूटनीतिक संबंध सदियों से निर्मित विश्वास और मित्रता का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में भारत और ओमान ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत वस्त्र, कृषि उत्पाद तथा चमड़े के सामान सहित भारत के 98 प्रतिशत निर्यात को ओमान में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। इसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) कहा गया है। सीईपीए को भारत-ओमान के साझा भविष्य की रूपरेखा करार देते हुए प्रधानमंत्री ने व्यापार जगत के लोगों से इस समझौते की पूरी क्षमता का लाभ उठाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा आज हम एक ऐसा ऐतिहासिक निर्णय ले रहे हैं, जिसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) हमारी साझेदारी को 21वीं सदी में नया विश्वास एवं नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार को नई गति देगा, निवेश में नया विश्वास उत्पन्न करेगा और हर क्षेत्र में अवसरों के नए द्वार खोलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 वर्षों में भारत की आर्थिक सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि अगली पीढ़ी के सुधारों, नीतिगत स्थिरता, सुशासन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एसआईआर की समय सीमा बढ़ाने पर विचार करे आयोग

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग से उत्तर प्रदेश और केरल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए समय सीमा बढ़ाने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर विचार करने को कहा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बताया कि अकेले उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची से 25 लाख नाम हटा दिए गए हैं। सिब्बल ने कहा कुछ मामलों में पति का नाम तो है लेकिन पत्नी का नहीं है। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि मतदाता



सूची संशोधन की समयसीमा भी समाप्त हो रही है। आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने इन दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि ये मामले निर्वाचन आयोग पर छोड़ दिए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि समयसीमा पहले ही बढ़ाई जा चुकी है। मामले में एक वकील ने जल्दबाजी पर सवाल उठाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 में होने हैं और फिर भी निर्वाचन आयोग पर्याप्त समय नहीं दे रहा है। पीठ ने दलीलों पर गौर किया और निर्वाचन आयोग को जमीनी हकीकत को ध्यान में रखते हुए समयसीमा बढ़ाने के अनुरोध वाले किसी भी आवेदन पर सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लेने को कहा।

## संक्षेप

### स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाने वाले मूर्तिकार राम सुतार का निधन

नोएडा/मुंबई। केवड़िया स्थित विशालकाय स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और संसद परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिष्ठित प्रतिमा सहित कई ऐतिहासिक प्रतिमाओं के निर्माता प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार का बुधवार देर रात नोएडा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। सुतार के पुत्र अनिल सुतार ने बताया कि उनकी आयु 100 वर्ष थी और वह उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे। मूर्तिकार राम सुतार के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित देश की कई प्रमुख हस्तियों ने शोक व्यक्त किया और कहा कि उनकी रचनाएं भारत के इतिहास और संस्कृति की प्रभावशाली अभिव्यक्ति है। स्टैच्यू मैन के नाम से प्रसिद्ध सुतार अपने अंतिम समय तक सक्रिय रहे।

### माता-पिता की हत्या कर शव के टुकड़े नदी में फेंके

जौनपुर। जिले में पारिवारिक विवाद को लेकर अपने बुजुर्ग माता-पिता की हत्या करने और उनके शवों के टुकड़े-टुकड़े कर गोमती नदी में फेंकने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि घटना जाफराबाद पुलिस थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव में हुई। आरोपी अंबेश ने पैसों और पारिवारिक मुद्दों को लेकर हुए विवाद के बाद अपने पिता श्याम बहादुर (61) और मां बबीता (58) की हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी ने आठ दिसंबर की रात को सबसे पहले अपनी मां पर मसाले पीसने वाले सिलबट्टे के बट्टे से हमला किया। जब उसके पिता ने बीच-बचाव किया और पुलिस को बुलाने की कोशिश की, तो उसने उसी वस्तु से उनके सिर पर वार किया और बाद में रस्सी से गला घोंटकर उनकी हत्या कर दी। श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी ने बाद में लोहे की छड़ काटने वाली आरी से शवों के टुकड़े-टुकड़े किए, उन्हें छह प्लास्टिक की बोरियों में भरकर अपनी कार से गोमती नदी में फेंक दिया। श्याम बहादुर रेलवे के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे।

### पांच जजों को हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने केंद्र सरकार से पांच अलग-अलग उच्च न्यायालयों में पांच न्यायाधीशों को मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की बृहस्पतिवार को सिफारिश की। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने दिन में हुई बैठक में यह निर्णय लिया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता को नौ जनवरी को वर्तमान मुख्य न्यायाधीश की सेवानिवृत्ति के बाद उत्तराखंड का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की गई है। मुंबई उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति रेवती पी मोहिते डेरे को मेघालय जबकि इसी अदालत के न्यायमूर्ति एमएस सोनाक को झारखंड उच्च न्यायालय में पदोन्नत करने की अनुशंसा की गई है।

# संस्कृति में होती है राष्ट्र की आत्मा : योगी

### मुख्यमंत्री योगी ने भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह का किया शुभारंभ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बात पर बल दिया कि राष्ट्र की आत्मा उसकी संस्कृति में होती है। उन्होंने कहा कि जैसे किसी मनुष्य की आत्मा उसके शरीर से संबंध तोड़ देती है तो शरीर निस्तेज हो जाता है, उसी प्रकार राष्ट्र के जीवन में भी होता है। किसी भी राष्ट्र की संस्कृति को उससे अलग कर दिया जाए तो राष्ट्र निस्तेज हो जाता है। वह खंडहर में परिवर्तित हो जाता है और अपनी पहचान को खो देता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम में कहा कि यह अवसर हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उनके अनुसार, भारत की कला, स्वर व लय ने अपनी पहचान को विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए जो निरंतरता दी उसी के बदौलत हमारी सनातन संस्कृति





विश्व में खुद को स्थापित करने और आगे बढ़ाने में सफल हुई है। उन्होंने कहा कि कलाकार की कला एक ईश्वरीय गुण है जिसकी हमें अवमानना नहीं करनी चाहिए। कलाकार किसी भी विधा से जुड़ा हो, उसे प्रोत्साहित करना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के शताब्दी महोत्सव के शुभारंभ पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी भारत की सांस्कृतिक चेतना, स्वर, लय और संस्कार को इस संस्थान ने एक नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय ने पिछले 100 वर्षों में भारतीय संगीत, नृत्य, नाट्य और ललित कलाओं को न केवल संरक्षित किया है, बल्कि उन्हें आधुनिक शैक्षणिक व्यवस्था से जोड़कर प्रतिष्ठित भी किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक संस्कृति कर्मी भी राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दिशा में भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय से जुड़े सभी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आज से

लखनऊ। विधानमंडल का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू हो रहा है। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर सदन में विशेष चर्चा होगी। सरकार के साथ समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दल ने तैयारी कर ली है। वहीं, सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय और कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई। सर्वदलीय बैठक में सभी दलीय नेताओं ने सदन की कार्यवाही को शालीनता एवं संसदीय मयार्दा के अनुरूप संचालित करने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।





इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान सभा देश की सबसे बड़ी विधान सभा है और इसकी कार्यवाही पूरे देश के विधान मंडलों के लिए एक मानक एवं आदर्श ...शेष पृष्ठ 14 पर

### कर्नाटक में नफरती भाषण पर रोक संबंधी विधेयक हुआ पारित

बेलगावी (कर्नाटक)। कर्नाटक विधानसभा ने बृहस्पतिवार को हंगामे के बीच नफरत फैलाने वाले भाषण पर रोक से संबंधित एक विधेयक पारित कर दिया। यह देश में इस तरह का पहला विधेयक है। भारतीय जनता पार्टी ने इस विधेयक को विपक्ष और मीडिया के खिलाफ ब्रह्मास्त्र करार देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य वोट बैंक की राजनीति करना है। भाजपा विधायकों के हंगामे के बीच सदन में घृणास्पद भाषण व घृणा अपराध विधेयक पारित कर दिया गया, जिसमें सरकार ने घृणास्पद भाषण के खिलाफ उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों का हवाला दिया। इस विधेयक में सात साल तक की जेल और एक लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। मंत्रिमंडल ने इस विधेयक को चार दिसंबर को मंजूरी दी थी और 10 दिसंबर को गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने इसे सदन में पेश किया था। बिल के अनुसार, ऐसी कोई भी अभिव्यक्ति, जो किसी भी पूर्वाग्रहपूर्ण हित को पूरा करने के लिए जीवित या मृत व्यक्ति, वर्ग या व्यक्तियों या समुदाय के समूह के खिलाफ चोट, असामंजस्य, शत्रुता, घृणा की भावना या दुर्भावना पैदा करने के इरादे से सार्वजनिक रूप से बोले गए या लिखित शब्दों में या संकेतों द्वारा प्रकाशित या प्रसारित की जाती है, वह घृणास्पद भाषण है।

## भारत ने उच्च सैन्य क्षमता का किया प्रदर्शन

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने वायुसेना के शीर्ष कमांडरों को किया संबोधित

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की उच्च-प्रभाव वाली सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया और पाकिस्तान स्थित कई आतंकी ठिकानों पर हमले के बाद पड़ोसी देश की गैर जिम्मेदाराना प्रतिक्रिया से निपटने के लिए भारतीय वायुसेना की सराहना की।

सिंह ने भारतीय वायुसेना के शीर्ष कमांडरों को संबोधित करते हुए वायुसेना को तकनीकी रूप से उन्नत, संचालन में चुस्त, रणनीतिक रूप से आत्मविश्वासी और भविष्य-केंद्रित बल बताया, जो लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में राष्ट्रीय हितों की रक्षा कर रहा है। रक्षामंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकी शिविरों को





नष्ट करने में भारतीय वायुसेना के साहस, गति और सटीकता की प्रशंसा की। सिंह ने निर्णायक बढ़त बनाए रखने के लिए दुश्मन की आक्रामक एवं रक्षात्मक क्षमताओं को गहराई से समझने के महत्व पर जोर देते हुए कमांडरों से ऑपरेशन सिंदूर से सबक लेने और भविष्य की हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का आह्वान भी किया। उन्होंने यहां वायुसेना कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, सामान्यतः जब ...शेष पृष्ठ 14 पर

### नौकरशाहों के लिए माननीय शब्द का उपयोग अनुचित

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के नौकरशाहों और अधिकारियों के लिए माननीय शब्द के इस्तेमाल पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए प्रमुख सचिव (राजस्व) को हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा कि किस कानून के तहत अपर आयुक्त (अपील) को माननीय अपर आयुक्त के तौर पर संदर्भित किया गया।

न्यायमूर्ति अजय भनोट और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की पीठ ने योगेश शर्मा नाम के व्यक्ति द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि यह संवैधानिक अधिकारियों और अदालतों की प्रतिष्ठा कम करने का एक सूक्ष्म लेकिन निश्चित तरीका है। हाल में यह रुख देखा गया जहां निचले स्तर से उच्चतम ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राजस्व में बढ़ोतरी सरकार की प्राथमिकता

### सीएम धामी ने राजस्व प्राप्ति की स्थिति के लिए समीक्षा बैठक को किया सम्बोधित

प्रमुख संवाददाता

देहरादून (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य के समग्र विकास के लिए राजस्व में बढ़ोतरी करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतः अब कर चोरी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एआई आधारित तकनीक का अधिकतम इस्तेमाल किया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी सचिवालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 की राजस्व प्राप्ति की स्थिति की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व वसूली बढ़ाने पर विशेष ध्यान देते हुए तय लक्ष्य समय पर पूरे किये जाएं। संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी एवं जिलाधिकारियों



द्वारा जनपदों में इसकी नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि निबंधन एवं रजिस्ट्रेशन से संबंधित सभी कार्यों का डिजिटाइजेशन किया जाए। सब रजिस्ट्रार कार्यालयों का जिलाधिकारियों एवं संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। रजिस्ट्री के दौरान संपति का उचित मूल्य दर्ज हो इसकी जांच के लिए संपतियों का स्थलीय निरीक्षण भी किया जा जाए।

प्रदेश से बाहर के वाहनों से ग्रीन सेस लेने की कार्यवाही में लेटलतीफी पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने परिवहन विभाग को ग्रीन सेस की वसूली जल्द शुरू करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए राज्य के हित में वन संपदा का सही उपयोग किया जाए। तराई क्षेत्रों में कमर्शियल प्लांटेशन तथा जड़ी-बूटियों के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए ठोस योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के समग्र विकास के ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 24.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 10.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- नये साल में डेढ़ लाख नौकरियों की सौगात देगी सरकार (पृष्ठ-02)
- रामकृष्ण मिशन ने सेवा कार्यों का बढ़ाया दायरा (पृष्ठ-02)
- रुपया 12 पैसे मजबूत होकर 90.26 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
- चांदी 1,800 चढ़कर 2.07 लाख रुपये प्रति किलो (पृष्ठ-14)
- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए एक नया प्रतीक चिन्ह (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** शिवराज सिंह ने पेश किया विधेयक, कांग्रेस पर बापू के आदर्श खत्म करने का लगाया आरोप

# लोस में विपक्षी हंगामे के बीच वीबी जी राम जी विधेयक पारित

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा ने बृहस्पतिवार को विपक्ष के विरोध के बीच विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025 को पारित कर दिया। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने बापू के आदर्शों को मार दिया, जबकि मोदी सरकार ने उन्हें जिंदा रखा है।

मनरेगा योजना की जगह नया विधेयक लाने और उसमें से महात्मा गांधी का नाम हटाने को लेकर विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए चौहान ने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025 के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार महात्मा गांधी के आदर्शों को लागू करने और विकसित गांव की बुनियाद पर विकसित भारत बनाने के लक्ष्य की दिशा में काम कर रही है। इससे पहले बुधवार को सदन में उक्त विधेयक पर देर रात तक चर्चा हुई और विपक्ष के



अधिकतर सदस्यों ने इसे विभाग संबंधी संसदीय स्थायी समिति को विचार-विमर्श के लिए भेजने की मांग की। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने बृहस्पतिवार को मंत्री के जवाब से पहले यह मांग फिर से उठाई जिसे आसन की ओर से अस्वीकार कर दिया गया। इसके बाद विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच चौहान ने अपना जवाब पूरा किया और उनके उत्तर के बाद सदन ने विपक्ष के कुछ सदस्यों के संशोधनों को खारिज करते हुए विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

इस दौरान आसन के समीप हंगामा कर रहे कुछ विपक्षी सदस्यों ने मंत्री के सामने कागज भी उछाले। चौहान ने कहा कि देश में 1960-61 में ग्रामीण जनशक्ति कार्यक्रम बनने से लेकर मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) तक समय-समय पर विभिन्न योजनाएं बनती रही हैं। उन्होंने कहा कि इनसे उद्देश्य पूरा नहीं होता या थोड़ा ही लक्ष्य पूरा होता है तो नई योजनाएं लाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के नाम में पहले महात्मा गांधी का नाम नहीं था और इसका नाम नरेगा था, लेकिन 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले वोटों के कारण कांग्रेस को बापू याद आ गए और उनका नाम जोड़ा गया। चौहान ने आरोप लगाया कांग्रेस नीत सरकार ने मनरेगा को भी ताकत के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संसद में परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी के प्रावधान वाला बिल पास

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद ने बृहस्पतिवार को परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति देने के प्रावधान वाले विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी। राज्यसभा ने भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025 को चर्चा एवं परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह के जवाब के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। उच्च सदन ने विपक्षी सदस्यों द्वारा पेश किए तमाम संशोधनों को भी ध्वनिमत से खारिज कर दिया।

लोकसभा इस विधेयक को कल ही पारित कर चुकी है। इससे पहले विधेयक पर चर्चा के दौरान जहां सत्ता पक्ष के सदस्यों ने विधेयक को ऐतिहासिक और 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण करार दिया वहीं विपक्ष ने आरोप लगाया कि इसमें आपूर्तिकर्ता के उत्तरदायित्व का प्रावधान नहीं है तथा यह संवेदनशील क्षेत्र में निजी कॉरपोरेट समूहों के लिए रास्ता खोलने वाला है। चर्चा का जवाब देते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस विधेयक में कुछ ऐसे प्रावधान हैं, जो पहले भी थे, लेकिन सत्तापक्ष का विरोध करने के चक्कर में विपक्षी सदस्य अपने समय के प्रावधानों का ही विरोध कर देते हैं। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र ...शेष पृष्ठ 14 पर

# एनएबीएच के जन-जागरूकता कार्यक्रम गुणवत्ता यात्रा का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ ने क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के सहयोग से 16 दिसंबर 2025 को एनएबीएच के जन-जागरूकता कार्यक्रम गुणवत्ता यात्रा का आयोजन किया। यह एक पैन-इंडिया पहल है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में गुणवत्ता के महत्व के प्रति स्वास्थ्य संस्थानों को संवेदनशील बनाना है। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास तथा उपाध्यक्ष सुश्री सोनाक्षी दास के संरक्षण में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. डॉ. नीता पासरिचा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। प्राचार्य महोदया ने मुख्य वक्ताओं– डॉ. अरीना होदा सिद्दीकी, प्रोफेसर, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, ऑटोनॉमस स्टेट मेडिकल कॉलेज, अमेठी; डॉ. अक्षत प्रसाद, प्रिंसिपल डेंटल असेसर, एनएबीएच तथा अंश राजपूत, एग्जीक्यूटिव, क्यूसीआई का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम बीबीडीयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) श्रीकृष्ण श्रीवास्तव जी की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के मानकीकरण हेतु एनएबीएच प्रमाणन के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रो. (डॉ.) अरीना होदा सिद्दीकी ने एनएबीएच प्रत्यायन प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स, क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के अंतर्गत कार्य करता है और स्वास्थ्य सेवा गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा में उत्कृष्टता का मानक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एनएबीएच प्रत्यायन स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए एक संरचित, मानकीकृत एवं साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण को दशार्ता है, जिससे अस्पताल और स्वास्थ्य संस्थान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत गुणवत्ता मानकों का निरंतर पालन सुनिश्चित करते हैं।

एनएबीएच की रोगी-केंद्रित विचारधारा पर बल देते हुए उन्होंने बताया कि यह प्रत्यायन रोगियों के अधिकारों की सुरक्षा, नैतिक चिकित्सीय प्रथाओं को बढ़ावा, सूचित सहमति सुनिश्चित करने, गोपनीयता बनाए रखने तथा स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और रोगियों के बीच पारदर्शी एवं प्रभावी संवाद को प्रोत्साहित करता है। ये सभी उपाय मिलकर रोगियों के विश्वास, भरोसे और समग्र संतुष्टि को बढ़ाते हैं।

उन्होंने आगे बताया कि क्यूसीआई और एनएबीएच नियमित आंतरिक एवं बाह्य ऑडिट, प्रणालीगत प्रदर्शन मूल्यांकन, जोखिम प्रबंधन रणनीतियों तथा नैदानिक एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की सतत निगरानी के माध्यम से निरंतर गुणवत्ता सुधार की संस्कृति को प्रोत्साहित करते हैं। एनएबीएच प्रत्यायन से दस्तावेजीकरण की बेहतर प्रथाएँ, मानक संचालन प्रक्रियाएँ, संक्रमण नियंत्रण प्रोटोकॉल, औषधि सुरक्षा तथा आपातकालीन तैयारी सुदृढ़ होती है, जिससे नैदानिक त्रुटियों में कमी आती है और रोगी परिणामों में सुधार होता है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बताया कि एनएबीएच प्रत्यायन को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है, जिससे अस्पतालों एवं क्लीनिकों की विश्वसनीयता, प्रतिष्ठा तथा प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। यह वैधानिक एवं नियामक आवश्यकताओं के कठोर अनुपालन को भी सुनिश्चित करता है, जिससे चिकित्सा-वैधानिक जोखिम कम होते हैं और संस्थागत जवाबदेही सुदृढ़ होती है। एनएबीएच -प्रत्यायित संस्थान सहयोग, बीमा पैनलमेंट तथा वैश्विक स्वास्थ्य सेवा स्वीकृति के लिए बेहतर स्थिति में होते हैं।

अपने निष्कर्ष में उन्होंने जोर देकर कहा कि एनएबीएच प्रत्यायन केवल एक प्रमाणन नहीं, बल्कि उत्कृष्टता, रोगी सुरक्षा, नैतिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने तथा निरंतर सुधार के प्रति एक प्रतिबद्धता है, जो स्वास्थ्य संस्थानों को वैश्विक गुणवत्ता मानकों के अनुरूप बनाती है। सत्र के पश्चात सभी प्रतिभागियों ने क्वालिटी भारत प्रतिज्ञा ली, जिसके माध्यम से उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता, सुरक्षा एवं उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के समापन पर माननीय कुलपति एवं प्राचार्य महोदया ने संपूर्ण क्यूसीआई टीम का सम्मान किया तथा देशभर में गुणवत्ता मानकों और रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने हेतु उनके प्रयासों की सराहना की।

# नये साल में डेढ़ लाख नौकरियों की सौगात देगी सरकार

## योगी सरकार के नाम दर्ज होगा 10 साल में 10 लाख सरकारी नौकरियां देने का रिकॉर्ड

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को अगले वर्ष बड़ा तोहफा देने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों से विभागवार सरकारी नौकरी के खाली पदों की डिटेल मांगी थी, ताकि खाली पदों पर नियुक्ति की जा सके।

योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा के बाद वर्ष 2026 में प्रदेश के युवाओं को डेढ़ लाख सरकारी नौकरी देने की अनुमति दे दी है। ये नौकरियां पुलिस, शिक्षा, राजस्व, आवास विकास समेत प्रदेश विभिन्न विभागों में दी जाएगी। इसमें सबसे अधिक पुलिस और शिक्षा विभाग में भर्तियां होंगी। इसी के साथ 2026 में योगी सरकार के नाम सबसे अधिक सरकारी नौकरी देने का रिकार्ड भी दर्ज हो जाएगा। योगी सरकार प्रदेश में पहली सरकार होगी, जिसने दस वर्षों में दस लाख सरकारी नौकरी देने की सौगात दी।

सरकार ने पिछले साढ़े आठ वर्षों में प्रदेश के युवाओं को विभिन्न विभागों में साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी है। यह सभी भर्तियां पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से हुईं। इससे प्रदेश के युवाओं का योगी सरकार पर भरोसा मजबूत हुआ है। पहले की सरकारों में उत्तर प्रदेश में सरकारी भर्तियों में पारदर्शी माहौल नहीं था।

- **पुलिस और शिक्षा विभाग में 50-50 हजार और राजस्व में 20 हजार पदों पर होगी भर्ती**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सीएम योगी ने प्रदेश के विभिन्न विभागों के खाली पदों की जानकारी मांगी। सूत्रों की मानें तो योगी सरकार वर्ष 2026 में पुलिस और शिक्षा विभाग में करीब 50-50 हजार पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी करेगी। इसके साथ ही राजस्व में 20 हजार पदों पर भर्ती करेगी जबकि कारागार, आवास विकास, बाल विकास पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग में खाली पदों पर भी भर्ती करेगी। अलग अलग विभागों में भर्ती प्रक्रिया की विज्ञापन जाती करने के काम अंतिम चरण में है। कुछ विभागों में भर्ती प्रक्रिया शुरू भी हो चुकी है। प्रस्तावित भर्तियों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगले साल तक योगी सरकार पहली सरकार बन जाएगी जिसने दस साल में रिकॉर्ड दस लाख सरकारी नौकरियां दीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी देने के लिए पुलिस विभाग में अब तक 2.19 लाख पदों पर भर्ती की गयी है। इसी क्रम में सीएम योगी के निर्देश पर वर्ष 2026 में पुलिस विभाग की ओर से करीब 50 हजार पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया जाएगा। इसको लेकर अंतिम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वर्ष 2026 में पुलिस विभाग द्वारा 30 हजार आरक्षी, 5 हजार सब इंस्पेक्टर के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा विभाग में 15 हजार विभिन्न पदों पर भी भर्ती की जाएगी। वहीं,शिक्षा विभाग के आधिकारिक सूत्रों से पता चला है कि शिक्षा विभाग में भी करीब 50 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी। यह भर्ती सहायक अध्यापक से लेकर लेक्चरर, प्रधानाचार्य आदि पदों पर होगी। इसी तरह राजस्व विभाग में 20 हजार पदों पर भर्ती होगी, जिसमें सबसे ज्यादा लेखपालों के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य, आवास विकास, कारागार, बाल विकास पुष्टाहार समेत विभिन्न विभागों में 30 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी। अलग अलग आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कुल नई भर्तियां करीब डेढ़ लाख से ज्यादा होंगी।

# अटल जयंती शताब्दी समापन समारोह के अवसर पर 25 को चलेगा स्वच्छता अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने उन्हें अनोखी और सार्थक श्रद्धांजलि देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शानुसार 25 दिसंबर को पूरे प्रदेश में विशेष और व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से अटल जी के स्वच्छ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का संदेश दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई मंचों से कहा है कि अटल बिहारी वाजपेई जी केवल एक महान राजनेता ही नहीं, बल्कि सुशासन, राष्ट्रनिर्माण और सामाजिक चेतना के प्रतीक थे। ऐसे में यह स्वच्छता अभियान उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने, उनके विचारों और आदर्शों के प्रति सच्चा सम्मान होगा। इस प्रदेशव्यापी विशेष स्वच्छता अभियान की जिम्मेदारी स्थानीय नगर निकायों और पंचायती राज विभाग को सौंपी गई है।

स्थानीय नगर निकाय प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में अभियान को प्रभावी और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करेंगे। वहीं, पंचायती राज विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान की कमान संभालेगा, जिससे गांव-गांव तक स्वच्छता का संदेश पहुंचे। इस अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों, सड़कों, बाजारों, सरकारी भवनों, शिक्षण संस्थानों और ग्राम पंचायत परिसरों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

- **स्वच्छता अभियान से अटल के स्वच्छ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का दिया जायेगा संदेश**

जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संगठनों, युवाओं और आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। पूरे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर स्वच्छता के प्रति सामूहिक संकल्प को मजबूत करना है। साथ ही, नई पीढ़ी और नागरिकों को अटल जी के जीवन मूल्यों, राष्ट्रप्रेम, लोकतांत्रिक मयार्दाओं और सेवा भावना से प्रेरित करना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है। अटल जयंती शताब्दी समापन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य और जनपद स्तर पर कई आयोजन किए जाएंगे। जनपद स्तर पर 18 से 22 दिसंबर के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा, जिनमें निबंध लेखन, भाषण, चित्रकला, कविता पाठ आदि शामिल हैं। राज्य स्तर पर 25 दिसंबर को लखनऊ स्थित लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्कृति विभाग के तत्वावधान में 25 दिसंबर की शाम 6 बजे से 8 बजे तक उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित काव्य पाठ प्रतियोगिता के विजेता कवि अपनी प्रस्तुतियां देंगे, जिससे अटल जी के कवि व्यक्तित्व को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

# विशेष अपील में चुनौती पर पीठ के दोनों जजों के आदेश में हुआ मतभेद

- **कोआपरेटिव सोसायटी की जमीनें अपात्रों को देकर पैसा हड़प करने का मामला**
- **मामला बड़ी बेंच को भेजने के लिए चीफ जस्टिस को संदर्भित**

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने करोड़ो की जमीन अपात्रों को बैनामा करने और उसका पैसा हड़प कर जाने के मामले में बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड के पूर्व पदाधिकारियों के खिलाफ एकल पीठ द्वारा पारित आदेश और मामले की जांच यू पी विजिलेंस डिपार्टमेंट को देने के आदेश को चुनौती देते हुए दो जजों की पीठ के सामने दायर की गयी विशेष अपील पर दिये फैसले में दोनों जजों के बीच मतभेद के चलते उचित पीठ के गठन के लिए मामला चीफ जस्टिस को भेज दिया है। यह आदेश जस्टिस राजन राय व जस्टिस प्रशांत कुमार की पीठ ने प्रवीन सिंह बाफला की ओर से दाखिल विशेष अपील पर सुनवायी करते हुए पारित किया है। विशेष अपील में 20 अगस्त 2025 को एकल पीठ द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी गयी थी।



विशेष अपील पर आदेश सुनाते हुए जहां जस्टिस राजन राय ने एकल पीठ के आदेश पर शसर्त स्टे लगा दिया था वहीं पीठ के दूसरे जस्टिस प्रशांत कुमार ने एकल पीठ के आदेश को सही ठहराया था। दोनों जजों की बीच आदेश में मतभेद होने के कारण मामला नयी बेंच के गठन के लिए चीफ जस्टिस को भेज दिया गया है। दरअसल एकल पीठ ने सुनवायी के दौरान पाया था कि पूर्व पदाधिकारियों प्रवीन सिंह बाफिला और लाखन सिंह बलियानी ने अपना कार्यकाल खत्म होने के बाद भी अपात्र लोंगो जमीनें बैनामा कर दीं और उसका पैसा भी हजम कर गये। कोर्ट के दबाव में राज्य सरकार ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारम्भ किया था। एकल पीठ ने जाचं की प्रगति से असंतुष्टि प्रकट करते हुए मामला विजिलेंस को सौंप दिया था।

विशेष अपील में सुनवायी के दौरान के दौरान जस्टिस राय ने पाया था कि एकल पीठ ने अपने दायरे से बाहर जाकर आदेश दिया था जबकि जस्टिस कुमार ने कहा कि एकल पीठ का संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत याचिका में प्राथमिकी दर्ज कराये जाने की मांग संबधी प्रार्थना न होने पर भी न्यायहित में विजलेंस से जांच कराने का आदेश पारित करने को सही करार दिया था।

### समिति को सुनवाई का अधिकार

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि यदि किसी शैक्षणिक संस्था की प्रबंधन समिति प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक या शिक्षक के विरुद्ध सेवा से हटाने, बर्खास्तगी या पदावनति की संस्तुति करती है, तो जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा उस संस्तुति को अस्वीकृत करने से पूर्व संबंधित प्रबंधन समिति को पूर्व सूचना देकर प्रभावी एवं वास्तविक सुनवाई का अवसर देना अनिवार्य है। न्यायालय ने यह भी कहा है कि ऐसी सुनवाई मात्र औपचारिक नहीं, बल्कि सार्थक होनी चाहिए।

यह निर्णय न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने चुटकी भंडार गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। मामला लखनऊ स्थित चुटकी भंडार गर्ल्स इंटर कॉलेज का है, जहां प्रबंधन समिति ने प्रधानाचार्य डॉ. सुमन शुक्ला के विरुद्ध विभागीय जांच के बाद सेवा से बर्खास्तगी की संस्तुति जिला विद्यालय निरीक्षक को भेजी थी। कहा गया था कि प्रधानाचार्य बनने के बाद उनका व्यवहार बहुत अशिष्ट हो गया तथा जब दूसरे वरिष्ठ शिक्षिका को प्रधानाचार्य का कार्यभार सौंपने को कहा गया दिया गया तो उन्होंने इंकार कर दिया व जबरन पद पर बनी रहीं। कहा गया कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रबंध समिति को सुने बिना ही उक्त संस्तुति को अस्वीकार कर दिया और अभिलेख वापस भेज दिए। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत को उद्धत करते हुए कहा कि कोई भी ऐसा आदेश, जिससे किसी पक्ष के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो, बिना सुनवाई के पारित नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने यह भी कहा कि प्रबंध समिति किसी भी शिक्षण संस्था के दिन-प्रतिदिन के प्रशासन में केंद्रीय भूमिका निभाती है और उसकी संस्तुति को अस्वीकार करने से पहले उसे अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर मिलना चाहिए।

# कभी घैला में बना था डंपिंग स्थल अब प्रेरणा दे रही हरियाली

**लखनऊ।** नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने नगर निगम लखनऊ सीमा क्षेत्र में नवनिर्मित राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का गुरुवार को निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा शेष बचे अवशेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। मंत्री ने कहा कि यह स्थल लखनऊ नगर के लिए एक प्रेरणादायी और उदाहरण प्रस्तुत करने वाला केंद्र बनेगा।

मंत्री श्री शर्मा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में वर्ष 2016 तक आईआईएम रोड, घैला स्थित स्थल एकमात्र डंपिंग स्थल था, जहां प्रतिदिन पूरे नगर से उत्सर्जित ठोस अपशिष्ट का परिवहन कर डंप किया जाता था। उस समय वैज्ञानिक निस्तारण की समुचित व्यवस्था उपलब्ध न होने के कारण घैला डंपिंग स्थल पर लगभग 6,33,911 मीट्रिक टन लिगेसी वेस्ट एकत्र हो गया था, जिससे पर्यावरण, भू-जल और आसपास के निवासियों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था।

- **स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में बड़ी पहल: शर्मा**

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने बताया कि लिगेसी वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण की प्रक्रिया अपनाते हुए इस पूरे क्षेत्र को कूड़ा मुक्त किया गया है और अब इसे राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल के रूप में विकसित कर भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्षों पुरानी समस्या का समाधान करते हुए यह कार्य स्वच्छ भारत मिशन की भावना को साकार करता है। मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि यह परियोजना केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और नगर के सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है।

# भारत के सेमीकंडक्टर मिशन को यूपी में मिलेगी गति

**लखनऊ।** भारत के सेमीकंडक्टर मिशन को उत्तर प्रदेश में एक नई गति और दिशा मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जिस आत्मनिर्भर और तकनीक आधारित अर्थव्यवस्था का विजन लेकर आगे बढ़ रही है उसकी मजबूत झलक एचसीएल और फॉक्सकॉन की संयुक्त ओसैट यूनिट के रूप में धरातल पर आने वाली है। सबसे प्रमुख विशेषता इसकी 20,000 वेफर्स प्रति माह की उत्पादन क्षमता है। यही क्षमता इस परियोजना को राष्ट्रीय स्तर पर रणनीतिक महत्व प्रदान करती है, और भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में इसे एक बड़ा कदम बनाती है। अधिकारियों का कहना है कि जनवरी के मध्य में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरिमनी संभावित है, उसके बाद परियोजना पर तेजी से काम होगा।

# खाद माफिया पर एनएसए, खेती के साथ खिलवाड़ अब 'सामान्य अपराध' नहीं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरकार ने खाद की कालाबाजारी के खिलाफ अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई करते हुए साफ संदेश दिया है कि खेती और किसान हितों से जुड़ा अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर खाद माफिया के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) जैसी कठोर कार्रवाई की जा रही है।

सरकार का मानना है कि उर्वरकों की कालाबाजारी केवल आपूर्ति या प्रशासनिक लापरवाही का मामला नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर खाद्य सुरक्षा, किसान की आजीविका और प्रदेश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा गंभीर अपराध है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो लोग किसानों को संकट में डालकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं, वे केवल कानून नहीं तोड़ रहे, बल्कि देश और प्रदेश की खाद्य सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे तत्वों को ह्यसामान्य अपराधी मानकर नहीं छोड़ा जाएगा। जरूरत पड़ी तो उनके खिलाफ एनएसए जैसी कठोर धाराएं लगाई जाएंगी, ताकि वे लंबे समय तक समाज के लिए खतरा न बन सकें। योगी सरकार ने खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी और ओवररेटिंग की शिकायतों पर त्वरित एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। अब केवल नोटिस या चेतावनी देकर मामले को ठंडे बस्ते में नहीं डाला जाएगा। जिला प्रशासन को अधिकार दिया गया है कि वह मौके पर ही सख्त कार्रवाई करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान को खाद के लिए दर-दर भटकना पड़े, यह सरकार के लिए स्वीकार्य नहीं है। अगर कहीं भी कालाबाजारी की सूचना मिलती है, तो संबंधित अधिकारी सीधे हस्तक्षेप करेंगे और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। सरकार ने खाद की आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सरप्राइज इंस्पेक्शन का तंत्र मजबूत किया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अब केवल दुकानदार ही नहीं, बल्कि निगरानी में लापरवाही बरतने वाले अफसर भी जवाबदेह होंगे। औचक निरीक्षण के दौरान स्टॉक, बिक्री रजिस्टर, दर सूची और वितरण प्रक्रिया की गहन जांच की जा रही है। यदि किसी स्तर पर मिलीभगत या आंख मूंदने की शिकायत सामने आती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई तय है।

- **उर्वरक कालाबाजारी खाद्य सुरक्षा और किसान हितों से जुड़ा गंभीर अपराध**
- **2 वर्षों में 5,000 खाद दुकानों का निरीक्षण, सैकड़ों लाइसेंस निलंबित और रद्द किये गये**

# रामकृष्ण मिशन ने सेवा कार्यों का बढ़ाया दायरा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारत की 127 वर्ष पूर्ण कर चुकी जानी मानी धमार्थ अन्तर्राष्ट्रीय संस्था जिसकी स्थापना स्वामी विववेकानंद ने अपने गुरू श्री रामकृष्ण परमहंस जिनका मूल मंत्र जीव सेवा ही शिव सेवा के मंत्र को मूर्त रूप देने के लिए की थी, ने भारत में अपने सेवा कार्यों का दायरा बढ़ाया है। जिससे अधिकाधिक जन कल्याण के कार्य संस्था द्वारा किए जा रहे हैं। गत वर्ष संस्था द्वारा पूरे देश में सेवा कार्यों पर रु. 1292 करोड रुपये खर्च किए गए, जो इस वर्ष बढ़कर 1670 करोड़ रू. हो गया है। रामकृष्ण मिशन की 116वीं वार्षिक आम बैठक बेलूड मठ, हावड़ा के मुख्यालय में आयोजित की गई। जिसमें रामकृष्ण मिशन के महासचिव स्वामी सुवीरानंद द्वारा विवेकानंद पॉलिक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ सहअन्य मिशन से संचालित अनन्य धर्मार्थ प्रतिष्ठानों के जनहितकारी कार्यो की प्रशंसा की गई। जनहित में सहयोग एवं उदारतापूर्वक वित्तीय सहायता के कारण ऐसी बड़ी उदार सेवाएं ही सम्भव है, जो अपार कृतज्ञता और हार्दिक प्रशंसा के योग्य हैं।

विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानंद ने बताया कि पूरे वर्ष के दौरान राहत एवं पुनर्वास 11.59 करोड़, सामान्य जन कल्याण 42.88 करोड़, चिकित्सा सेवा 600.54 करोड़, शैक्षणिक 743.17 करोड़, ग्रामीण एवं अदिवासी विकास 6.34 करोड़, प्रवचन एवं अन्य सेवाएं 240.95 करोड़ एवं साहित्य प्रकाशन 25.32 करोड़ लोगों को सेवा प्रदान की गई, जिस पर पूरे देश में रुपए 1670.79 करोड़ खर्च हुआ। इसके अलावा मिशन ने शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी व्यापक स्तर पर ग्रामीण एवं जनजातीय विकास के अलावा अन्य सराहनीय सेवाएं प्रदान की गई, जिनमें काफी संख्या में राहत एवं पुनर्वास गतिविधियां भी शामिल हैं।

# एसआईआर में समाजवादियों का वोट काटने के लिए अधिकारियों पर बना रहे दबाव : अखिलेश यादव

## सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि मुख्यमंत्री एसआईआर में समाजवादियों का वोट काटने के लिए अधिकारियों पर दबाव बना रहे है। मुख्यमंत्री जहां जा रहे हैं वहां अधिकारियों के कान में बात कर वोट काटने के लिए कह रहे हैं। कह रहे है कमी निकालिए और सपा के लोगों का वोट काटिए।

अखिलेश यादव ने कहा कि अभी निर्वाचन आयोग के आंकड़े नहीं आए है। हमारे पास भी आंकड़े नहीं आये आखिर मुख्यमंत्री को कैसे पता चल गया कि चार करोड़ वोट कट गये है। सुनने में आ रहा है कि भाजपा के नेता और विधायक रात में निजी कम्पनियों के साथ बैठकर चार करोड़ वोट बराबर करने के लिए हेराफेरी कर रहे है। उन्होंने कहा कि अगर चार करोड़ वोट कट गया तो 403 विधानसभा क्षेत्रों में हर जगह भाजपा का 84 हजार वोट कट गया है। यही भाजपा को हरायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा एसआईआर के बहाने वोट काटने की रणनीति बना रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी कह रही है, भाजपा वोट काट रही है। लोगों का वोट का अधिकार छीन रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि सच्चाई यह है कि यह एसआईआर नहीं एनआरसी है। अगर कल को एनआरसी होगा तो सरकार इसके अलावा और कौन सा कागज मांगेगी। भाजपा सरकार जो काम खुद नहीं कर पा रही है वह चुनाव आयोग के द्वारा करा रही है। चुनाव आयोग भाजपा सरकार से मिला हुआ है।

रामपुर में एक मां पर एफआईआर करना साबित करता है कि कुछ अधिकारी साजिश कर रहे है। हमें अपने पीडीए प्रहरियों पर गर्व है कि उन्होंनें जिम्मेदारी से काम किया है। वह बड़े पैमाने पर वोट बचा रहे हैं। हमें उम्मीद हैं वह सावधानी बरतेंगे। निगरानी भी करेंगे। भाजपा की साजिश षडयंत्र पर नजर रखकर वोट नहीं कटने देंगे। अब बिना नोटिस पहुंचे और स्पेलिंग की गलती से वोट काटने की साजिश हो रही है। उस पर भी सावधान रहना है।

सपा के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में गुरुवार को सपा विधानमंडल दल की बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की एकरंगी सरकार जनता के मुद्दों से डर गयी है।

# वनटांगिया, मुसहर, थारू, कोल, नट, बंजारों को मिला अपना घर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आदिवासियों, दैवीय आपदा पीड़ितों, दिव्यांगजनों और समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े वंचित वर्गों को रिकॉर्ड 3.72 लाख पक्के मकान आवंटित किए गए हैं। यह उपलब्धि सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिसमें विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की शुरूआत फरवरी 2018 में की गई थी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आवासहीन और अत्यंत जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक पक्का घर उपलब्ध कराना है। सरकार ने आवास आवंटन में स्पष्ट रूप से जरूरत और संवेदनशीलता को आधार बनाया है। दैवीय आपदा पीड़ितों को सर्वाधिक 93,300 पक्के मकान जबकि दिव्यांगजनों को 91,062 आवास आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा मुसहर समुदाय को 50,000 से अधिक आवास, निराश्रित विधवा महिलाओं को 41,000 से अधिक मकान आवंटित हुए। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि योगी सरकार की नजर उन वर्गों पर है, जो कई दशकों तक सरकारी योजनाओं से दूर रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वनटांगिया, मुसहर, थारू, कोल, सहरिया, चेरो, बैगा, नट और बंजारा जैसे अति पिछड़े और वंचित समुदायों को पहली बार बड़े पैमाने पर पक्का आवास उपलब्ध कराया गया है। ये वही वर्ग हैं, जो पहले केवल आंकड़ों में थे, लेकिन योजनाओं में नहीं।

- **प्रदेश में सरकार ने आवंटित किए रिकॉर्ड पौने चार लाख पक्के मकान**

संक्षेप

## युवती के अपहरण का केस दर्ज

प्रतापगढ़। क्षेत्र के एक गांव की युवती को बहला फुसलाकर युवक भगा ले गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती ग्यारह दिसंबर की शाम करीब पांच बजे उसकी उन्नीस वर्षीया पुत्री घर से शौच के लिए निकली थी। आरोप है कि इसी बीच मनोहरी का पुरवा सगरा सुंदरपुर लीलापुर निवासी रंजीत वर्मा पुत्र हरिशिव वर्मा युवती को शादी का झांसा देकर कहीं भगा ले गया। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## वारंटी गिरफ्तार, गया जेल

प्रतापगढ़। पुलिस ने वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सांगीपुर थाने के दरोगा मुसाफिर यादव गुरूवार को पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर वांछित वारण्टी अमेठी जनपद के महमदपुर गांव निवासी हरिकेश सरोज पुत्र सीरी सरोज को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया है। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछित को जेल भेज दिया गया है।

## चोरी की घटना से दहशत में पीड़ित परिवार, एसपी से गुहार

प्रतापगढ़। चोरी की घटना का खुलासा न होने से परेशान पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगायी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के बैजलपुर गांव निवासी अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह पुत्र विजयजीत सिंह ने एसपी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र के जरिए कहा है कि बीती उन्नीस नवंबर की रात घर में घुसे अज्ञात चोर घर से पचहत्तर हजार की नकदी व लाखों के जेवरात चुरा ले गये। घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया लेकिन घटना का खुलासा माह भर में भी नहीं कर सकी। इससे पीड़ित व परिवार में भय व दहशत बना हुआ है। पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगायी है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## थ्रेसर मशीन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। थ्रेसर मशीन में हाथ फंस जाने से गंभीर रूप से घायल अधेड़ की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव निवासी तिरपन वर्षीय शंकर वर्मा किसान था। वह गुरूवार को दोपहर खेत में थ्रेसर मशीन से मडाई कार्य कर रहा था। इसी बीच अचानक उसका हाथ थ्रेसर मशीन में फंसकर कट गया। हालत गंभीर होने से अधेड़ की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए मुख्यालय भेजवाया है। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। क्षेत्र के युवक की नोएडा में अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के मदनगढ़ बेलहा निवासी चौबीस वर्षीय पवन विश्वकर्मा पुत्र कमलेश विश्वकर्मा प्रतापगढ़ से दिल्ली चलने वाली बस पर काम करता था। परिजनों के अनुसार बीती चौदह दिसंबर को नोएडा के पास बस रूकने पर पवन खाना खाने के लिए सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे नोएडा स्थित हास्पिटल में भर्ती कराया। सुधार न होने पर परिजन उसे बीती सत्रह दिसंबर को इलाज के लिए एम्स रायबरेली ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में बछरावां के पास युवक की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मचा है। मृतक के पिता व बड़ा भाई अंजनी विश्वकर्मा मजदूरी करते हैं। घटना से परिजनों को रो रो कर बुराहाल है।

### नये साल में फोरलेन सड़कों और फ्लाईओवर का दिखेगा संजाल

# सीएम की मॉनिटरिंग से कार्यों में आई तेजी




गोरखपुर। नए साल में गोरखपुर में फोरलेन सड़कों और फ्लाईओवर का विशाल संजाल नजर आएगा। मार्च 2026 तक फोरलेन सड़कों से जुड़ी पांच महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूर्ण हो जाएंगी। इसी अवधि तक चार ओवरब्रिज-फ्लाईओवर भी बनकर हो तैयार हो जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की जा रही मॉनिटरिंग और समीक्षा से निर्माण कार्यों में तेजी आई है। अगले तीन-साढ़े तीन माह में पूरी होने वाली रोड कनेक्टिविटी से जुड़ी फोरलेन और ओवरब्रिज-फ्लाईओवर की परियोजनाओं से शहर के आंतरिक और वाह्य आवागमन को सुगम कर देंगी। देवरिया बाईपास इनमें सबसे पहले बनकर तैयार होने वाली फोरलेन सड़क होगी। देवरिया बाईपास रोड का फोरलेन में चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य मार्च 2023 में शुरू हुआ था और जनवरी 2026 के अंत तक इसे पूरा करने का लक्ष्य है। कुल 9.50 किमी लंबी सड़क को फोरलेन में परिवर्तित करने में 399.24 करोड़ रुपये की लागत आएगी। वर्तमान में निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति 95 फीसद है।

पैडलेगंज से फिराक गोरखपुरी चौक होते हुए बेतियाहाता चौराहे तक 1.80 किमी सड़क को भी फोरलेन बनाने का तेजी से हो रहा है। 277.78 करोड़ रुपये की लागत वाली इस फोरलेन सड़क परियोजना के मार्च 2026 तक पूरी तरह बन जाने की उम्मीद है। 11.60 किमी की लंबाई में भटहट से बांसस्थान मार्ग को 689.35 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन बनाया जा रहा है। इसका निर्माण मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके पूरी तरह बन जाने से आयुष विश्वविद्यालय आने-जाने वालों की यात्रा काफी आसान हो जाएगी।

नौसढ़ से पैडलेगंज की सड़क शहर की ऐसी पहली सड़क होगी जिसे सिक्सलेन में तब्दील किया जा रहा है। 5.10 किमी लंबे इस मार्ग पर करीब 94 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके निर्माण पर 297.29 करोड़ रुपये की लागत आएगी। कार्य मार्च 2026 तक पूरा किया जाना लक्षित है। जिला जेल बाईपास मार्ग को भी फोरलेन में चौड़ीकृत-सुदृढ़ीकृत करने का काम जारी है। 8.56 किमी लंबी इस सड़क को फोरलेन बनाने में 369.04 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। वर्तमान में निर्माण की भौतिक प्रगति 96 प्रतिशत है और मार्च 2026 तक इसे पूर्ण किया जाना है। इन सड़कों में से देवरिया बाईपास का निर्माण कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड द्वारा जबकि भटहट-बांसस्थान, नौसढ़-पैडलेगंज, जिला जेल बाईपास और पैडलेगंज-फिराक गोरखपुरी चौक मार्ग का लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड तीन द्वारा कराया जा रहा है। मार्च 2026 तक ये फ्लाईओवर व ओवरब्रिज बनकर हो जाएंगे तैयार -बरगदवा चौराहा से नकहा जंगल-मानीराम स्टेशनों के मध्य समपार संख्या 5ए पर ओवरब्रिज, लागत 152.19 करोड़ रुपये, पूर्ण करने का लक्ष्य जनवरी 2026, भौतिक प्रगति 97 प्रतिशत से अधिक। -चौरीचौरा-भोपा बाजार में समपार संख्या 147बी पर रेल ओवरब्रिज, लागत 49.22 करोड़ रुपये, पूर्ण करने का लक्ष्य फरवरी 2026, भौतिक प्रगति सेतु निगम भाग 98 प्रतिशत। -खजांची चौराहा पर फ्लाईओवर, लागत 96.50 करोड़ रुपये, पूर्ण करने का लक्ष्य जनवरी 2026, भौतिक प्रगति 98.84 प्रतिशत। -नौसढ़-पैडलेगंज मार्ग पर सिक्सलेन फ्लाईओवर तथा देवरिया बाईपास कनेक्टिंग फ्लाईओवर, लागत 429.49 करोड़ रुपये, पूर्ण करने का लक्ष्य जनवरी 2026, भौतिक प्रगति करीब 80 प्रतिशत।

## जरूरतमंदों की सेवा ही सबसे बड़ा पुनीत कार्य : ई. सरवन निषाद

चौरीचौरा, गोरखपुर। जरुरतमंदों की सेवा करना ही सबसे बड़ा इस धरती पर पुण्य होता है।हम सभी को इस पुनीत कार्य को तन मन से करना चाहिए। उक्त बातें विधानसभा चौरीचौरा के लोकप्रिय विधायक ई0 सरवन निषाद ने तहसील मुख्यालय पर कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि जरुरतमंदों की सेवा के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा। कड़ाके की ठंड को देखते हुए गुरुवार को तहसील मुख्यालय पर ठंड से बचाव के लिए जरुरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा चौरीचौरा के विधायक ई0 सरवन निषाद रहे। तहसील क्षेत्र में कार्यरत लेखपालों द्वारा गांव के जरुरतमंदों की दी गई सूची के अनुसार तहसील पर आये लोगों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन जेपी गुप्ता रहे। कंबल वितरण के दौरान उपजिलाधिकारी चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन जेपी गुप्ता ने कहा कि ठंड से बचाव के लिए जरुरतमंदों में कंबल वितरित किया गया है। सभी जरुरतमंदों में ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण किया जाएगा।

## इंडो-नेपाल सीमा पर पुलिस-एसएसबी की संयुक्त गश्त तेज



श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती में सीमा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल द्वारा इंडो-नेपाल सीमा पर संयुक्त गश्त, सतर्क निगरानी एवं सघन चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक श्री राहुल भाटी के निर्देशन में की जा रही है। इसी क्रम में थाना सिरसिया पुलिस एवं रइ की संयुक्त टीम द्वारा इंडो-नेपाल बॉर्डर के भैंसाही नाका पर पैदल गश्त की गई। वहीं थाना मल्हीपुर के चौकी असनहरिया क्षेत्र अंतर्गत सीमावर्ती ग्राम भरथा रोशनगढ़ स्थित इंडो-नेपाल सीमा के नो मेंस लैंड क्षेत्र के समीप भी पुलिस व रइ द्वारा पैदल गश्त कर सुरक्षा स्थिति का गहन निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीमों ने अन्य सीमावर्ती इलाकों में भी बॉर्डर पर लगातार पैदल गश्त करते हुए आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की। इस दौरान सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई तथा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। श्रावस्ती पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या वस्तु की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या डायल 112 पर दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## मदरसा अशरफिया में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया



मिश्रौलिया बनकटी। मदरसा अशरफिया बह्रुल उलूम, मिश्रौलिया बनकटी में विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस सादगी एवं उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिवस वर्ष 1992 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा अल्पसंख्यकों के अधिकारों से संबंधित घोषणा की स्मृति में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस अवसर पर मदरसा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मदरसा के शिक्षकगण, प्रबंधन समिति के सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मदरसा के प्रबंधक मौलाना मेराज हुसैन अशरफी ने भी सहभागिता की। अल्पसंख्यक अधिकारों पर मुख्य वक्तव्य मौलाना मोहम्मद अय्यूब मिसबाही ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां शासन व्यवस्था बहुमत के आधार पर चलती है, लेकिन संविधान अल्पसंख्यकों के अधिकारों की पूरी सुरक्षा करता है। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यकों को धर्म की स्वतंत्रता, शिक्षा का अधिकार, अभिव्यक्ति की आजादी तथा शांतिपूर्ण विरोध का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। कार्यक्रम का संपूर्ण संयोजन मौलाना जमाल अहमद रिजवी, प्रधानाचार्य मदरसा अशरफिया बह्रुल उलूम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर छात्रों का उत्साहवर्धन करने हेतु उन्हें पुरस्कार प्रदान किए गए। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में अधिकारों के प्रति जागरूकता, आपसी भाईचारा एवं परस्पर सम्मान की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## गोला के लघुनही की बेटी सुनेहा भुवनेश्वर में खेलेगी क्रिकेट

- गोरखपुर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट टीम में सुनेहा यादव का हुआ चयन



गोला, गोरखपुर। जनपद के दक्षिणांचल के ग्रामीणांचल की बेटी सुनेहा यादव भुवनेश्वर में क्रिकेट खेलकर अपनी प्रतिभा का जौहर बिखेरेगी। सुनेहा के गोरखपुर विश्वविद्यालय के महिला क्रिकेट टीम में चयनित होकर ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों में क्रिकेट खेल के प्रति रूचि बढा दिया। बता दें, आईआईटी भुवनेश्वर में पांच जनवरी से पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट आयोजन होगा। प्रतियोगिता में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर की महिला क्रिकेट टीम उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलने के लिए भाग लेगी। गोरखपुर विश्वविद्यालय की महिला क्रिकेट टीम में गोला क्षेत्र के लघुनही गांव की सुनेहा यादव पुत्री संतोष यादव चयनित हुई है। महिला क्रिकेटर सुनेहा बताया कि वह गोला स्थित आर एस क्रिकेट एकेडमी के डायरेक्टर व कोच विरेन्द्र मौर्या की देखरेख में प्रेक्टिस करती है। कोच समेत एकेडमी के सभी खिलाड़ी सुनेहा के चयन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कोच विरेन्द्र मौर्या ने बताया कि आर.एस क्रिकेट एकेडमी में बहुत से बच्चे क्रिकेट खेलकर जिला प्रदेश स्तर पर खेल रहे है।

## गोरखपुर महोत्सव की तैयारियों का डीएम ने की समीक्षा



गोरखपुर। गोरखपुर पर्यटन, संस्कृति, इकोटूरिज्म के विकास के दृष्टिगत जनवरी 2026 में 11 से 17 जनवरी 2026 तक चम्पा देवी पार्क में आयोजित होने वाले गोरखपुर महोत्सव की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी /उपाध्यक्ष गोरखपुर महोत्सव की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में बैठक कर अभी तक किये गये कार्यो की समीक्षा की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गोरखपुर महोत्सव के सफल संचालन के लिए सभी संबंधित विभाग अपनी सभी आवश्यक तैयारियां तय समय पर पूर्ण कर ले। उन्होंने कहा कि महोत्सव में प्रदर्शनी में लगने वाले स्टाल सुन्दर व अच्छे ढंग के लगे। उन्होने कहा कि गोरखपुर महोत्सव का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये तथा महोत्सव में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था भी सुनिश्चित किया जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि गोरखपुर महोत्सव की वेबसाइट को एक्टिव करते हुए उस पर महोत्सव की तिथियों का वर्णन कर व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। उन्होंने कहा कि गोरखपुर महोत्सव में गोरखपुर तथा आस पास के स्थानीय प्रतिभाओं को भी मंच प्रदान किया जाये। उन्होंने बताया कि गोरखपुर महोत्सव में पारम्परिक खेलकूद की प्रतियोगिताएं करायी जायेंगी, साथ ही माध्यमिक, उच्च माध्यमिक एंव उच्च शिक्षा स्तर पर बच्चों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम तथा अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, इसके साथ ही शिल्प मेला भी आयोजित होंगे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शास्वत्र त्रिपुरारी, उपाध्यक्ष गोरखपुर विकास प्राधिकरण आनन्द वर्धन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शीतलहरी में अलाव तलाशते दिखे राहगीर

प्रतापगढ़। शीतलहरी व घने कोहरे ने ठण्ड बढ़ा दी है। सर्द हवाओं के चलते ठण्ड से कांपते अलाव की खोज में राहगीर मायूस दिखे। तहसील लालगंज क्षेत्र में बीते कई दिनों से ठण्ड का प्रभाव दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। गुरूवार को सुबह से ही भगवान भास्कर बादलों के बीच में छिपे नजर आये। धूप न निकलने से ठण्ड का प्रभाव और बढ़ा नजर आया। वहीं कुहरे ने भी अपना असर दिखाया। जिसके चलते कामकाज को लेकर पैदल दुपहिया, आटो, ईरिक्शा व बाइक आदि से निकले राहगीर गलन भरी ठण्ड से कंपकपाते दिखे। वहीं क्षेत्र की प्रमुख बाजारों में अपवाद को छोड़कर अलाव की व्यवस्था नदारद दिखने से लोग ठण्ड से बचाव को लेकर हलाकान भी नजर आये। क्षेत्र के राजेश्वर नाथ, अरविन्द कुमार सरोज, रामदीन यादव, त्रिलोचन तिवारी, दिवाकर तिवारी, गुलाब मिश्र, अश्विनी कुमार, सूर्यकांत, राम भरोसे यादव, आदि ने रानीगंज कैथौला, रामपुर बावली, सांगीपुर, घुइसरनाथ धाम, राजापुर, अठेहा, सगरा सुन्दरपुर, लीलापुर, अजगरा आदि जगहों के प्रमुख स्थानों पर अलाव जलवाने की मांग उठाई है। ईओ लालगंज इंद्र प्रताप का कहना है कि नगर के चौक समेत चार स्थानों पर अलाव जलवाया गया है। कुल दस स्थान चिन्हित किये गये हैं जिन पर अलाव जलवाने की व्यवस्था की जा रही है।

## वकीलों के जान-माल की सुरक्षा करें सरकार

### अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा में सहयोग पर हुआ सम्मान कार्यक्रम



**लखनऊ।** आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन द्वारा गुरूवार को अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर प्रदेश में चल रही अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा में सहयोग के लिए साथियों को सम्मानित किया गया। हाईकोर्ट के एफ ब्लाक में हुए आयोजन में अधिवक्ताओं ने संसद में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को पारित कराए जाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की अगुवाई में संघर्ष जारी रखने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अवध बार एसोसिएसन के पूर्व महासचिव आरएस त्रिपाठी संघर्ष में प्रभावशाली भूमिका के लिए अधिवक्ताओं को एसोसिएसन की ओर से सम्मान पत्र सौंपकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर लखनऊ जिले समेत प्रदेश के कई जिलों में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा में साथियों का जोश संघर्ष को आगे बढ़ायेगा। एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने अपने संबोधन में कहा कि अधिवक्ताओं की जानमाल के हिफाजत की सरकार गारण्टी देने के साथ कल्याणकारी योजनाओं को फौरन अमल में लाये। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता विकास मिश्र एवं संयोजन एसोसिएसन के लखनऊ मण्डल अध्यक्ष आनन्द त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में शामिल अधिवक्ताओं का स्वागत करते हुए अधिवक्ता विशाल कुमार शर्मा ने सुरक्षा अधिनियम के संघर्षो पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन अधिवक्ता टीपी त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम को लखनऊ हाईकोर्ट बार एसोसिएसन में जूनियर कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता आराधना शुक्ला, आकांक्षा त्रिपाठी, नीलिमा शर्मा ने भी संबोधित करते हुए अधिवक्ताओं के समक्ष विभिन्न चुनौतियों को लेकर संघर्ष की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सुधीर कुमार मिश्र, प्रमेन्द्र कुमार सिंह, अश्विनी दुबे, अंकित सिंह, आयुष त्रिपाठी, सम्पूणार्नंद शुक्ला, तरूण मिश्र, आशीष पाठक आदि अधिवक्ता रहे।

## खेसरहा थाने में सीओ ने की अपराध समीक्षा



सिद्धार्थनगर- जिले के बासी सर्किल में तैनात पुलिस क्षेत्राधिकारी रोहिणी यादव ने बुधवार को थाना खेसरहा में अपराध समीक्षा एवं अर्दली रूम गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी ने बीते मामलों के समयबद्ध निस्तारण, लंबित विवेचनाओं में तेजी लाने और जनशिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही करने पर जोर दिया। उन्होंने थाना स्टाफ को पुराने मामलों के जल्द निस्तारण को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। सीओ रोहिणी यादव ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पैदल गश्त बढ़ाने, साइबर अपराध रोकथाम को लेकर जागरूकता फैलाने तथा साक्ष्य के आधार पर विवेचना करने पर बल दिया। उन्होंने कानून व्यवस्था के तहत अपराधियों पर गैंगस्टर व गुण्डा अधिनियम सहित अन्य धाराओं में कठोर कार्यवाही के निर्देश भी दिए। सीओ ने बताया कि जनशिकायतों से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। अपराध नियंत्रण और आम जनता की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश भी दिया। इस गोष्ठी में थाना खेसरहा के थानाध्यक्ष अनुप कुमार मिश्र सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने समीक्षा बैठक के दौरान अपराध नियंत्रण से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।

## डीएम ने प्राइवेट खाद की दुकान का किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जनपद के प्राइवेट खाद की दुकान महालक्ष्मी कृषि सेवा केन्द्र जिगिनियहवा बांसी, त्रिपाठी कृषि सेवा केन्द्र पिपरा छंगत इटवा एवं मौर्या खाद भण्डार खरदेवरी खुनियांव का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी दुकानों पर स्टाक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर का मिलान किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बहुदेशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति गोल्हौरा/सोनफेरवा खुर्द, पकड़ियहवा कला विकास खण्ड बढ़नी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने समितियों के स्टाक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर का मिलान किया गया। सब जगह ठीक पाया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानों को खाद का वितरण निर्धारित दर पर किया जाये। किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये।

## दहेज हत्या के 5 आरोपी गिरफ्तार



सिद्धार्थ नगर - जिले की इटवा पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें मृतका का पति, सास, ससुर और दो ननदें शामिल हैं। सभी आरोपियों को गुरुवार, 18 दिसंबर 2025 को न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विवेक वर्मा (पति), श्याम सुंदर वर्मा (ससुर), विनीता (सास), अमृता वर्मा (ननद) और प्रिया वर्मा (ननद) के रूप में हुई है। ये सभी सिरसिया, थाना इटवा, जनपद सिद्धार्थनगर के निवासी हैं। उन्हें सुबह 10:15 बजे करहिया पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी इटवा प्रवीण प्रकाश के कुशल पर्यवेक्षण में थाना इटवा प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने यह गिरफ्तारी की। यह मामला थाना इटवा में मु0अ0सं0- 211/25 धारा 80(2)/85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट के तहत पंजीकृत था। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हेमराज वर्मा, हेड कांस्टेबल राकेश पटेल, कांस्टेबल रविश यादव और महिला कांस्टेबल साधना यादव शामिल थे।

## सीओ बांसी ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

जिला संवाददाता



बांसी सिद्धार्थनगर। पुलिस क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिणी यादव के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर जागरुक्ता अभियान के तहत थानाक्षेत्र बांसी के आइसा गर्ल्स इंटर कालेज नरकटहा तथा सिराजुद्दीन इंटर कॉलेज बहबोल मे जाकर छात्र/छात्राओं को जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन के दिए गए आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद के कुशल पर्यवेक्षण मे तथा रोहिणी यादव क्षेत्राधिकारी बांसी ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए 18.12.2025 को मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर जागरुक्ता अभियान के तहत थानाक्षेत्र बांसी के आइसा गर्ल्स इंटर कालेज नरकटहा तथा सिराजुद्दीन इंटर कॉलेज बहबोल में जाकर छात्र/छात्राओं को महिला सुरक्षा तथा साइबर जागरुक्ता अभियान के तहत जागरूक किया गया। नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के तहत छत्र/छात्रों को उनकी सुरक्षा से संबंधित महिलाओ की सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर देश के सामने एक नयी मिशाल बनाकर पेश करने हेतु जागरूक किया गया जिसमे विद्यालय के सभी छात्र /छात्राएं तथा अध्यापकगण और प्रधानाध्यापक की उपस्थित रही जिनके द्वारा इस कार्यक्रम को बहुत ही उपयोगी बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे आत्म विश्वास को मजबूत करते है तथा हमे अपने जीवन मे मजबूती के साथ सशक्त एवं निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। सार्वजनिक स्थलो जैसे चौराहो/बाजारो/कोचिंग संस्थान व को असमाजिक तत्वो व शोहदों/मनचलों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी/ अभ्रदता/अश्लील प्रदर्शन व टिप्पणिओ कि घटना से बचने हेतु सभी को शासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन पर संपर्क करें।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर- जिले के इटवा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी को करहिया पुल के पास से पकड़ा गया, जिसके बाद उसे कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय में पेश किया गया। इटवा थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म की शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस टीम ने संभावित ठिकानों पर दबिश दी और आरोपी की तलाश तेज की। सूचना मिलने पर पुलिस ने करहिया पुल के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुलाम गौस उर्फ पप्पू पुत्र बरकत अली के रूप में हुई है, जो इटवा कस्बे के टोला पहाड़ापुर का निवासी है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। इटवा थाने की पुलिस टीम ने इस मामले में सक्रियता से कार्रवाई की। स्थानीय लोगों ने इस गिरफ्तारी पर संतोष व्यक्त किया है। पुलिस ने बताया कि नाबालिगों के खिलाफ अपराधों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दोषियों को कानून के दायरे में लाने का आश्वासन दिया है।

# नगर पंचायत निघासन, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक सं0-848/न0पं0नि0/बायलॉज /2025-26 दिनांकः- 18/12/2025

उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत निघासन लखीमपुर खीरी अपनी बैठक दिनांकः- 16/09/2025 के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र की सीमा में घर/भवन/प्रतिष्ठान में ऑनसाइट सेनिटेशन सिस्टम (सेप्टिक टैंक/पिट/सोख्ता) के संग्रहण, ढुलाई और उससे जुड़े मामलों के लिए उपविधि नियमावली 2025 प्रस्तावित करती है। उपरोक्त नियमावली के धारा 301 के अन्तर्गत प्रकाशन के पश्चात, उसके किसी बिन्दु या सभी बिन्दुओं पर किसी व्यक्ति/समहू को आपत्ति हो या सुझाव हो तो अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव नगर पंचायत निघासन के कार्यालय में प्रकाशन तिथि के 15 दिन के अन्दर प्राप्त करा सकता है, जिसका नियमानुसार निस्तारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जायेगा परन्तु 15 दिन के बाद प्राप्त आपत्तियों व सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा नगर पंचायत निघासन प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों के निस्तारण के उपरान्त प्रस्तावित घर/भवन/प्रतिष्ठान में ऑनसाइट सेनिटेशन सिस्टम (सेप्टिक टैंक/पिट/सोख्ता) के संग्रहण, ढुलाई और उससे जुड़े मामलों के लिए उपविधि नियमावली-2025'' उ0प्र0 राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगीं।

**प्राधिकारः** ये उपविधि निम्नलिखित प्रावधानों को लागू करने वाला सक्षम ढांचा हैः

(क) उत्तर प्रदेश राज्य सेप्टेज प्रबंधन नीति, 2019
(ख) फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन की राष्ट्रीय नीति, 2017
(ग) सीपीएचईईओ मैनुअल ऑन सीवरेज और फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन 2013
(घ) मॉडल निर्माण उपविधि, 2016 तथा अन्य लागू भवन उपविधि
(ङ) प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट ऐज मैनुअल स्कैवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन ऐक्ट - 2013
(च) आईएस कोड 2470 भाग I और II 1985 (1996 रीअफर्म्ड)- सेप्टिक टैंक संस्थापित करने के लिए कार्य व्यवहार संहिता
(छ) केंद्रीय कानून, नियम और विनियमन पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986
(ज) जल (प्रदूषण पर रोक और नियंत्रण) अधिनियम, 1974
(झ) उत्तर प्रदेश के राजकीय कानून जैसे जल और स्वच्छता संबंधी, जैसे कि यू.पी. जल आपूर्ति एव सीवरेज अधिनियम, 1975 उत्तर प्रदेश जल संस्थान जलापूर्ति एवं सीवरेज उपविधि, 2008 तथा अन्य कोई प्रासंगिक राजकीय काननू।

**क्षेत्र (स्कोप)**

ये उपविधि नगर पंचायत निघासन की प्रशासनिक सीमा के भीतर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन में संलग्न सभी हितधारकों पर लागू होते हैं, जिसमे सेप्टिक टैंक वाले घरों के मालिक एवं उपयोगकर्ता, सेप्टिक टैंक सफाई ऑपरेटर तथा निकाय के उपचार और निस्तारण में संलग्न जवाब देह एजेंसियां शामिल हैं। यह उपविधि सभी सार्वजनिक, निजी, आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत, प्रस्तावित, नियोजित या निकाय नगर पंचायत निघासन खीरी भवनों पर लागू होगा।

**1. संक्षेप - शीर्षक, विस्तार और आरंभ**

(i). इन उपविधियों को फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन (FSSM) उपविधि, 2025' कहा जा सकता है।
(ii). ये उपविधि उत्तर प्रदेश राज-पत्र (गजट) में प्रकाशित होने की तारीख से नगर पंचायत निघासन खीरी में क्रियान्वित होंगे और निकाय की प्रशासकीय परीसीमा के अंदर लागू होंगी।

**2. परिभाषा**

**'एक्सेस कवर'** का अर्थ है निरीक्षण, सफाई तथा अन्य रखरखाव कार्य हेतु सेप्टिक टैंक / पिट में अंदर जाने के लिए छेद या रास्ता जिसको ढक्कन या आवरण से बंद किया हो;

**'अपेलेट बॉडी'** निकाय, शहरी स्वच्छता समिति, और/या, कोई अन्य संबंधित प्रासंगिक अधिकृत समिति के सदस्यों से मिल कर बना एक समूह है जिसका उद्देश्य उपविधियों से संबंधित किसी भी विवाद, अपील या मुद्दे का संबोधन करना है;

**''फीकल स्लज या सेप्टेज का को-ट्रीटमेंट''** उस प्रक्रिया को कहते हैं जिसमें सीवेज उपचार सुविधा (एसटीपी) में, शहरों के सीवर के जरिए से ले जाने वाले घरेलू सीवेज के उपचार के अलावा, विभिन्न ऑन-साइट स्वच्छता प्रणालियों के फीकल स्लज और सेप्टेज (एफएसएस) का भी उपचार किया जाता है;

**'को-ट्रीटमेंट फैसिलिटी'** का तात्पर्य है ऐसा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जिसमें फिकल स्लज के उपचार के लिए पर्याप्त प्रावधान उपलब्ध हो;

'विकेंद्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार (DWWT) प्रणाली' का तात्पर्य है ऐसी पद्धति से है जिसमें निजी आवासों, आवासीय संकुलों, एकल समुदायों, उद्योगों, संस्थानों या उत्पादन स्थल के निकट अपशिष्ट जल का संग्रहण, उपचार किया जाता है और निस्तारण/दुबारा इस्तेमाल योग्य बनाया जाता है। ये प्रणाली अपशिष्ट जल के तरल और ठोस दोनों घटकों के लिए प्रयुक्त होते हैं;

**'नियुक्त अधिकारी'** निकाय का ऐसा अधिकारी जिसे (नगर आयुक्त / अधिशाषी अधिकारी) द्वारा लाइसेंस जारी करने के लिए अथवा उसे सौंपे गए किसी अन्य कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया हो;

**'डिस्लजिंग'** का तात्पर्य है लाइसेंसधारी ऑपरेटर अथवा निकाय के प्रशिक्षित सफाई कर्मचारियों द्वारा सेप्टिक टैंक/पिट से फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने की प्रक्रिया;

**'निस्तारण'** का तात्पर्य है फीकल स्लज एवं सेप्टेज का अधिसूचित स्थान तक परिवहन एवं निर्वहन;

**'एफ्लूयंट'** का तात्पर्य है सेप्टिक टैंक से निकलने वाला अधिप्लावी (द्रव);

**'फीकल स्लज एवं सेप्टेज'** का तात्पर्य है सेप्टिक टैंक अथवा ऑनसाइट सेनिटेशन प्रणालियों में जमी हुई या नीचे बैठी हुई सामग्री;

**'फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (FSTP)'** का तात्पर्य है सुरक्षित निस्तारण और दुबारा इस्तेमाल के निर्धारित मानदंड के अनुदार ठोस और तरल घटकों को हटाने वाला स्वतंत्र फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपचार संयंत्र;

**'ग्रे वाटर'** का तात्पर्य है घरेलू अपशिष्ट जल से है जिसमें मानव मल नहीं होता। यह घर की सफाई से निकला पानी, रसोई और स्नानघर का पानी हो सकता है;

**'होस्ट यूएलबी'** का तात्पर्य है वह निकाय जो उपचार संयंत्र के संचालन और रखरखाव के लिए जिम्मेदार होता है और जो संयंत्र में निकटवर्ती निकाय के फीकल स्लज एवं सेप्टेज को उपचार की अनुमति देता है। अपनी अधिकतम क्षमता को हासिल करने तक होस्ट निकाय'होस्ट' बना रहेगा;

**'ईनसैनिटरी लेट्रिन्स'** का तात्पर्य उन शौचालयों से है जहां रात की मिट्टी (मल- कीचड़ ) को किसी मानव या जानवरों द्वारा ढोया या हटाया जाता है, तथा मल कीचड़ को खुली नालियों या गड्ढों में डाल दिया जाता है;

**'लाइसेंस'** का अर्थ है किसी व्यक्ति को दी गई लिखित अनुमति, जिसकी मंशा फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन सेवाओं को पूरा करना होती है, जिसमें उद्देश्य, समय अवधि, नाम, पता और मार्ग आदि का उल्लेख निकाय के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर के अंतर्गत किया जाता है;

**'लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर'** (लाइसेंसधारी) का अर्थ है ऐसा व्यक्ति जिसे फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने हेतु निकाय द्वारा पंजीकृत किया गया हो;

**'अधिसूचित स्थान'** का अर्थ होता है निकाय द्वारा परिभाषित और निर्धारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज की आपूर्ति और निस्तारण का स्थान;

**'ऑनसाइट सेनिटेशन सिस्टम (ओएसएस)'** ऐसी स्वच्छता प्रणाली है जो पूरी तरह से निजी / व्यावसायिक/सरकारी आवास और उसके आस-पास के भूखंड पर स्थित होता है। आमतौर पर, भूखंड पर स्वच्छता 'घरेलू शौचालय' के समान है, लेकिन इसमें एक ही भूखंड पर एक साथ रहने वाले कई परिवारों द्वारा साझा जाने वाली सुविधाएं हो सकती हैं;

**'ऑपरेटर'** का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने और उसके परिवहन के व्यवसाय में संलग्न है;

**'मालिक'** का अर्थ है वह व्यक्ति जो निकाय की सीमा के भीतर स्थित किसी भवन या उसके किसी हिस्से का मालिक हो;

**'व्यक्ति'** का तात्पर्य एक एसे व्यक्ति से है एक एजेंसी, एक ट्रस्ट, एक समाज, एक फर्म या एक कंपनी को संदर्भित करता है प्रासंगिक कानूनों के तहत निगमित कंपनी, व्यक्तियों का एक संघ या व्यक्ति का एक निकाय चाहे निगमित हो या नहीं;

**'सैनिटरी लेट्रिन्स'** का अर्थ होगा सेप्टिक टैंक अथवा कोई ओएसएस अथवा भूमिगत सीवरेज प्रणाली से जुड़े शौचालय और मूत्रालय के प्रकार और बनावट जो मल (अपचित मलमूत्र) के सुरक्षित परिरोधन और निस्तारण को सुनिश्चित करता हो, जिनमें से प्रत्येक का निर्माण निकाय द्वारा जारी किए गए डिजाइन विनिर्देश और दिशानिर्देश के अनुरूप नियमानुसार किया गया हो;

**'सेप्टिक टैंक'** भूमिगत निर्मित टैंक है जो आंशिक रूप से ठोस जमाव और अवायवीय पाचन के संयोजन द्वारा आंशिक रूप से फीकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार करता है, जिसका निर्माण आईएस कोड 2470 के डिजाइन विनिर्देश या निकाय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है।

**'शेड्यूल्ड डीस्लजिंग'** का अर्थ है केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन (सीपीएचईईओ) की अनुशंसाओं के आधार पर 2 - 3 वर्षों के अंतराल पर ओएसएस को नियमित रूप से खाली कराने की प्रक्रिया।

**'सेप्टेज'** का अर्थ है अच्छी तरह डिजायन किए हुए सेप्टिक टैंक से निकलने वाला फीकल स्लज।

**'सीवेज'** का अर्थ है ब्लैक और ग्रे पानी का मिश्रण है जिसे सीवरों के माध्यम से प्रवाहित किया जाता है। इसे वेस्ट वॉटर/ यूज्ड वॉटर भी कहा जाता है।

**'सीवर'** वो प्रणाली (सीवर लाइन / पाइप लाइन) जिसके माध्यम से समुदाय के अपशिष्ट जल को बहाया जाता है।

**'सीवेज पम्पिंग स्टेशन'** का अर्थ होता है शहर में सीवर नेटवर्क के पंप हाउस का भंडारण और संग्रह कक्ष, जहाँ से सीवेज यानी मल जल या अपवाह को निर्दिष्ट स्थान पर पंप करके भेजा जाता है।

**'सीवेज उपचार संयंत्र'** का अर्थ उस स्थान से है जहां सुरक्षित निस्तारण और दुबारा उपयोग के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार मल जल का उपचार किया जाता है।

**'निकाय के प्रशिक्षित सफाई कर्मी'** का अर्थ है निकाय के कर्मचारी या निकाय लाइसेंसी वैक्यूम टैंकर का इस्तेमाल कर फीकल स्लज एवं सेप्टेज की सफाई करने या उसे खाली करने और ढुलाई के उद्देश्य के लिए निकाय द्वारा नियुक्त और प्रशिक्षित अनुबंधित अथवा काम पर लिए गए कर्मचारी ।

**'परिवहन या ढुलाई'** का अर्थ है लाइसेंस धारी वाहन के माध्यम से (एफएसएस) निकालने के स्थान से निर्दिष्ट निस्तारण स्थल तक फीकल स्लज एवं सेप्टेज की सुरक्षित ढुलाई।

**'उपचार'** का अर्थ है प्रदूषण को कम करने या रोकने के लिए एफएसएस/मल जल/अपशिष्ट जल के भौतिक, रासायनिक या जैविक और रेडियोलॉजिकल विशेषता या संरचना को बदलने के लिए तैयार की गई कोई वैज्ञानिक पद्धति या प्रक्रिया।

**'उपचार सुविधा'** का अर्थ होगा निकाय में विनिर्देशों और दिशानिर्देशों के आधार पर बने अधिसूचित फीकल स्लज उपचार और निस्तारण हेतु निर्मित स्थल

**'यूएलबी क्लस्टर'** का अर्थ होगा होस्ट निकाय और इसके निकटस्थ यूएलबी / ग्राम पंचायत, जिन्हें शहर में स्थित उपचार संयंत्र में एफएस के सुरक्षित निस्तारण के लिए होस्ट निकाय जिसके साथ एमओयू की आवश्यकता होगी। ह्नकिनाय पंजीकृत (वैक्यूम) टैंकर का अर्थ ऐसे वैक्यूम टैंकर से है, जिसे निर्दिष्ट उद्देश्य पूरा करने हेतु निकाय द्वारा विधिवत पंजीकृत कराया गया हो, जिसे निकाय द्वारा निकाय क्षेत्र में फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने हेतु निकाय द्वारा पंजीकृत किया गया हो।

**'निर्वात टैंकर (वैक्यूम टैंकर)'** ऐसा वाहन होता है जिसमें एक पंप और टंकी होती है, जिसे साइट पर स्वच्छता प्रणालियों से फीकल स्लज एवं सेप्टेज को वैक्यूम की मदद से खींचने के लिए बनाया गया है। इन वाहनों का उपयोग सेप्टिक टैंक से निकाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज के परिवहन के लिए भी किया जाता है।

**'अपशिष्ट जल (वेस्ट वॉटर)/यूज्ड वॉटर'** का अर्थ घरेलू/व्यावसायिक अथवा अन्य मानवीय गतिविधियों से निकले तरल प्रवाह से है, जिसमें शौचालय, रसोई और सफाई कार्य से निकला पानी, लेकिन इसमें विनिर्माण और औद्योगिक गतिविधियों से निकलने वाला पानी शामिल नहीं है। आमतौर पर इस तरह के प्रवाह को वर्षा-जल नालियों के माध्यम से बहाया है, इस प्रकार इसमें तूफानी जल भी शामिल होता है।

**'कर्मी'** का अर्थ है लाइसेंसधारी ऑपरेटर द्वारा फीकल स्लज एवं सेप्टेज की फीकल स्लज निकासी, ढुलाई और निस्तारण के लिए नियुक्त व्यक्ति।

सभी अन्य शब्द और अभिव्यक्ति जो इन उपविधियों में प्रयुक्त हुए हैं और जो इन उपविधियों में परिभाषित नहीं किए गए हैं और जो यहां ऊपर भी परिभाषित नहीं हैं लेकिन जिन्हें अधिनियम में अथवा वर्तमान में लागू किसी अन्य कानून में परिभाषित किया गया है उनका अर्थ वही होगा जो अधिनियम या कानून के तहत क्रमशः उन्हें प्रदान किया गया है और उसके अभाव में उनका अर्थ वही होगा जो जलापूर्ति और मल जल उपचार / निस्तारन उद्योग में आमतौर पर समझा जाता है।

**ऑनसाइट स्वच्छता प्रणालियाँ**

**4. मालिक या अभिग्राही के कर्त्तव्य और अनुपालन**

निकाय के दायरे में स्थित किसी भवन या उसके हिस्से का मालिक या अभिग्राही, जैसा भी मामला हो, इन उपविधियों के लागू होने की तारीख से निम्नलिखित दायित्वों को पूरा करने के लिए जिम्मेदार होंगेः

i. उपविधियों के अनुसार प्राधिकार द्वारा जारी सूचना में निर्दिष्ट समय के भीतर वह ऐसे भवन में इंसेनिटरी लेट्रिन्स उपयोग को बंद कर देंगे और निकटवर्ती सामान्य नालियों या खुले भूखंड या जल निकायों के सभी निर्गम को भी बंद कर देंगे तथा अपने स्वामित्व वाले या अपने उपयोग किए जाने वाले भवनों में केवल सेनिटरी लेट्रिन्स का निर्माण, संचालन और उनका रखरखाव करेंगे।

**5. ओएसएस का डिजाइन, निर्माण और रखरखाव**

i. ओएसएस का डिजाइन, निर्माण और उनकी स्थापना 'आईएस कोड 2470 भाग 1 और 2' के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा, या इसके समय समय पर किए गए संशोधित प्रावधान अथवा नगर पालिका परिषद, रामपुर।या राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा जारी किसी अन्य स्वीकृत उपयुक्त अभियांत्रिकी कार्य संहिता द्वारा संशोधित किया गया हो।

ii. ओएसएस से जुड़ी संपत्ति के मालिक /निवासी ऐसे ओएसएस से निकलने वाले फीकल स्लज के अनुरक्षण, रखरखाव और सुरक्षित निस्तारण के लिए जिम्मेदार होंगे।

iii. परिसर का मालिक नगर पंचायत निघासन खीरी द्वारा निर्धारित लागत के भुगतान पर नियमित आधार पर (प्रत्येक 2-3 वर्ष में) फीकल स्लज साफ करने का काम करेगा। (अथवा जैसा कि परिशिष्ट 2 में सुझाया गया है)।

iv. परिसर का मालिक सुनिश्चित करेगा कि कंटेनमेंट संयंत्र के खराब या दोषपूर्ण निर्माण के कारण फीकल स्ल के खुली जगहों में या नाली में गिरने से पर्यावरण प्रदूषित नहीं हो।

V. परिसर के मालिक को यह सुनिश्चित करना होगा कि सेप्टिक टैंक को लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर या नगर पंचायत निघासन खीरी के प्रशिक्षित स्वच्छता कर्मियों द्वारा पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ यांत्रिक रूप से साफ किया जाता है और हाथ से सफाई ना हो।

vi. नियमों के पालन के लिए नगर पंचायत निघासन खीरी या उसके अधिकृत प्रतिनिधि को ही परिसर का निरीक्षण करने का अधिकार है। नगर पंचायत निघासन खीरी समय-सीमा के भीतर अपने खर्चे पर अपशिष्ट जल प्रबंधन और निस्तारण से संबंधित नियम उल्लंघन की स्थिति में सुधार / संशोधन के लिए परिसर के मालिक के लिए चेतावनी जारी कर सकता है।

vii. नगर पंचायत निघासन खीरी अपने विवेक पर, गैर-अनुपालन प्रणालियों के रेट्रोफिटिंग / सुधार के लिए संपत्ति मालिकों को प्रोत्साहन प्रदान कर सकता है और वैकल्पिक प्रणालियों का सुझाव देने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों को शामिल कर सकता है।

**फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रहण और ढुलाई के लिए लाइसेंस और पंजीकरण**

**6. निकाय द्वारा जारी किया जाने वाला लाइसेंस**

i. नगर पंचायत निघासन खीरी वर्तमान में अपनी प्रशासनिक सीमाओं में फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने की सेवाएँ प्रदान करने वाले निजी ऑपरेटरों के स्वामित्व वाले या किराए पर लिए गए वैक्यूम टैंकरों को पंजीकृत करेगा।

ii. नगर पंचायत निघासन खीरी अपने कर्मियों सहित ओपरेटरों के लिए आईईसी और क्षमता निर्माण गतिविधियाँ करेगा, जहां उन्हें फीकल स्लज एवं सेप्टेज को सुरक्षित तरीके से खाली करने और ढुलाई के लिए उपयुक्त तरीके से इस्तेमाल करने के लिए जागरुक और प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पंजीकरण की तिथि के 1 महीने के भीतर किया जाएगा।

iii. जब ऑपरेटर को लगे कि वह लाइसेंसिंग के मानदंडों के अनुपालन में सफल है, तो वह इन उपविधियों के फॉर्म 1 (परिशिष्ट-4) की मदद से इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसे प्रशिक्षण के पूरा होने के 2 महीने से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा।

iv. नगर पंचायत निघासन खीरी ऑपरेटर द्वारा अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज निकालने और फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई के लिए लाइसेंस जारी करेगा।

v. इन विनियमों के फॉर्म 2 (परिशिष्ट-5) में निर्धारित प्रारूप के अनुसार लाइसेंस जारी किया जाएगा, और यदि इसे पहले रद्द नहीं किया जाता है तो जारी होने की तिथि से एक वर्ष के लिए वैध होगा, और अवधि समाप्त होने पर निर्धारित शुल्क का भुगतान करने पर लाइसेंसधारी ऑपरेटर द्वारा नियमों और शर्तों की पूर्ति के अधीन नवीकरणीय होगा।

**7. लाइसेंस जारी करने की शर्तें**

i. लाइसेंस हासिल करने के पात्र आवेदक का अर्थ इन उपविधियों के खंड 2 (xxi) में परिभाषित ͞व्यक्तिͅ से होगा।

ii. आवेदक को उचित सक्शन / वैक्यूम और डिस्चार्जिंग व्यवस्था के साथ रिसाव - मुक्त, गंध और छिलकाव रहित परिवहन वाहन का मालिक होना चाहिए या ऐसा वाहन उसे किराए पर लेना चाहिए।

iii. नगर पंचायत निघासन खीरी में परिचालन के लिए वाहन का परिवहन विभाग द्वारा जारी वैध परमिट या पंजीकरण प्रमाणपत्र होगा।

iv. आवेदक अपने वैक्यूम टैंकर को नगर पंचायत निघासन खीरी के साथ पंजीकृत करेगा।

v. आवेदक का यह उत्तरदायित्व होगा कि उसके स्वामित्व वाले/किराए पर लिए गए वैक्यूम टैंकर इन विनियमों के खंड 16 में दिए गए मानदंडों को पूरा करते हैं।

vi. आवेदक का यह भी उत्तरदायित्व होगा कि नगर पंचायत निघासन खीरी या उसके द्वारा किराए पर ली गई एजेंसी द्वारा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त कर्मी पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित हैं।

vii. आवेदक द्वारा कर्मियों को सुरक्षा उपस्कर और अन्य सुरक्षात्मक उपकरणों से लैस रखा जाएगा, जो कि सुरक्षित रूप से फीकल स्लज निकालने, उसकी ढुलाई करने और अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निस्तारण करने के लिए आवश्यक हैं। जरूरी पीपीई इस उपनविधि के परिशिष्ट-3 में दी गई सूची के अनुसार होगा।

**8. लाइसेंस के लिए आवेदन**

फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने, परिवहन और निपटान हेतु लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवेदन एफएसएस का निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जो इन उपविधियों के फॉर्म 1 के रूप में संलग्न है, जिसमें नियमों और शर्तों सहित ऐसे दस्तावेजों के साथ जैसा कि निकाय के नामित अधिकारी (परिशिष्ट-4 देखें) द्वारा निर्धारित किया गया हो । [नगर पंचायत निघासन खीरी ] द्वारा सत्यापन एवं प्रशिक्षण के बाद ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का संग्रहण, परिवहन एवं निपटन का लाइसेंस ऑपरेटर को दिया जायेगा (फॉर्म-2, परिशिष्ट-5)।

**9. लाइसेंस के लिए आवेदन करने हेतु आमंत्रण**

लाइसेंस के लिए आवेदन करने हेतु नगर पंचायत निघासन खीरी द्वारा संभावित आवेदकों को आमंत्रित करते हुए समय-समय पर अपनी वेबसाइट पर और प्रमुख समाचार पत्रों तथा अन्य प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से व्यापक विज्ञापन दिया जाएगा।

**10. लाइसेंस के लिए पंजीकरण शुल्क**

नए निजी ऑपरेटरों (फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने वाला) के लिए लाइसेंस प्रदान करने हेतु पंजीकरण पूरा करने के लिए समय-समय पर नगर पंचायत निघासन खीरी द्वारा निर्धारित पंजीकरण शुल्क (10.1 देखें) लिया जा सकता है। यह शुल्क लौटाया नहीं जाएगा और इसका भुगतान इलेक्ट्रॉनिक या नगद स्वरूप में किया जा सकता है।

शेष भाग अगले पृष्ठ पर देखें

**10.1 पंजीकरण के शुल्क और वैधता**

i. ऑपरेटर के रूप में नए निजी ऑपरेटरों को पंजीकृत कराने हेतु पंजीकरण शुल्क रु. 2000

ii. पंजीकरण की वैधताः पंजीकृत निजी ऑपरेटर, लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क जमा करके अधिकतम 05 वर्षों तक शहर को अपनी सेवा दे सकता है। यदि निजी ऑपरेटर लाइसेंस नवीनीकरण करने में विफल रहता है तो उसका पंजीकरण स्वतः रद्द हो जाएगा और यदि वह शहर की सीमाओं में फीकल स्लज हटाने वाली सेवाओं को फिर से शुरू करना चाहता है तो उसे पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

iii. लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क : रु.1000

**11. लाइसेंसधारी ऑपरेटर का विज्ञापन**

नगर पंचायत निघासन खीरी द्वारा समय-समय पर अपनी वेबसाइट के साथ-साथ प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से लाइंसेसशुदा ऑपरेटर का व्यापक विज्ञापन दिया जाएगा।

**12. जागरुकता अभियान**

इन उपविधियों के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ फीकल स्लज एवं सेप्टेज की सफाई, ढुलाई और निस्तारण हेतु नगर पंचायत निघासन खीरी द्वारा लोगों को केवल लाइंसेसधारी ऑपरेटर को शामिल करने की आवश्यकता के बारे में जागरूक बनाने का अभियान चलाए जाएगा।

**फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निष्कासन / संग्रहण (डीस्लजिंग) और परिवहन (ढुलाई)**

**13. संपत्ति के मालिक या अभिग्राही द्वारा केवल लाइंसेसधारी ऑपरेटर को काम पर रखा जाएगा**

i. भवन के प्रत्येक मालिक/अभिग्राही का यह दायित्व होगा कि वह फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और ढुलाई के लिए नगर पालिका परिषद, रामपुर । के लाइसेंसधारी ऑपरेटर अथवा प्रशिक्षित सफाई कर्मियों की ही सेवाएं लें।

ii. मालिक/अधिभोगी डीस्लजिंग सेवा से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी ऑपरेटर को प्रदान करेगा (परिशिष्ट-6 देखें)।

**14. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी / ढुलाई का शुल्क**

i. समय-समय पर अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और ढुलाई का शुल्क निकाय के नामित अधिकारी द्वारा अधिसूचित किया जाएगा (परिशिष्ट 2 देखें)।

ii. शहर में जब कभी नगर पंचायत निघासन खीरी द्वारा ₹शेड्यूल्ड डीस्लजिंग₹ पालन करने का फैसला किया जाता है, तो फीकल स्लज निकासी शुल्क को 'सफाई शुल्क' से बदल दिया जाएगा या इसे संपत्ति/जल कर में शामिल किया जा सकता है, जिसे नगर पंचायत निघासन खीरी द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किया जाएगा।

iii. लाइसेंस धारी ऑपरेटर सम्पत्ति के मालिक / अभिग्राही से निकाय द्वारा समय-समय पर अधिसूचित शुल्क से अधिक राशि नहीं वसूलेगा।

iv. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी और ढुलाई कार्य के लिए अधिसूचित शुल्क से अधिक राशि मांगने पर लाइसेंस धारी ऑपरेटर का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा और इन उपविधियों के उल्लंघन के लिए निर्धारित जुमार्ना लगाया जाएगा।

**15. फीकल स्लज एवं सेटेज की ढुलाई के वाहन**

i. फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और ढुलाई कार्य केवल लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर या नगर पंचायत निघासन खीरी के प्रशिक्षित सफाई कर्मियों द्वारा ही किया जाएगा।

ii. आवश्यक शर्तों के पूरा नहीं होने पर भी वैक्यूम टैंकर को 1 वर्ष की अवधि के लिए पंजीकृत कराया जा सकता है। ऐसी स्थिति में, संबंधित ऑपरेटर को निश्चित समय सीमा के भीतर वैक्यूम टैंकर को समुन्नत अपग्रेड करना चाहिए।

iii. डीस्लजिंग वाहनों का परिचालन फीकल स्लज एवं सेप्टेज की सुरक्षित और कुशल ढुलाई के लिए समय-समय पर नगर पंचायत निघासन खीरी द्वारा चिह्नित निर्दिष्ट मार्गों पर ही किया जाएगा।

iv. ऑपरेटर को जारी लाइसेंस की एक प्रति और नगर पंचायत निघासन खीरी वाहन का पंजीकरण नंबर फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई हेतु प्रयुक्त वाहन पर स्पष्टता से प्रदर्शित किया जाएगा।

V. वाहन/टैंकर को पीले रंग से पेंट किया जाएगा जिस पर लाल रंग में (सावधानी के लिए) "septic tank waste” (अंग्रेजी में) और **‘मलकुंड अपशिष्ट’** (हिंदी में) लिखा होगा।

vi. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई में प्रयुक्त प्रत्येक वाहन में जीपीएस उपकरण (निकाय द्वारा प्रदत्त) लगाया जाएगा और इसका एक्सेस अधिकार [नगर आयुक्त या अधिशासी अधिकारी] और ऐसे वाहनों की ट्रैकिंग के लिए निकाय द्वारा अधिसूचित एजेंसी के पास होगा।

**16. ढुलाई के दौरान सावधानी**

लाइसेंस धारी ऑपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि निस्तारण के लिए डीस्लजिंग स्थल से अधिसूचित स्थान तक ढुलाई के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज से कोई रिसाव या छलकाव न हो।

**17. दुर्घटना की स्थिति में बचावकारी उपाय**

फीकल स्लज एवं सेप्टेज ले जाने वाला वाहन संचलन के दौरान किसी भी आकस्मिक छलकाव के कारण पर्यावरण के लिए किसी भी खतरे से बचने के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित होना चाहिए।

**18. दुर्घटना की स्थिति में लाइसेंसधारी ऑपरेटर की जिम्मेदारी**

किसी दुर्घटना या आपदा की स्थिति में लाइसेंसधारी ऑपरेटर किसी भी व्यक्ति, वाहन, संपत्ति या पर्यावरण को होने वाले किसी भी प्रकार के नुकसान के लिए पूर्ण जिम्मेदार होगा और ऐसे में यदि किसी प्राधिकारी अथवा न्यायालय द्वारा पीड़ितों / उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को किसी प्रकार के क्षति शुल्क या मुआवजा प्रदान किए जाने का निर्णय दिया जाता है तो उसका भुगतान उसे ही करना होगा।

**19. नियुक्त कर्मियों के लिए सुरक्षा - उपाय**

हाथ में रखकर इस्तेमाल होने वाले गैस - डिटेक्टर, गैस-मास्क, सुरक्षा उपकरण, ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ ऑक्सीजन-मास्क और प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स आदि के प्रावधान सहित सभी सुरक्षा उपाय तथा प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट एज मैनुअल स्केवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन एक्ट, 2013 में निर्दिष्ट ऐसे अन्य उपाय उपलब्ध कराने के लिए लाइसेंसधारी ऑपरेटर जिम्मेदार होगा।

**20. फीकल स्लज एवं सेटेज का निस्तारण**

i. लाइसेंसधारी ऑपरेटर नगर पंचायत निघासन खीरी द्वारा समय-समय पर अधिसूचित स्थानों पर ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निस्तारण करेगा।

ii. लाइसेंस धारी ऑपरेटर इन उपविधि के फॉर्म 3 में निर्धारित विधिवत हस्ताक्षरित फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और निस्तारण फॉर्म, जो विधिवत रूप से भरा गया और हस्ताक्षरित हो, अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए नामित निकाय के अधिकारी के पास जमा करेगा (परिशिष्ट-6 देखें)।

iii. होस्ट यूएलबी ये सुनिश्चित करेगा की उपचार सुविधा पर यूएलबी क्लस्टर या ग्राम पंचायत का पंजीकृत ऑपरेटर ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निस्तारण करे।

**21. निकाय (उपचार सुविधा वाले) के अधिकार**

i. निकाय किसी पास के निकाय या ग्राम पंचायतों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) (परिशिष्ट 7, फॉर्म-4) पर हस्ताक्षर करेगा और इसके तहत केंद्र पर उपलब्ध उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति देने के लिए होस्ट यूएलबी बन जाएगा।

ii. नगर पंचायत निघासन खीरी होस्ट यूएलबी से जुड़े यूएलबी क्लस्टर की सीमा के अंदर काम करने वाले (निजी/सरकारी) ऑपरेटर को उपचार सुविधा के परिचालन अवधि, निस्तारण प्रक्रिया, टिपिंग शुल्क और निर्दिष्ट अवधि के दौरान प्रतिबंधित किए गए वितरण मार्गों के बारे में सूचित करेगा।

iii. नगर पंचायत निघासन खीरी वैक्यूम टेंकर की गुणवत्ता और रखरखाव का निरीक्षण करेगा और उनपर नियंत्रण रखेगा।

iv. संग्रहीत किए जाने वाले और उपचार सुविधा पर ढोए जाने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज की गुणवत्ता का निरीक्षण नगर पंचायत निघासन खीरी द्वारा किया जाएगा।

V. होस्ट यूएलबी अन्य क्लस्टर यूएलबी या ग्राम पंचायत को फीकल स्लज एवं सेप्टेज की उस स्वीकार्य मात्रा के बारे में जानकारी देगा जिसे ‘उपचार सुविधा’ में निस्तारित किया जा सकता है।

vi. एमओयू अवधि के किसी भी समय, यदि ₹होस्ट यूएलबी₹ को लगे कि क्लस्टर यूएलबी / ग्राम पंचायत से आने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज को निस्तारित नहीं किया जा सकता है, तो ऐसी स्थिति आने से पहले होस्ट यूएलबी कम से कम 15 दिन पहले इसकी सूचना देगा।

**22. निकाय (बिना उपचार सुविधा वाला) के कर्त्तव्य**

i. निकाय या ग्राम पंचायत [जिनके पास उपचार सुविधा नहीं है उस नगर पंचायत निघासन खीरी] होस्ट यूएलबी के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगा और होस्ट यूएलबी के पास उपलब्ध उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण के लिए क्लस्टर यूएलबी का सदस्य बनेगा।

ii. निकाय या ग्राम पंचायत (जिनके पास उपचार संयंत्र नहीं है) अपने प्रशासनिक क्षेत्र में काम करने वाले (निजी/सरकारी) ऑपरेटरों को उपचार सुविधा की कार्य अवधि, निस्तारण प्रक्रिया, टिपिंग शुल्क (यदि कोई हो) निकाय द्वारा निर्धारित निर्दिष्ट घंटों के दौरान विशिष्ट आपूर्ति मार्ग के जानकारी देंगे।

iii. यदि निकाय होस्ट यूएलबी के क्लस्टर यूएलबी की स्पष्ट सीमा में नहीं है, तो निकाय उपचार के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए राज्य के पास पहुंच सकता है और फीकल स्लज एवं सेप्टेज के लिए एक अंतरिम निस्तारण स्थल विकसित कर सकता है।

iv. नगर पंचायत निघासन खीरी विनिर्दिष्ट वाहनों की गुणवत्ता और रखरखाव का निरीक्षण करेगा और उन पर नियंत्रण रखेगा।

V. होस्ट यूएलबी संग्रहीत किए जाने और निर्दिष्ट निस्तारण स्थल तक ढोए जाने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज की गुणवत्ता का निरीक्षण करेगा।

vi. यदि ‘होस्ट यूएलबी’ की क्षमता क्लस्टर यूएलबी के फीकल स्लज एवं सेप्टेज को निबटाने के लिए कम पड़ जाता है, तो नगर पालिका परिषद, रामपुर । को एक नए ‘होस्ट यूएलबी’ की खोज करनी चाहिए या नए ‘उपचार सुविधा’ के निर्माण के लिए केंद्र के पास अनुरोध भेजना चाहिए।

**23. कर्मियों का प्रशिक्षण**

लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर फीकल स्लज एवं सेप्टेज की फीकल स्लज निकासी, ढुलाई और निस्तारण में तैनात कर्मचारियों के सावधिक प्रशिक्षण के लिए उत्तरदायी होगा।

**24. कर्मियों की नियमित स्वास्थ्य जांच**

यह सुनिश्चित करने का दायित्व लाइसेंसधारी ऑपरेटर का होगा कि प्रत्येक नियुक्त कर्मी का साल में कम से कम एक बार स्वास्थ्य जांच होनी चाहिए और उसका रिकॉर्ड निकाय को दिया जना चाहिए, जिसमें विफल रहने पर लाइसेंसधारी ऑपरेटर को समय-समय पर अधिसूचित दंड का भुगतान करना पड़ सकता है।

**25. बीमा**

लाइसेंसधारी ऑपरेटर द्वारा काम पर रखे गए कर्मियों का प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट एज मैनुअल स्केवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन एक्ट, 2013 और 2003 की रिट याचिका संख्या 583 (सफाई कर्मचारी आंदोलन तथा अन्य बनाम भारत संघ तथा अन्य) में फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी, ढुलाई और निस्तारण की प्रक्रिया के दौरान दुर्घटना की स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 27-03-2014 के आदेश के तहत पीड़ितों अथवा उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को दिए जाने वाले मुआवजे को कवर करने के लिए बीमा किया जाएगा।

**26. लाइसेंस रद्द किया जाना**

इन उपविधि सहित हाथ से मैला ढोने वालों के रूप में रोजगार निषेध और उनका पुनर्वास एक्ट, 2013 के किसी भी प्रवधान के उल्लंघन के मामले में, लाइसेंस धारी ऑपरेटर समय-समय पर अधिसूचित दंड के भुगतान करने का भागी होगा, जिसमें लाइसेंस रद्द किया जाना और निष्पादन गारंटी का अपहार शामिल है जो शहरी स्वच्छता समिति (CSC) अथवा विनिर्दिष्ट अधिकारी (अधिकारियों) की सिफारिश के मुताबिक होगा।

**फीकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार और पुनः उपयोग / निस्तारण**

**27. उपचार / निस्तारण स्थल की पहचान**

i. नगर पंचायत निघासन खीरी उस स्थल (स्थलों) की पहचान करेगा और सूचित करेगा जहां लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर या नगर पालिका परिषद, रामपुर के प्रशिक्षित सफाई कर्मी द्वारा फीकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार/निस्तारण किया जाएगा।

ii. उपचार सुविधा के अभाव में नगर पंचायत निघासन खीरी आस पास के होस्ट यूएलबी जिसमे सुचारू उपचार सुविधा हो, उनके साथ समझौता ज्ञापन करके उसके सुविधा का इस्तेमाल करेगा (फॉर्म 4 परिशिष्ट 7)

iii. फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण हेतु नगर पंचायत निघासन खीरी के आसपास के क्षेत्र में ‘क्लस्टर यूएलबी’ की अनुपस्थिति की स्थिति में, उपचार के बुनियादी ढांचे (खंड 28) के निर्माण तक एक अंतरिम निस्तारण योजना का विकल्प चुना जा सकता है।

**28. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए अवसंरचना का निर्माण**

नगर पंचायत निघासन खीरी जरूरी आधारभूत ढांचा तैयार करेगा (यदि अनुप्रयोज्य हो तो आदर्श उपचार संयंत्र की व्यवस्था होने तक अंतरिम उपचार बुनियादी ढांचा भी) और पंजीकृत वाहनों द्वारा लाए गए फीकल स्लज एवं सेप्टेज के उपचार/निस्तारण की सुविधा के लिए अधिसूचित स्थल या स्थलों पर आवश्यक उपकरण प्रदान करेगा।

**29. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति**

i. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और इसे संबंधित उपचार सुविधा में स्थानांतरित करने के लिए नगर पंचायत निघासन खीरी द्वारा प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों (लिंग तटस्थ) को नियुक्त किया जाएगा। [यदि निकाय के पास उपचार सुविधा है यानी होस्ट यूएलबी]

ii. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और इसे अंतरिम ‘उपचार सुविधा’ में स्थानांतरित करने या इसे ‘होस्ट यूएलबी’ के ‘उपचार सुविधा’ में भेजने के लिए निकाय प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर पर्याप्त कर्मचारी (किसी भी लिंग का हो सकता है) नियुक्त करेगा । [ यदि निकाय के पास उपचार सुविधा नहीं है यानी आप क्लस्टर यूएलबी का हिस्सा हैं।

**30. फीकल स्लज एवं सेटेज प्राप्त करने का समय**

[निकाय (या फिर यदि लागू हो तो होस्ट यूएलबी)] द्वारा नियुक्त कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर समय- समय पर [निकाय (या होस्ट यूएलबी लागू हो)] द्वारा अधिसूचित अवधि के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त किया जाएगा।

**31. औद्योगिक अपशिष्ट जिनकी अनुमति नहीं है**

अधिसूचित स्थल पर औद्योगिक अपशिष्ट वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज के निस्तारण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**32. फीकल स्लज एवं सेटेज पर प्रशिक्षण**

नगर पंचायत निघासन खीरी द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को अधिसूचित स्थल पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और उपचार / निस्तारण करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

**33. उपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज का दुबारा इस्तेमाल**

निकाय किसानों को अनुपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज के कृषि अनुप्रयोग के स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेगा और उन्हें उपचार सुविधा से उपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज इस्तेमाल करने को प्रोत्साहित करेगा।

**प्रशासन और प्रवर्तन**

**34. प्रशासन और प्रवर्तन**

i. इन नियमों की प्रशासनिक और प्रवर्तक शक्तियाँ अधिशासी अधिकारी / अधिशासी अधिकारी द्वारा विधिवत अधिकृत निकाय के अभिहित अधिकारी के पास रहेंगी।

ii. नगर पंचायत निघासन खीरी फीकल स्लज की निकासी, ढुलाई या उपचार की सेवाएं प्रदान करने के लिए समय-समय पर निर्धारित और अधिसूचित उपयोगकर्ता शुल्क ( यूजर फीस) लगा सकता है। लागत वसूली सुनिश्चित करने के लिए, उपयोगकताओं को इन सेवाओं के लिए भुगतान करना होगा।

iii. नगर पंचायत निघासन खीरी शहरी स्वच्छता समिति (CSC) का गठन करेगा जो निकाय प्रशासनिक क्षेत्र में समग्र फीकल स्लज एवं सेप्टेज का पर्यवेक्षण और निगरानी सुनिश्चित करेगा।

iv. नगर पंचायत निघासन खीरी फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी ढुलाई के लिए सुरक्षित तरीके सुनिश्चित करने के लिए एक इमर्जन्सी रिसपोंस सैनिटेशन यूनिट (ईआरएसयू) नियुक्त करेगा।

**35. जांच के लिए विशेष शक्ति**

इन उपविधियों के प्रभावी तरीके से लागू करने और प्रवर्तन के उद्देश्य से, नगर पंचायत निघासन खीरी के पास किसी भी समय किसी भी परिसर में, परिवहन वाहनों और फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपचार सुविधा के निरीक्षण की शक्ति होगी।

**36. नियम उल्लंघन और जुमार्ना**

i. इन उपविधियों के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करने पर व्यक्ति को नियम अनुपालन के लिए नोटिस भेजा जाएगा।

ii. किसी भी व्यक्ति पर इन नियमों के तहत दंडात्मक प्रावधान लागू होंगे, यदि ऐसा व्यक्ति - (क) इन उपविधियों के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करता है या उसका पालन करने में विफल रहता है; (ख) इन विनियमों के तहत किसी भी शक्ति के प्रयोग या किसी कर्त्तव्य निष्पादन में निकाय के एक अधिकृत अधिकारी या अन्य अधिकारी के काम में बाधा डालता है, या हस्तक्षेप करता है; (ग) किसी भी ओएसएस / सीवर की हाथ से फीकल स्लज निकासी की प्रक्रिया संचालित कराता है।

iii. इन उपविधियों के प्रावधानों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को परिशिष्ट-8 में उल्लेखित राशि की सीमा तक दंडित किया जाएगा और उचित कानून के तहत मुकदमा चलाया जाएगा और जैसा भी मामला हो, दोषी पाए जाने की स्तिथि में एफ एस एस निकासी/ ढोने के वाहन भी जब्त हो सकता है।

iv. जो कोई भी, किसी भी मामले में, जिसमें दंड परिशिष्ट-8 में स्पष्ट रूप से प्रदान नहीं किया गया है, दोषी पाया जाता है, समय-समय पर नगर पंचायत निघासन खीरी द्वारा तय किए जाने वाले जुमार्ने के साथ दंडनीय होगा।

V. संदेह दूर करने के लिए, यह घोषित किया जाता है कि इन उपविधियों की कोई भी बात किसी भी व्यक्ति को उस समय लागू किसी अन्य प्रासंगिक अधिनियम या इन उपविधियों के तहत दंडनीय कोई कार्य के लिए या चूक के लिए उसके तहत मुकदमा चलाने, दंडित करने से नहीं रोकेगा।

**37. अपील**

निकाय के अधिकृत अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट कोई भी व्यक्ति इन उपविधियों के तहत अधिशासी अधिकारी पास इस तरह के निर्णय के विरुद्ध अपील (इन उपविधियों के फॉर्म 5 में संलग्न प्रारूप में) कर सकता है (परिशिष्ट-9 देखें)

**38. विवाद समाधान उपविधि**

इन उपविधियों के क्रियान्वयन के संदर्भ में उत्पन्न किसी भी विवाद का समाधान केवल शहर नगर पंचायत निघासन खीरी के अधिकार क्षेत्र वाले सक्षम न्यायालय द्वारा भारतीय कानूनों के तहत किया जाएगा।

**39. फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपविधियों में संशोधन**

मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए आवश्यकता पड़ने पर निकाय के पास फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपविधियों में संशोधन करने का अधिकार होगा।

**40. संदर्भ प्रलेख**

उपविधियों के क्रियान्वयन और लागू करने में सुविधा के लिए, इन विनियमों के परिशिष्ट-10 में प्रदान किए गए मानकों, रणनीतियों, मैनुअल, दिशानिदेर्शों और नीतियों की एक सूची का संदर्भ लिया जा सकता है।

**41. डीस्लजर के लिए सम्मान / पुरस्कार**

अच्छे काम और व्यवहार के लिए निकाय समय-समय पर प्रेरित करने और समग्र प्रशंसा हेतु अच्छे प्रदर्शन के लिए फीकल स्लज निकासी (डीस्लजिंग) ऑपरेटरोंके लिए सम्मान/पुरस्कार समारोह आयोजित कर सकता है।

**42. उपविधियों के लिए पूरक राज्य सरकार के निर्देश**

इन उपविधियों के प्रवर्तन में कठिनाइयों को दूर करने के लिए राज्य सरकार द्वारा फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संबंध में निर्देश जारी किया जा सकता है।

**शेष भाग अगले पृष्ठ पर देखें**

## परिशिष्ट-1

**(खंड 2 (xxiii), 3(iii) और 5 (i) देखें)**

**सेप्टिक टैंक का डिजाइन**

सेप्टिक टैंक स्थापित करने के लिए बीआईएस कार्य संहिता प्रदान करता है (आईएस 2470 [भाग 1] 1985)। सेप्टिक टैंक के निर्माण के लिए यह कुछ मान्यताओं के आधार पर डिजाइन मानदंड प्रदर्शित करता है। छोटे और बड़े क्षेत्रों के लिए यह आबादी को ध्यान में रखते हुए डिजाइन इंस्टॉलेशन का विवरण प्रदान करता है। केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी संगठन, एमओएचयूए के अनुसंधान प्रभाग द्वारा प्रकाशित सीवरेज और मलजल उपचार पर मैनुअल के भाग ए में ओएसएस पर व्यापक डिजाइन मानक दिए गए हैं। प्रचलित और सुरक्षित साइट स्वच्छता के लिए इस खंड में तकनीकों के मानक डिजाइन बताए गए है। साथ ही, भारत में सेप्टिक टैंक को आमतौर पर काले पानी के लिए ही हाइलाइट किया जाता है।

**सेप्टिक टैंक के विनिर्देशन**

आयताकारः लंबाई और चौड़ाई का अनुपातः 2 से 4

1. गहराईः 1.0 से 2.5 मी. के बीच
2. दो कक्षः पहला कक्ष कुल लंबाई का 2/3
3. तीन कक्षः पहला कक्ष कुल लंबाई का आधा
4. मशीन-छेद (मैनहोल) प्रत्येक कक्ष के ऊपर
5. निर्विवाद, टिकाऊ और स्थिर टैंक

**सेप्टिक टैंक का अनुशंसित आकार**

| उपयोगकर्ता की संख्या | लंबाई (मी.) | चौड़ाई (मी.) | द्रव की गहराई (सफाई अंतराल) (मी.) |
|---|---|---|---|
| | | | दो वर्ष |
| 5 | 1.5 | 0.75 | 1.05 |
| 10 | 2 | 0.90 | 1.40 |
| 15 | 2 | 0.90 | 2.00 |
| 20 | 2.3 | 1.10 | 1.80 |

**नोट-1:** सेप्टिक टैंक का आकार कुछ अनुमानों (तरल प्रवाह) पर आधारित होता है, सेप्टिक टैंक के आकार का चयन करते समय सटीक गणना की जानी चाहिए। इस बारे में जानकारी के लिए, कृपया बीआईएस 2470 (भाग 1), 1985 देखें।

**नोट-2:** फ्री बोर्ड के लिए 300 मिमी का प्रावधान रखना चाहिए।


**स्रोतः** सीवरेज और मलजल उपचार पर मैनुअल - भाग एः इंजीनियरिंग । सीपीएचईईओ, 2012

**सेप्टिक टैंक की क्षमता**

टैंक की क्षमता फीकल स्लज निकासी की अवधि को समझने में उपयोगी होती है, सेप्टिक टैंक की क्षमता मापने में निम्नलिखित प्रमुख बिंदुएं हैः

1. अवसादन (सेडीमेंटेशन): निलंबित ठोस पदार्थों के पर्याप्त अवसादन के लिए प्रत्येक 10 ली/मिनट की पीक दर से प्रवाह के लिए 0.92 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की आवश्यकता होती है। आम तौर पर, अवसादन क्षेत्र की गहराई 0.3 मीटर होती है।
2. फीकल स्लज डाइजेशनः डेऐजेशन जोन की क्षमता प्रति कैपिटा 0.032 होनी चाहिए ।
3. फीकल स्लज और मल भंडारणः फीकल स्लज सफाई के 1 साल के अंतराल के लिए, एक फीकल स्लज भंडारण क्षमता 0.0002*365 = 0.073 $m^3$/कैपिटा की आवश्यकता होती है।
4. फ्री बोर्डः कम से कम 0.3 मी.

**सेप्टिक टैंक का मानक डिजाइन**




## परिशिष्ट-2

(खंड 14 (i) और 5 (iii) देखें)

नगर पंचायत निघासन खीरी में फीकल स्लज निकासी और सेप्टेज की ढुलाई सेवा के लिए उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर फीस) की सूची (अनुमानित)

| क्र.सं. | श्रेणी | रु. में शुल्क की सीमा (प्रतिट्रिप) |
|---|---|---|
| 1. | कच्चाघर/झोंपड़ी | 350 |
| 2. | टिन शेड प्रकार काघर | 750 |
| 3. | सभी अन्य घर(पक्काघर) | 1000 |
| 4. | दुकान | 1500 |
| 5. | सभी सरकारी/निजी कार्यालय | 1800 |
| 6. | बैंक | 2000 |
| 7. | सामुदायिक शौचालय /सार्वजनिक शौचालय | 800 |
| 8. | रेस्टोरेंट | 2000 |
| 9. | होटल/गेस्ट हाउस (01 से 10 कमरे) | 2000 |
| 10. | होटल/गेस्ट हाउस (11 से 20 कमरे) | 2500 |
| 11. | होटल/गेस्ट हाउस (20 से अधिक कमरे) | 3000 |
| 12. | धर्मशाला (1 से 25 कमरे/ | 1200 |
| 13. | धर्मशाला (25 से अधिक कमरे) | 1800 |
| 14. | 3-स्टार होटल | 2800 |
| 15. | 5. स्टार होटल | 3500 |
| 16. | सरकारी स्कूल/कॉलेज ( 1000 छात्र तक) | 1000 |
| 17. | सरकारी स्कूल/कॉलेज (1000 से अधिक छात्र) | 1200 |
| 18. | निजी स्कूल/कॉलेज (1000 छात्र तक) | 1800 |
| 19. | निजी स्कूल/कॉलेज (1000 से अधिक छात्र) | 2500 |
| 20. | 2-व्हीलर वाहन शोरूम (बिना सर्विस सेंटर) | 2000 |
| 21. | 2-व्हीलर वाहन शोरूम (सर्विस सेंटर के साथ) | 2500 |
| 22. | 4-व्हीलर वाहन शोरूम (बिना सर्विस सेंटर) | 2500 |
| 23. | 4-व्हीलर वाहन शोरूम (सर्विस सेंटर के साथ) | 3500 |
| 24. | मल्टीप्लेक्स | 3500 |
| 25. | छात्रावास (01 से 10 कमरे) | 1500 |
| 26. | छात्रावास (11 से 20 कमरे) | 2000 |
| 27. | छात्रावास (21 से 50 कमरे) | 2500 |
| 28. | छात्रावास (50 से अधिक कमर) | 3000 |
| 29. | विवाह हॉल / बैंक्वेट हॉल | 2500 |
| 30. | बार | 2500 |
| 31. | सरकारी अस्पताल (20 बेड तक) | 1500 |
| 32. | सरकारी अस्पताल (20 से अधिक बेड) | 2500 |
| 33. | नर्सिंग होम/क्लीनिक (20 बेड तक) | 2000 |
| 34. | नर्सिंग होम / क्लीनिक (20 से अधिक बेड) | 2500 |
| 35. | पैथलॉजिकल लैब | 1500 |
| 36. | निजी अस्पताल (20 बिस्तर तक) | 2500 |
| 37. | निजी अस्पताल (21.50 बिस्तर तक) | 2500 |
| 38. | निजी अस्पताल (50 बिस्तर तक) | 3500 |
| 39. | राइस मिल/अन्य मिल | 2000 |
| 40. | क्षेत्र में कोई भी उद्योग | 3000 |
| 41. | क्षेत्र से बाहर कोई भी उद्योग | 5000 |

**स्रोतः** सेप्टेज प्रबंधन के लिए उत्तराखंड राज्य प्रोटोकॉल 2022 से एक संदर्भ लिया गया है।

**नोटः** 1 उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर फीस) की इन सीमाओं में निकाय द्वारा समय-समय पर संशोधन किया जा सकता है

2. उपरोक्त श्रेणियाँ प्रति 4000 लीटर फीकल स्लज एवं सेप्टेज सेप्टेज की निकासी पर आधारित हैं। रेंज की ऊपरी सीमा पर विचार करना चाहिए जब अन्य कचरे (पॉलीबैग की उच्च संख्या, निस्तारण किए गए कपड़े, सैनिटरी पैड, डायपर, कंडोम, प्लास्टिक की बोतलें, अन्य कचरे) को भी व्यापक तरीके से डाला गया हो।

## परिशिष्ट-3

**(खंडः 7 (vii) देखें)**

**बचाव उपस्कर और सुरक्षा उपकरण**

कार्य स्थल पर निम्नलिखित बचाव उपस्कर और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध होने चाहिए:-

i शरीर के सुरक्षा वस्त्र मुख्य रूप से पॉलिएस्टर से बने होते हैं, जो रिफ्लेक्टिव होते हैं और रासायन गिरने से शरीर की रक्षा करते हैं

ii शरीर की रक्षा सज्जा / सुरक्षा बेल्ट

iii सर्जिकल फेस मास्क/ रेस्पिरेटर जो धूल, धुएं, धुंध और जीवाणुओं आदि से बचाता है

iv सेफ्टी टॉर्च

v भारी रसायन प्रतिरोधी दस्ताने जो यांत्रिक बचाव और खतरनाक सामग्री के छलक कर गिरने से अतिरिक्त सुरक्षा देते हैं और ब्यूटाइल के बने होते हैं

vi संक्रामक पदार्थों को आंखों में जाने से रोकने के लिए रासायनिक छींटे झेलने की क्षमता वाले सेफ्टी गॉगल्स

vii टॉर्च के साथ लगे सेफ्टी हेलमेट (कॉर्डेड) जो अंधेरे में काम करने के लिए मददगार होता है

viii दुबारा इस्तेमाल होने वाला इयरप्लग, जो एक लचीले बैंड से अच्छी तरह जुड़ा होता है जिसे जरूरत न होने पर गर्दन के चारों ओर पहना जा सकता है। ये सिलिकॉन के बने होने चाहिए और वैक्यूम टैंकरों के आसपास उपयोगी होते हैं जहां औसत ध्वनि स्तर 85dBa से अधिक होता है

ix आपातकालीन मेडिकल ऑक्सीजन पुनर्जीवन किटQ

x गैस मॉनीटर

xi हेड लैंप

xii गाइड पाइप सेट

xiii सेफ्टी ट्राइपॉड सेट

xiv वेडर बूट

xv एयर कंप्रेसर और ब्लोअर

xvi मॉड्यूलर एयरलाइंस सप्लाई ट्रॉली सिस्टम

xvii रेनकोट

## परिशिष्ट-4

**(खंड 6 (iii) और 8 देखें)**

**नगर पंचायत निघासन जनपद -खीरी ।**

**Registration form ofr Private desludging Opetator**

**फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने वाले ऑपरेटर/ठेकेदार का निकाय मोहर के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं**

**फॉर्म 1 :** नगर पंचायत निघासन खीरी में फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रहण, परिवहन और निपटान के लिए लाइसेंस आवेदन पत्र

1. आवेदक का नाम : (श्री / सुश्री): -.................................................................................................
2. पताः
3. पंजीकृत .................................................................कार्यालय..........................................................का पताः ....................................................................................................................................................
4. टेलीफोन नंबरः (कार्यालय) ...................................................................................................
(मो.)-: ................................ईमेल आईडी : ....................................................................................
6.

**12**

| स. न | वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर | वाहनों का प्रकार (ट्रैक्टर-माउंटेड या ट्रक माउंटेड) | प्रतिरूप (मॉडल) संख्या | वैक्यूम टैंकरों/ टैंकर की छमता (लीटर में) | बीमा किस तारीख तक वैध है | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

7. लाइसेंस की प्रॉसेसिंग फीस के भुगतान का विवरणए नकद ..................................... (रसीद संख्या)
8. संलग्न प्रलेखों की सूची (स्व-प्रमाणित प्रति) (हां/नहीं)

| दस्तावेज के प्रकार | हां/नहीं | दस्तावेज के प्रकार | हां नहीं | दस्तावेज के प्रकार | हां नहीं |
|---|---|---|---|---|---|
| पहचान प्रमाण | | पता प्रमाण | | कर्मचारियों की सूची | |
| पंजीकरण प्रमाणपत्र | | फिटनेस सर्टिफिकेट | | बीमा और पॉलिसी अनुसूची के प्रमाण पत्र | |
| प्रदूषण प्रमाणपत्र | | ड्राइविंग लाइसेंस | | पासपोर्ट साइज फोटो | |

**अनुलग्नकों की कुल संख्या :-**

मैं/हम प्रमाणित करते हैं कि मेरे/हमारे द्वारा कॉलम 1 से 8 में दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है। मैं यह भी प्रमाणित करता हूं कि मैंने संलग्न नियमों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और उनका पालन करने के लिए सहमत हूं। मैं सहमत हूं कि यदि मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है तो लाइसेंस के लिए आवेदन किसी भी समय रद्द करने के लिए उत्तरदायी रहूँगा।

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**दिनांकः**...................................

**नियम और शर्तें**

1. फीकल स्लज एवं सेप्टेज को केवल एक यूएलबी द्वारा जारी लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर द्वारा ही संग्रहीत किया जाएगा और ढुलाई की जाएगी।
2. निर्दिष्ट उपचार संयंत्र तक फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रह और ढुलाई के लिए शुल्क यूएलबी द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाएगा। कोई भी अनुज्ञप्तिधारी ऑपरेटर घर/संपत्ति के मालिक से निर्धारित शुल्क से अधिक कोई राशि नहीं वसूलेगा।
3. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई यूएलबी द्वारा इस प्रयोजन के लिए अनुमोदित वाहनों द्वारा ही किया जाएगा।
4. लाइसेंसधारी ऑपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि संग्रह स्थल से निर्दिष्ट उपचार संयंत्र तक ढुलाई के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज का कोई रिसाव न हो।
5. फीकल स्लज एवं सेप्टेज ले जाने वाला वाहन संचलन के दौरान किसी भी आकस्मिक छलकाव के कारण पर्यावरण के लिए किसी भी खतरे से बचने के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित होना चाहिए।
6. अनुज्ञप्तिधारी केवल निर्दिष्ट शोधन संयंत्र में ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निपटान करेगा।
7. फीकल स्लज एवं सेप्टेज के परिवहन के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहन पर लाइसेंस की एक प्रति प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी।
8. वाहन/टैंकर कर को पीले रंग से पेंट कियाजाएगाजिस पर लालरंग में सावधानी के साथ ''septic tank waste'' (अंग्रेजी में) और ''मलकुंड अपशिष्ट'' (हिंदी में) लिखाहोगा।

.................**क्रमशः अगले पृष्ठ पर**

9. निर्दिष्ट उपचार संयंत्र सप्ताह में 6 दिनों पर 10 : am से 5: pm तक फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करेगा। ऑपरेटरों को तदनुसार अपने डीस्लजिंग संचालन की योजना बनानी चाहिए।
10. प्रभावी सफाई सेवाएं प्रदान करने और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए, तैनात कर्मचारियों के नियमित प्रशिक्षण के लिए लाइसेंसधारी जिम्मेदार होगा।
11. उपरोक्त बिंदुओं में से किसी के उल्लंघन के मामले मेंए लाइसेंस रद्द करने के लिए उत्तरदायी होगाए लाइसेंसधारक की सुरक्षा जब्त कर ली जाएगी और वह इन विनियमों के उल्लंघन के लिए निर्धारित दंड का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी होगा।

## परिशिष्ट-5

**खंड 6 (v) और 8 देखें**

**लाइसेंस प्रारूप**

### नगर पंचायत निघासन जनपद - खीरी ।

**फॉर्म 2 :** फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रहण, ढुलाई और निस्तारण हेतु लाइसेंस प्रदान करना

नगर पंचायत निघासन जनपद-खीरी में फीकल स्लज एवं सेप्टेज मल-कीचड़ और सेप्टेज के संग्रहण, ढुलाई और निस्तारण के लिए लाइसेंस इसके द्वारा अनुमति दी जाती है :

फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने वाले ऑपरेटर/ ठेकेदार का नियम मोहर के साथ एक पासपोर्ट

1. आवेदक का नामरू ( श्री/सुश्री ):- ____________________

2. पत्राचार का पताः ____________________

3. नगर पंचायत निघासन जनपद लखीमपुर-खीरी में फीकल स्लज/सेप्टेज प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए लाइसेंस संख्याः____________________

4. मान्यता ____________________ से ____________________ तक

5. वाहन ( वाहनों ) का रजिस्ट्रेशन नंबर रू (i)__________ (ii)__________ (iii)__________ (iv)__________

लाइसेंस, लाइसेंस धारक द्वारा पिछले पृष्ठ में बताई गई शर्तों के अनुपालन के अधीन होगा।

**जारी करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर**

### नियम और शर्तें

1. फीकल स्लज एवं सेप्टेज को केवल एक यूएलबी द्वारा जारी लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर द्वारा ही संग्रहीत किया जाएगा और ढुलाई की जाएगी।
2. निर्दिष्ट उपचार संयंत्र तक फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रह और ढुलाई के लिए शुल्क यूएलबी द्वारा समय. समय पर निर्धारित किया जाएगा। कोई भी अनुज्ञप्तिधारी ऑपरेटर घर/संपत्ति के मालिक से निर्धारित शुल्क से अधिक कोई राशि नहीं वसूलेगा।
3. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई यूएलबी द्वारा इस प्रयोजन के लिए अनुमोदित वाहनों द्वारा ही किया जाएगा।
4. लाइसेंसधारी ऑपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि संग्रह स्थल से निर्दिष्ट उपचार संयंत्र तक ढुलाई के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज का कोई रिसाव न हो।
5. फीकल स्लज एवं सेप्टेज ले जाने वाला वाहन संचलन के दौरान किसी भी आकस्मिक छलकाव के कारण पर्यावरण के लिए किसी भी खतरे से बचने के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित होना चाहिए।
6. अनुज्ञप्तिधारी केवल निर्दिष्ट शोधन संयंत्र में ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निपटान करेगा।
7. फीकल स्लज एवं सेप्टेज के परिवहन के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहन पर लाइसेंस की एक प्रति प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी।
8. वाहन/टैंकर कर को पीले रंग से पेंट किया जाएगा जिस पर लालरंग में सावधानी के साथ "septic tank waste" ( अंग्रेजी में ) और 'मलकुंड अपशिष्ट' ( हिंदी में ) लिखा होगा।
9. निर्दिष्ट उपचार संयंत्र सप्ताह में 06 दिनों पर 09 : 00 am से 6:00 pm तक फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करेगा। ऑपरेटरों को तदनुसार अपने डीस्लजिंग संचालन की योजना बनानी चाहिए।
10. प्रभावी सफाई सेवाएं प्रदान करने और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए तैनात कर्मचारियों के नियमित प्रशिक्षण के लिए लाइसेंसधारी जिम्मेदार होगा।
11. उपरोक्त बिंदुओं में से किसी के उल्लंघन के मामले मेंए लाइसेंस रद्द करने के लिए उत्तरदायी होगाए लाइसेंसधारक की सुरक्षा जब्त कर ली जाएगी और वह इन विनियमों के उल्लंघन के लिए निर्धारित दंड का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी होगा।

## परिशिष्ट-6

**(खंड 13 (ii), 20 (ii) देखें)**

### फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रह, परिवहन और निपटान का रिकॉर्ड

फॉर्म 3 : फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रहए परिवहन और निपटान का रिकॉर्ड

नगर पंचायत निघासन जनपद-खीरी में मल कीचड़ और सेप्टेज के संग्रहए परिवहन और निपटान का रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए

दिनांकः____________________ समयः____________________

**I ऑनसाइट सिस्टम के मालिक का विवरण**

1. नामः ____________________

2.पताः ____________________

( क ) वार्ड संख्याः ____________________ ( क ) टेलीफोन नं. ____________________

II. रोकथाम

1. निर्माण का वर्ष ____________________

2. पिछला कीचड़ निकालना (MM/YYYY ):. ____________________

3. आउटलेट मौजूद ( हां/नहीं ): ____________________

4. यदि हां, तो किससे जुड़ा हैः ____________________

5. रोकथाम के प्रकारः ( चेकबॉक्स में उपयुक्त विकल्प चुनें )

| रोकथाम के प्रकार | सही करें | रोकथाम के प्रकार | सही करें |
|---|---|---|---|
| सेप्टिक टैंक नि | | ट्विन पिट ( पंक्तिबध | |
| संग्रह टैंक | | ट्विन पिट ( अनलाइन्ड | |
| सोखता गड्ढे के साथ सेप्टिक टैंक | | पूरी तरह से अटे टैंक | |
| सिंगल पिट ( लाइंड ) | | सिंगल पिट ( अनलाइन ) | |

6. रोकथाम का आकार और आकारः नियंत्रण का प्रकार नियंत्रण का प्रकार टिक करें

7. संपत्ति के भीतर रोकथाम का स्थान ( चेकबॉक्स में नीचे उपयुक्त विकल्प चुनें )

| घर में स्थान | सही करें | घर में स्थान | सही करें |
|---|---|---|---|
| घर के पिछले हिस्से में | | एक कमरे के फर्श के नीचे | |
| घर के सामने की तरफ | | अन्य | |

III. कीचड़ साफ करना

1. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की मात्रा ( लीटर )

2. कीचड़ निकालने में लगने वाला समयः

3. ट्रिप की लंबाई ( किमी ):

4. आने-जाने में समयः

**IV. कीचड़ साफ करने वाले सेवा प्रदाता का विवरण**

ऑपरेटर का नामः

ड्यूटी पर खाली स्टाफ FSSTP ऑपरेटरः

**ड्यूटी पर टेंक सफाई स्टाफ के हस्ताक्षर** **उपचार सुविधा ऑपरेटर का हस्ताक्षर**

## परिशिष्ट-7

**( खंड 21 (i) और 27 (ii) देखें)**

**होस्ट यूएलबी तथा बिना उपचार संयंत्र वाले निकाय के बीच समझौता ज्ञापन प्रारूप**

**फॉर्म 4:** 'होस्ट यूएलबी' पर उपलब्ध 'उपचार संयंत्र' में फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति के लिए समझौता ज्ञापन।

होस्ट निकायके उपचार संयंत्र पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति हेतु निकाय ( नगर निगम/नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत ) और होस्ट निकाय ( होस्ट निकायका नाम ) के बीच समझौता ज्ञापन के लिए फॉर्म

फीकल स्लज एवं सेप्टेज एवं सेप्टेज प्रबंधन के तहत, एक्सवाईजेड निकाय ( संपर्क करने वाले नगर पंचायत निघासन झ खीरी ) की प्रशासनिक सीमाओं के भीतर घरों, सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालयों के नियंत्रण से आने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज और सेप्टेज ( फीकल स्लज एवं सेप्टेज ) के सुरक्षित निस्तारण हेतु जरूरी शर्तें पूरा करने के लिए, 'होस्ट यूएलबी' ( होस्ट निकाय का नाम ) के प्रशासन के तहत 'उपचार संयंत्र' पर, समझौता। प्रथम पक्ष 'होस्ट यूएलबी' ( होस्ट नगर पंचायत निघासन - खीरी )

द्वितीय पक्ष 'एक्सवायजेड यूएलबी' ( संपर्क करने वाले नगर पंचायत निघासन - खीरी )

**उपबंधः**

1. यह कि 'प्रथम पक्ष' दिनांक दिन/महीना/वर्ष ( प्रारंभ तारीख ) से दिन/महीना/वर्ष ( प्रारंभ तारीख ) तक 'द्वितीय पक्ष' की प्रशासनिक सीमाओं से उनके 'उपचार संयंत्र' पर आने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति देगा। /वर्ष ( अंतिम तिथि )
2. 'प्रथम पक्ष' अपने प्रशासनिक क्षेत्र से आने वाले भार से समझौता करने से बचने के लिए अपने 'उपचार संयंत्र' पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज की दैनिक अनुमत मात्रा की जानकारी देगा।
3. यह कि 'द्वितीय पक्ष' समझ के अनुसार 'प्रथम पक्ष' को फीकल स्लज एवं सेप्टेज के निस्तारण के प्रति खेप टिपिंग शुल्क के रूप में रु. xxx देने के लिए सहमत है।
4. यह कि ?प्रथम पक्ष? उपचार सुविधा के संचालन का समय, अनुमत पहुंच मार्ग, फीकल स्लज एवं सेप्टेज की अनुमत मात्रा, उपचार सुविधा का रखरखाव बंद आदि आवश्यक विवरण समय-समय पर साझा करेगा।
5. कि उपरोक्त कार्यों को करते समय बीच में आने वाली किसी भी कठिनाई को दोनों पक्ष मिलकर सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाएं।
6. कि 'द्वितीय पक्ष' केवल लाइसेंसधारी फीकल स्लज निकासी ऑपरेटर को प्रथम पक्ष की उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के निस्तारण की अनुमति देगा।
7. प्रथम पक्ष उपचार सुविधा में उनके लाइसेंस पर 'द्वितीय पक्ष' की मुहर के साथ लाइसेंसधारी ऑपरेटर का प्रवेश सुनिश्चित करेगी।

**प्रथम अधिशाषी अधिकारी का हस्ताक्षर** **द्वितीय पक्ष अधिशाषी अधिकारी का हस्ताक्षर**

## परिशिष्ट - 8

**जुमार्ना और फाइन**

| क्रम संख्या | विवरण | खंड संख्या | सांकेतिक फाइन सीमा (रू. में) | जुमार्ना (रू. या किसी अन्य पीनल एक्शन में) |
|---|---|---|---|---|
| 1.1 | नाला / सड़क / खुले क्षेत्र में अपशिष्ट जल का सीधा/असुरक्षित प्रवाह | 3 | 50-100 | |
| 1.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 3 | 50-100 | |
| 1.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 3 | 10-15 प्रति दिन | संपत्ति की जब्ती |
| 2.1 | ओएसएस का अवैज्ञानिक डिजायन और निर्माण | 5 | 100-150 | |
| 2.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 5 | 100-150 | |
| 2.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 5 | 10-15 प्रति दिन | संपत्ति की जब्ती |
| 3.1 | बिना निकाय पंजीकरण के वैक्यूम टैंकर परिचालित करना | 6 | 50-100 | |
| 3.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 6 | 50-100 | |
| 3.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 6 | 150-200 प्रति दिन | वाहन की जब्ती |
| 4.1 | आकस्मिक बिखराव में भाग लेने के लिए गैर-अनुपालन | 16,17 | 1000-1500 | |
| 4.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 16,17 | 1000-1500 | |
| 4.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 16,17 | 300 प्रति दिन | वाहन की जब्ती |
| 5.1 | एसटीपी से अनुपचारित FSS प्रवाहित करना | 27,28,33 | 5000-10000 | |
| 5.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 27,28,33 | 5000-10000 | |
| 5.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 27,28,33 | 1000-1500 प्रतिदिन | संपत्ति की जब्ती |
| 6.1 | निकायद्वारा अधिसूचित स्थल के अलावा अन्य स्थल पर अनुपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रवाहित करना | 6,7,14,27,28,29 | 5000-10000 | |
| 6.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 6,7,14,27,28,29 | 5000-10000 | |
| 6.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 6,7,14,27,28,29 | 1500-2000 प्रति दिन | वाहन की जब्ती |

**नोटः** जुमानें और जुमानें की उपरोक्त तालिका पर नगर स्वच्छता समिति के सदस्यों के बीच पहले चर्चा की जानी चाहिए। शहर में यूएलबी जिस स्तर की सख्ती का पालन करना चाहता है, उसके आधार पर इसे समय-समय पर संशोधित भी किया जा सकता है।

## परिशिष्ट- 9

**अपील हेतु ज्ञापन**

**(खंड 37 देखें)**

फॉर्म 5: अपेलेट बॉडी के पास अपील हेतु ज्ञापन, अपेलेट बॉडी के पास अपील हेतु ज्ञापन का फॉर्म, 'अपीली प्राधिकार के पास ____________________ ( पदनाम )

1. आवेदक का पूरा नाम : ____________________

2. आवेदक का पताः ____________________

3. नगर पालिका अधिकारी का विवरण जिसके आदेश के विरुद्ध अपील की गई

नामः____________________ पदः ____________________

4. उस आदेश के प्राप्त करने की तारीख जिसके विरुद्ध अपील की गईः ____________________

5. अपील दायर करने की तारीखः ____________________

6. सूचना विवरण

**क.** संक्षेप में अपील की विषय-वस्तु ( जिस आदेश के विरूद्ध अपील की गई है उसकी प्रति संलग्न करें )

____________________

____________________ ख. अपील का आधार ( इनमें से किसी का विवरण अलग शीट में संलग्न किया जाना है )

____________________

सत्यापन

मैं, ____________________ ( अपीलकर्ता का नाम )

पुत्र/पुत्री/पत्नी ____________________ एतदद्वारा घोषित करता/करती हूँ कि अपील में दिए गए विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं और मैंने किसी भी तथ्य को छुपाया नहीं है।

**अपीलकर्ता का हस्ताक्षर**

**शेष भाग अगले पृष्ठ पर देखें**

संक्षेप

## विश्वविद्यालय की कुलपति ने परीक्षाओं का किया औचक निरीक्षण

सीतापुर। लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 मनुका खन्ना ने गुरूवार को आरएमपी कालेज में चल रही परीक्षाओं को औचक निरीक्षण किया। ज्ञातव्य हो आज महाविद्यालय में एलएलबी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रही थी। परीक्षाओं की सुचिता और पारदर्शिता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों को आरएमपी महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। परीक्षा केन्द्र के समस्त कक्षों की उनके साथ आये सचल दल ने गहन तलाशी ली।

जिसमें मुख्य रूप से विश्वविद्यालय के चीफ प्राक्टर प्रो0 राकेश द्विवेदी, डा0 राहुल पांडेय, डा0 महेन्द्र अग्निहोत्री, डा0 आशीष केन्द्राध्यक्ष डा0 जयवीर सिंह ने बताया कि द्वितीय पाली की परीक्षा में 173 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसमें कुलपति ने स्वयं प्रत्येक कक्ष में जाकर निरीक्षण तथा एक भी परीक्षार्थी अनुचित साधन के प्रयोग के तहत नहीं पकड़ा गया।

# चोरी की मुर्गी व कार के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

जिला संवाददाता




**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** जनपद में अजीबो गरीब मामला सामने आया है। आपने अक्सर सुना होगा कि चोरों ने डाका डाला, लूट की, मंदिर का दान पात्र चुरा ले गए,लेकिन हम आपको उन्नाव के ऐसे वाक्या से रूबरू कराएंगे की आप भी कहेंगे कि खोदा पहाड़ निकली चुहिया...ये कैसे चोर, जिन्होंने न तो पैसे चुराए न तो कोई डाका डाला अगर चोरी की तो वो भी मुर्गियों की। कार सवार लोगों ने मुर्गी फार्म की जाली तोड़कर एक दो नहीं बल्कि 36 जिंदा मुर्गियों को चोरी कर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद एक्शन में आई पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए एक मुर्गी चोर को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार दिनांक 17 सितंबर को वादी मुकदमा शरीफ पुत्र सिद्दीक उम्र करीब 32 वर्ष निवासी मो0 सुभाष नगर पूर्वी कस्बा व थाना फतेहपुर चैरासी जनपद उन्नाव द्वारा थाना फतेहपुर चैरासी पर सफेद कार सवार तीन अज्ञात चोरों द्वारा मेरे मुर्गी फार्म की जाली तोड़कर मुर्गियां चुरा ले जाने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी। जिस पर थाना फतेहपुर चैरासी पर धारा 331(4), 305 बीएनएस पंजीकृत किया गया। उ0नि0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह मय पुलिस टीम द्वारा घटना का शीघ्र अनावरण करते हुये शातिर चोर सरोज पुत्र मक्का उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम चिरंजूपुरवा मजरा जाजामऊ थाना फतेहपुर चैरासी जनपद उन्नाव को मय सफेद स्विफ्ट डिजायर कार में भरी हुई 36 जीवित मुर्गी सहित बहादुरखेडा मोड से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह, का0 गौतम, का0 रोहताश, का0 तरूण चैधरी, का0 हिमांशु चैधरी शामिल रहे।

# योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्रों को मिलेः जिलाधिकारी

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति, जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय आरसेटी परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बैंकों के माध्यम से संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्रों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि पत्रावली किसी भी स्तर पर अनावश्यक रूप से लम्बित न रखी जाये तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने अस्वीकृत किये गये ऋण आवेदनों की जांच एक समिति गठित करते हुये कराये जाने के निर्देश भी दिये जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बैंक मानकों के अनुसार क्रेडिट रेशियों में सुधार करना सुनिश्चित करें। खराब क्रेडिट रेशियों वाले बैंकों को सुधार हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रोजगारपरक योजनाओं से संबंधित विभाग लक्ष्य के अनुरूप पत्रावलियां संबंधित शाखा को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें तथा उनका नियमित रूप से फालोअप भी करें, जिससे समय से ऋण आवेदन स्वीकृत हो सकें। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुये कहा कि लापरवाही बरतने वाले शाख प्रबंधकों के विरूद्ध राज्य स्तरीय बैंकिंग समिति को पत्र प्रेषित करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबंधकों को सम्मानित भी कराया जाये।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत बैंकों को प्रेषित पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि रोजगार सृजन हेतु यह अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है, इसलिये इसके क्रियान्वयन में कोई लापरवाही न की जाये। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप अधिक से अधिक रोजगार सृजन में बैंक अपना योगदान करें। उन्होंने एन0आर0एल0एम0 के अन्तर्गत भी पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने वर्ष 2026-27 हेतु नावार्ड द्वारा जारी सम्भावयता युक्त ऋण योजना का विमोचन भी किया।

## डीएम ने ओवरहाइट पर नियंत्रण के लिए हाइट गेज लगाने के निर्देश

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने किसान भाईयों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये समस्त अध्यासी प्रधान प्रबन्धक, चीनी मिलें जनपद सीतापुर को गन्नें से भरे ट्रकों में ओवरहाइट पर नियंत्रण हेतु मिल गेट के प्रवेश द्वार तथा क्रय केन्द्रों के रास्ते पर यथा आवश्यकता हाइट गेज लगाने के सख्त निर्देश दिये हैं। वर्तमान में चीनी मिलों में गन्ना पेराई का कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी तथा अन्य अधिकारियों के भ्रमण के दौरान पाया गया कि चीनी मिलों में गन्ना ढुलाई में प्रयुक्त ट्रकों द्वारा ओवरहाइट गन्ने की लोडिंग की जाती है। जिसके कारण दुर्घटनाओं की सम्भावना बनी रहती हैं तथा पूर्व में दुर्घटनायें हुयी भी है। जिलाधिकारी ने ओवरहाइट गन्ने के यातायात पर नियंत्रण हेतु समस्त अध्यासी प्रधान प्रबन्धक, चीनी मिलें जनपद सीतापुर को कठोरता से निर्देशित किया है कि वह गन्ने से भरे ट्रकों में ओवरहाइट पर नियंत्रण हेतु मिल गेट के ट्रकों के प्रवेश द्वार पर तथा क्रय केन्द्रों के रास्ते पर यथा आवश्यकता हाइट गेज लगाना सुनिश्चित करें। इस क्रम में जनपद की चीनी मिल हरगाँव, बिसवाँ, रामगढ़ एवं जवाहरपुर द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि मिलगेट पर ट्रकों में गन्ने की ओवरहाइट रोकने हेतु हाइटगेज स्थापित कर दिया गया है। क्रय केन्द्रों के रास्तों पर भी यथाशीघ्र हाइटगेज स्थापित कर दिये जायेंगे। इस महत्वपूर्ण पहल से ओवरहाइट ट्रकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की सम्भावना कम होगी तथा फलस्वरूप जानमाल की क्षति को भी नियन्त्रित किया जा सकेगा।

## कब्जामुक्त कराये जायेंगे चकमार्ग, आसानी से खेतों तक पहुंच सकेंगे कृषकः डीएम

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की पहल पर जनपद में चकमार्गों पर अवैध अतिक्रमण का चिन्हांकन कराते हुये उन्हें मनरेगा योजना से बनवाये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इससे ग्रामीण वासियों को आसानी से खेतों तक पहुंचने से उपज में भी सुधार सम्भव होगा। सभी उपजिलाधिकारियों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर जनपद के कुल 5687 चकमार्ग चिन्हित किये गये। जिनमें 4250 चक मार्गों का चिन्हांकन एवं मापन लेखपाल द्वारा किया गया। इन चकमार्गों के पटान एवं दुरूस्तीकरण हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में 5652 आई0डी0 बनवाते हुये 3749 कार्य प्रगति पर हैं। शेष कार्य शीघ्र ही कराये जायेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशानुसार चकमार्गों से अवैध अतिक्रमण हटाये जाने पूरे जनपद में व्यापक स्तर पर कार्यवाही की गयी है। इन चकमार्गों से किसानों को आवागमन में सुविधा हो, इसलिये मनरेगा योजना के अन्तर्गत चिन्हित कर इन पर कार्य कराये जा रहे हैं। इससे न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले भूमि विवाद कम होंगे। बल्कि आसानी से खेतों तक पहुंचने से उपज में भी सुधार सम्भव हो सकेगा।

# पीएचसी इन्द्रौली का निरीक्षण

जिला संवाददाता

**महोली (सीतापुर)।** जिले के सीएमओ सुरेन्द्र कुमार ने क्षेत्र के इंदरौली स्थित पीएचसी तथा उपकेन्द्र का निरीक्षण किया। डा0 दीपांशु शुक्ला ने बताया कि पीएचसी तथा उपकेन्द्र के स्टाफ का 15 दिन का वेतन रोका गया है और वार्ड ब्वाय जो कि छुट्टी पर थे उनको चिट्ठी जारी की गई है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को सुबह इदरौली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। सीएमओ सुरेन्द्र कुमार ने अस्पताल की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने लैब, दवा वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष, एमो रुम, दवा भंडार (स्टोर) आदि की जांच की और परिसर में व्याप्त गंदगी को देखकर नाराजगी जताई। अव्यवस्थाओं पर बिफरे सीएमओ ने वार्ड ब्वाय को चिट्ठी जारी कर सभी कर्मचारियों का पन्द्रह दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। डा दिव्या मिश्रा, फार्मासिस्ट निखिल, स्टाफ नर्स सुनीता, सीएचओ ज्ञानवती पर कार्यवाही की गई है। वहीं लोगों के मुताबिक पीएचसी पर लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, स्वीपर, आदि मूल भूत व्यवस्थायें नहीं है। जिनकी वजह से यहां पर सही से इलाज नहीं हो पा रहा है।

# जेल में निरुद्ध पूर्व आईपीएस ठाकुर से मिले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष



**देवरिया ।** जिला कारागार में बंद पूर्व आईपीएस अधिकारी से मिलने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय देवरिया पहुंचे। गुरुवार दोपहर जिला कारागार में निरुद्ध पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर से मुलाकात की उनके साथ जिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन', पूर्व जिलाध्यक्ष रामजी गिरी व पूर्व प्रत्यासी मुकुंद भास्कर मणि त्रिपाठी जेल के भीतर लगभग आधे घंटे तक पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर से मिलकर उनका हालचाल जाना। मुलाकात के बाद जेल से बाहर आकर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन पर गम्भीर आरोप लगाएं। उन्होंने ने कहा कि पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की गिरफ्तारी वैधानिक नही थी और उनके साथ अन्यायपूर्ण व अपमानजनक व्यवहार किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया कि पुलिस ने सरकार के इशारे पर आधी रात को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रुकवाकर पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को जबरन उतारा और गिरफ्तार किया जो कानून के खिलाफ है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने इस कार्यवाही को राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम बताया। उन्होंने आगे कहा कि जब अमिताभ ठाकुर महराजगंज के पुलिस अधीक्षक थे तब उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध कार्रवाई की थी। जिसका बदला अब उनसे लिया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार सरकार आलोचना और सच बोलने वाले से डरती है। इसलिए ऐसे अधिकारियों को निशाना बनाया जा रहा है। अजय राय ने आगे बताया कि पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने हमेशा सच्चाई और कानून के पक्ष में काम किया है। उन्होंने भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई है जिसकी सजा उन्हें जेल में भुगतनी पड़ रही है।

## भाजपा के लिए महंगा साबित हुआ उप्र में एसआईआर कराना: राजेश प्रताप



**कसया, कुशीनगर।** उप्र में एसआईआर कराना भाजपा के लिए महंगा साबित हुआ है। उनके वोट बैंक में फूट पड़ गई है। ऐसा हम नहीं कहते यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वीकार कर रहे हैं।उक्त बातें समाजवादी पार्टी कुशीनगर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी भैया ने कसया नगर में पार्टी जनों से वार्ता लाप के दौरान कही। सपा के वरिष्ठ नेता श्री राव ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा कराए गए एसआईआर से चार करोड़ वोट कटे हैं। जिसमें भाजपा के ही साढ़े तीन करोड़ वोट कटे हैं। प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा में इस हिसाब से देखें तो 70 से 80 हजार वोट प्रभावित हो रहे हैं। यह ऐसा आंकड़ा है शायद ही बीजेपी कैंडिडेट क्रास कर पाए। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में भाजपा की करारी हार निश्चित है। भाजपा ने शहरी और ग्रामीण मतदाताओं की डबलिंग करा कर लाभ उठाई है। कुशीनगर विधानसभा में कुल 380248 वोट हैं उनमें से 317430 की मैपिंग हो चुकी है। जो वोट अपने स्थान पर पाए गए। 62818 डेथ शिफ्टिंग, एब्सेंट होने से कट गए। जिनकी मैपिंग नहीं हो पाई। सपा नेता श्री राव ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा वर्ष 2003 के आधार पर मैपिंग हो रही है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं अपील से अपील किया कि आप सभी पूरी सक्रियता से एसआईआर फॉर्म भरवाने और जमा करने के लिए जागरूक हों। ताकि कोई भी पात्र वोटर बनने से वंचित न रह जाय।

## नाबालिग किशोरी की हत्या में शामिल नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया

**पाटन, उन्नाव।** थाना बिहार क्षेत्र में तीन दिन पूर्व दलित नाबालिग किशोरी की गला दबाकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना बिहार क्षेत्र के ग्राम हुलासीखेड़ा, कुतुबपुर में 16 दिसंबर की सुबह सात बजे शौच के लिए गई देशराज गौतम की 14 वर्षीय पुत्री पायल की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। घटना के संबंध में मृतका के पिता देशराज गौतम ने गांव के ही अमरजीत गौतम (26) पुत्र रामशंकर गौतम के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी।हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस को गुरुवार को सफलता मिली। पुलिस ने आरोपी अमरजीत गौतम को गांव के अम्बेडकर पार्क के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ थाना बिहार में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 417/25, धारा 103(1) बीएनएस के तहत कानूनी कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना अध्यक्ष राहुल सिंह, उपनिरीक्षक बीरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल अविनाश ओझा और कांस्टेबल अवनीश कुमार शामिल रहे।

# एसडीएम ने 22 चिन्हित स्थानों पर अलाव जलवाने के निर्देश



**पुरवा, उन्नाव ।** पुरवा एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बढ़ती कड़ाके की ठंड को देखते हुए मनीष द्विवेदी तहसीलदार, कृष्णा नन्द नायब तहसीलदार, आर आई के साथ अलाव व रैन बसेरा के संबंध में बैठक की गई। 22 स्थल ऐसे चुने गए है। जिनमें अलाव जलाए जाने के सख्त निर्देश दिए गए। शाम 6 से अलाव जला दिए जाए। औचक निरीक्षण किया जाएगा। रैन बसेरा पुरवा व मौरावां में है। ये भी व्यवस्थित रहे है। कंबल पात्रों को वितरित किए जाएं। सर्दी से किसी की मृत्यु नहीं होनी चाहिए। कोहरे के दृष्टिगत दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों के संबंध मे पीडब्ल्यूडी को पत्राचार किया जा रहा है लिगवाए, स्पीड की अधिकतम सीमा के साइन बोर्ड लगवाए। मिरीचैंराहा, राम कली बुद्धिलाल साहू विद्यालय के पास, कालूखेड़ा, अन्य चिन्हांकित करने के निर्देश दिए गए।

## अभिभावक स्वयं से बच्चों को समस्त वस्तुओं को उपलब्ध कराये ताकि बच्चों का मनोबल बना रहेः विधायक



जिला संवाददाता

**साण्डा (सीतापुर)।** बीआरसी सकरन में गुरुवार को एक दिवसीय ग्राम प्रधान स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों का ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण की एक कार्यशाला सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी सत्र 2025-26 को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम संचालित है।

जिसमें डी0बी0टी0 के माध्यम से यूनीफॉर्म, स्कूल बैग, स्वेटर, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी, क्रय हेतु धनराशि का सीधे अभिभावकों के बैंक खातों में प्रेषित की जाती है। अभिभावक सयम से बच्चों को समस्त वस्तुओं को उपलब्ध कराये ताकि बच्चों का मनोबल बना रहे। इसलिए ग्राम प्रधानों स्थानीय प्राधिकारी जन प्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। खण्ड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने कहा कि प्रधानों स्थानीय प्राधिकारी जन प्रतिनिधियों का सहयोग सभी विद्यालयों के लिए अति आवश्यक है। इससे जहाँ बच्चों के नामांकन, उपस्थिति एवं ठहराव में सकारात्मक वृद्धि होगी। वहीं समुदाय, अभिभावकों एवं ग्राम पंचायत का विद्यालय के विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्रिय सहभागिता भी सुनिश्चित की जा सकेगी। कार्यक्रम में अतिथि स्वागत पूर्व माध्यमिक विद्यालय सांडा की बालिकाओं के द्वारा किया गया। संचालन शिक्षक विशाल रस्तोगी ने किया इस दौरान प्रधान संघ के अध्यक्ष सुंदरलाल तिवारी, सीखो सिखाओ फाउंडेशन के जितेंद्र कुमार, मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, एडीओ पंचायत प्रेम प्रकाश चैधरी, डॉक्टर आदित्य वर्मा के साथ-साथ आरपी विनोद कुमार, राजेश मिश्रा, गिरीश विश्वकर्मा, राघव राम, धीरेंद्र पटेल, अस्मिता सिंह यादव, वीरेंद्र वर्मा, कृष्ण कांत, सारदा प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## ईओ ने रैन बसेरे का निरीक्षण कर व्यवस्था और अलाव जलवाने के दिए निर्देश



**कसया, कुशीनगर।** शासन के निर्देश पर ठंड से बचाव को लेकर नगर में बनाए गए अस्थाई रैन बसेरों का निरीक्षण नगरपालिका परिषद कुशीनगर की अधिशासी अधिकारी श्रीमती अंकिता शुक्ला ने किया और सुव्यवस्थित व्यवस्था व अलाव जलवाए जाने के निर्देश रैन बसेरा संचालकों को दिए।

बुधवार की रात में नपा की अधिशासी अधिकारी श्रीमती शुक्ला ने बस स्टेशन कसया स्थित रैन बसेरा, विश्वकर्मा मंदिर पुरानी फाजिलनगर रोड कसया तथा नगर पालिका परिषद कुशीनगर के परिसर में बने रैन बसेरा का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी रेन बसेरों में सोने के लिए चारपाई, गद्दा, रजाई, चादर, पीने का पानी , हाथ धोने के लिए साबुन, सीसा, कंघी, मास्क की व्यवस्था के निर्देश केयर टेकर को दिए। तीनों जगह को मिलाकर कुल 30 लोगों की रैन बसेरा की क्षमता है। ईओ ने कहा कि रात के समय कोई भी व्यक्ति ठंड में फुटपाथ पर सोया हुआ ना पाया जाए और नजदीकी रैन बसेरा में लोग रात बिताएं। इस बात का मुकम्मल प्रचार प्रचार किया जाए। नगर में रात्रि विश्राम के लिए ठंड से बचने के लिए अलाव जलवाए।

उन्होंने विशेष साफ सफाई के लिए केयरटेकर को निर्देशित किया चादर साफ सुथरा बिछाए जाने का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान नपा के स्वच्छता प्रभारी श्रवण कुमार तिवारी, केयरटेकर हरेंद्र यादव मोहम्मद मुस्तफा रासबिहारी श्रीवास्तव अनिल शर्मा सिद्धार्थ सतीश तिवारी प्रांजल सुरेश यादव, हरेंद्र मौजूद थे।


स्थानः ______ तिथिः ______

अनुलग्नक के रूप में जमा किए गए प्रलेखः

1. ______

2. ______

**पावती**

संख्या ______ तिथिः ______

अनुलग्नक फॉर्म के साथ प्राप्त अपील ज्ञापन ______

स्थानः ______ तिथिः ______

**अधिकृत अधिकारी की मुहर और हस्ताक्षर**
**आदेश से** (नगर पंचायत निघासन - खीरी)

**(अधिशासी अधिकारी की मुहर एवं हस्ताक्षर)**
(नगर पंचायत निघासन - खीरी)

**परिशिष्ट - 10**
**(खंड 40 देखें)**

संदर्भित दस्तावेज

(इन आदर्श उपविधियों की रचना निम्नलिखित अधिनियमों व अन्य राज्य की उपविधियों का अध्ययन करके किया गया है)

निकाय द्वारा मार्ग दर्शन के लिए निम्नलिखित प्रलेखों के नवीनतम संस्करण का उपयोग किया जा सकता हैः

1. उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916
2. उत्तर प्रदेश सेप्टेज प्रबंधन नीति, 2019 नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार।
3. बिजनौर फीकल स्लज एवं सेटेज प्रबंधन उपविधि, 2022, कार्यालय राजपत्र प्रयागराज, उत्तर प्रदेश सरकार।
4. सलाहकार नोटः शहरी भारत में सेप्टेज प्रबंधन, 2013, शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार।
5. उत्तर प्रदेश में फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन के लिए दिशानिर्देश, 2018, शहरी विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार।
6. एकीकृत फीकल स्लज एवं सेप्टेज, सेप्टेज और अपशिष्ट जल प्रबंधन रणनीति सह दिशानिर्देश, 2019, चुनार नगर पालिका परिषद, उत्तर प्रदेश
7. आईएसः 2470 - 1985, सेप्टिक टैंक की स्थापना और सेप्टिक टैंक के प्रवाह के निस्तारण के लिए भारतीय मानक संहिता, भारतीय मानक ब्यूरो,

(क) (भाग 1) डिजाइन शर्तें और निर्माण

(ख) (भाग II) द्वितीयक उपचार और सेप्टिक टैंक के तरल पदार्थ का निस्तारण।

8. सीवरेज और मलजल उपचार प्रणाली पर मैनुअल, 2013, केंद्रीय लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण और पर्यावरण संगठन, भारत सरकार।
9. बिना नेटवर्क तकनीकी पर मेन्यू, 2019, सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट, नई दिल्ली।
10. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन पर राष्ट्रीय नीति, 2017, आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार।
11. राष्ट्रीय शहरी स्वच्छता नीति, 2008, शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार।
12. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन (फीकल स्लज एवं सेप्टेज) के उपविधि, 2020, सेप्टेज प्रबंधन के लिए उत्तराखंड राज्य प्रोटोकॉल।
13. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन पर नीति, 2018, तेलंगाना सरकार ।
14. तमिलनाडु सरकार का राजपत्र, 2022, फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन पर उपविधि।
15. सेप्टेज प्रबंधन प्रैक्टिशनर गाइड, 2017, विज्ञान और पर्यावरण केंद्र ।
16. सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए मानक संचालन प्रक्रिया, 2018, आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार
17. फीकल स्लज एवं सेप्टेज / सेप्टेज, 2019, के लिए उथली और गहरी खाइयों पर तकनीकी नोट जल, स्वच्छता एवं स्वच्छता संस्थान, नई दिल्ली
18. प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट एज मैनुअल स्कैवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन एक्ट, 2013 कानून एवं न्याय मंत्रालय, भारत सरकार

**दिनेश कुमार शुक्ल**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत निघासन लखीमपुर खीरी**

**बद्री प्रसाद मौर्य**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत निघासन लखीमपुर खीरी**

संक्षेप

## नाला निर्माण की धीमी गति से अधिवक्ता परेशान

**बांदा।** कचेहरी स्थित कलक्ट्रेट गेट के बाहर कई माह से नाला निर्माण का कार्य चल रहा है। इससे अधिवक्ताओं और लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धीमी गति से हो रहे काम पर अधिवक्ता विमलकृष्ण श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी को पत्र देकर कहा है कि बीते 4 दिसंबर को भी इस मामले की जानकारी दी गयी थी और अवगत कराया था कि कई अधिवक्ता नाला के किनारे मेज-कुर्सी रखकर वकालत का कार्य करते हैं। लोक निर्माण विभाग कई माह से कार्य पूरा नहीं करा रहा है। उन्होने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद भारतीय न्याय संहिता 2023 धारा-199 का अपराध करते हुए नाला निर्माण की प्रगति बेहद धीमी है। अधिवक्ता ने डीएम से कार्यवाही की मांग की है।

## शीतलहर के चलते स्कूलों का बदला समय

**बांदा।** जिले में भीषण शीत लहर के चलते स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। डीएम के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने जिले में संचालित नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी परिषदीय, राजकीय, अशासकीय सहायकता प्राप्त, मान्यता प्राप्त आईसीएससी, सीबीएससी व अन्य बोर्ड से संचालित मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालन का समय तत्काल प्रभाव से प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया गया है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने कहा है कि सभी विद्यालय इस आदेश का कड़ाई से पालन करें। किसी भी दशा में विद्यालय पूर्वत समय पर न खोले जाएं।

## ऋतु दुबे को नेशनल अवार्ड मिला

ललितपुर। शहर के गणमान्य नागरिक दुबे परिवार के स्व.राधामोहन दुबे की सुपुत्री डा. ऋतु दुबे तिवारी को पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया, नालंदा इनिशिएटिव 2025 के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला है। देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में यह अवॉर्ड उत्तराखंड के कैबिनेट मिनिस्टर सुबोध उनियाल द्वारा देहरादून में दिया गया। पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा छात्र कल्याण के उनके अनवरत प्रयासों के लिए यह पुरुस्कार डा. ऋतु को दिया गया है। राष्ट्रीय टेलीविजन एवं समाचार पत्रों तथा एकेडमिक क्षेत्र में सक्रिय डा. ऋतु वर्तमान में निस्कॉर्ट मीडिया कॉलेज गाजियाबाद में प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत हैं। ललितपुर के प्रबुद्ध लोगों ने डा. ऋतु की इस उपलब्धि पर बधाई दी।

# निर्माणाधीन शहजाद पुल पर आवागमन की समस्या को लेकर गंभीर दिखे डीएम

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** शहर के आजादचैक-कैलगुवां मार्ग पर शहजाद नदी के निमार्णाधीन पुल पर सर्विस मार्ग न होने के कारण आमजन को आवागमन में हो रही परेशानियों के दृष्टिगत गुरुवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को रुट डायवर्जन के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने मौके पर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया और लोगों को भरोसा दिलाया कि उन्हें अब आवागमन हेतु परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर व यातायात प्रभारी को निर्देश दिये कि पुल के समीप स्थित दूसरे पुल को बाइक, ऑटो व टैक्सी के लिए उपयोग में लाया जाए, ताकि आमजन व स्कूली बच्चों को आवागमन में कोई परेशानी न हो, परन्तु 4 व्हीलर का रुट पूर्व निर्धारित ही रहेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यदि रास्ते में अतिक्रमण की स्थिति हो तो उसे तत्काल हटवाया जाए। जिलाधिकारी द्वारा कार्यस्थल पर उपस्थित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्य के दौरान यातायात की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए एवं अस्थायी मार्ग पर मोटर साईकिलों आदि वाहनों के आवागमन हेतु समुचित स्लोप आदि बनाया जाए। मौके पर कार्यदायी संस्था उ.प्र. राज्य सेतु निगम लि. के अधिकारियों ने अवगत कराया कि इस सेतु का निर्माण इसी माह प्रारंभ हुआ है, 96 मी.लम्बाई वाले इस कार्य की स्वीकृत लागत 1101.67 लाख है, जिसका निर्माण जून 2027 में पूर्ण होने की संभावना है। वर्तमान में पूर्व निर्मित रपटे को तोड ? का कार्य प्रगति में है। साथ ही निर्देशित किया गया कि कार्य को किसी भी परिस्थिति में लक्षित समय में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, कार्यदायी संस्था उ.प्र. राज्य सेतु निगम लि. के उप परियोजना प्रबन्धक मृगेन्द्र सिंह अभियन्ता बी.एम.एस. कुमार उपस्थित रहे।

- मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से की वार्ता, अधिकारियों को रुट डायर्वजन कर आवागमन सुचारु करने के दिये निर्देश
- कार्यदायी संस्था को निर्धारित समयसीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराने के दिये निर्देश

# किसानों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

जिला संवाददाता

**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिला अध्यक्ष मधुसूदन तिवारी के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तमिलनाडु के किसान नेता पी.आर. पांड्यन और सेल्वराज को झूठे मुकदमे में फंसाकर दी गई 13-13 वर्ष की सजा के खिलाफ उनकी तत्काल रिहाई सुनिश्चित करने की मांग की गई है। किसानों ने राष्ट्रपति से इस मामले में हस्तक्षेप कर न्याय सुनिश्चित करने का आग्रह किया।ओएनजीसी प्रोजेक्ट के खिलाफ शांतिपूर्ण आंदोलन पर सजा का आरोपज्ञापन के अनुसार, पी.आर. पांड्यन ने अपना पूरा जीवन किसानों के उत्थान के लिए समर्पित किया है। तमिलनाडु के धमार्पुरी जिले के करिमंगलम क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा ₹संरक्षित कृषि भूमि₹ घोषित इलाके में ओएनजीसी कंपनी द्वारा ड्रिलिंग और खुदाई का कार्य चल रहा था। इस दौरान गैस लीक की घटना हुई, जिससे स्थानीय लोगों में जानमाल को खतरे की आशंका फैल गई। राज्य सरकार ने ओएनजीसी को काम रोकने का आदेश दिया, लेकिन कंपनी ने कार्य जारी रखा, जिससे खेती और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचा।2015 में पी.आर. पांड्यन के नेतृत्व में किसानों ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। आरोप है कि ओएनजीसी ने अपने हित साधने के लिए साजिश रचकर फर्जी सबूत गढ़े और किसानों के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया। तिरुवारूर जिले की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने हाल ही में दोनों नेताओं को 13-13 साल की सजा सुनाई, जिसके बाद वे जेल में हैं। इस फैसले से देशभर के किसानों में भारी रोष व्याप्त है।राष्ट्रपति से संवैधानिक हस्तक्षेप की अपीलकिसानों ने राष्ट्रपति से अपील की कि देश की सर्वोच्च नागरिक के नाते इस झूठे केस का संज्ञान लें। उन्होंने स्वयं की संवैधानिक शक्तियों का प्रयोग कर या केंद्र व तमिलनाडु सरकार को निर्देश देकर कानूनी समाधान निकालने और दोनों नेताओं की रिहाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया। ज्ञापन में कहा गया कि यह किसान आंदोलन को दबाने की साजिश है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।प्रमुख किसान नेता उपस्थितइस अवसर पर जिला अध्यक्ष मधुसूदन तिवारी, युवा जिला अध्यक्ष अजय सिंह उर्फ कल्लू सिंह, महिला जिला अध्यक्ष रिंकी जायसवाल, महिला उपाध्यक्ष फौजिया खान, जिला उपाध्यक्ष राम आसरे यादव, कमलेश मिश्रा, रज्जू भैया, दीपेंद्र सिंह, शिव बाबू, गुड्डू राधे, मोनू पाल, बुद्ध सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। संगठन ने कहा कि यदि मांगें पूरी न हुईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

# मंडलीय कृषि निर्यात समिति की आयुक्त ने की समीक्षा



**बांदा।** कृषि निर्यात निति के तहत मंडल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की आयुक्त अजीत कुमार ने समीक्षा की। आयुक्त सभागार में आयोजित बैठक में मंडल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति के सदस्य सचिव डॉ. दिनेशचंद्र सहायक कृषि विपणन अधिकारी ने प्रोत्साहनो के बारे मे जानकारी दी। बताया कि मुख्यतया निर्यात क्लस्टर निर्माण कर निर्यात करने की स्थिति में 10 लाख रुपए, उन्मुख क्लस्टर के निकट स्थापित नवीन प्रसंस्करण इकाईयों के लिए कुल प्रसंस्कृत उत्पाद के 40 प्रतिशत निर्यात करने पर निर्यातक के टर्न ओवर का 10 प्रतिशत अथवा 25 लाख जो भी कम हो पांच वर्षों तक देय होगा। ताजी हरी सब्जियां, तुलसी, मूंगफली, तिल, देशी अरहर, सरसों काली, धान नान-बासमती एवं गेहूं कृषि निर्यात क्लस्टर निर्माण को चयनित है। जनपद महोबा से आये जीआई उत्पाद महोबा देसावरी पान के प्रोपराइटर राजकुमार चैरसिया ने पान के निर्यात में आ रही समस्याओं को दूर करने की मांग की। इसी तरह चित्रकूट, हमीरपुर, बांदा के उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने की मांग एफपीओ संचालकों ने रखी। बैठक में मंडल के प्रगतिशील किसान, एफपीओ सदस्य, निर्यातक व कृषि विपणन विभाग, कृषि विदेश व्यापार विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## हत्या के 4 आरोपियों को उम्र कैद

**बांदा।** चाकू से गला रेतकर हत्या के चार आरोपियों को दोषी पाते हुए विशेष न्यायाधीश डकैती छोटेलाल यादव ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वादी जय सिंह ने थाना मटौंध में दी गयी तहरीर में कहा कि बड़े भाई रामसिंह यादव का मकान भूरागढ़ में बाईपास स्थित पेट्रोल टंकी के सामने नई बस्ती में है। भाई गांव में भी रहता था और भूरागढ़ भी आता-जाता था। 15 नवंबर 2021 को सुबह 8 बजे गांव के राजू यादव पुत्र बृजलाल सिंह व भरत सिंह पुत्र विजय सिंह के साथ गांव से आया था। शाम 4 बजे फोन से सूचना मिली कि बड़े भाई रामसिंह की उन्ही के कमरे में चाकू से गला रेतकर व पेट में चाकू मारकर हत्या कर दी गयी है। जय सिंह पिता व परिजनों के साथ भूरागढ़ पहुंचे तो पता चला कि भाई की हत्या रियाज खान उर्फ पप्पू, बहन अंजुम खान उर्फ नूरी, बिल्लू और शैलेन्द्र ने कर दी है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद विवेचक अरविंद सिंह गौर ने विवेचना की और आरोप पत्र न्यायालय में प्रसित किया। अदालत में सुनवाई के दौरान लोक अभियोजक मनोज कुमार दीक्षित व रामसिंह ने प्रभावी पैरवी करते हुए 8 गवाह पेश किए। न्यायाधीश ने दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और पत्रावली में साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात आरोपी रियाज खान उर्फ पप्पू पुत्र शहजाद, अंजुम खान उर्फ नूरी पुत्री शहजाद खान, बिल्लू उर्फ अरबाज पुत्र अनवर बेग निवासी भूरागढ़ नई बस्ती और शैलेन्द्र पुत्र मुन्नू ठाकुर निवासी जलकल कालोनी, भूरागढ़ स्थाई निवासी श्रीगांव थाना गाजीपुर जिला फतेहपुर को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 40 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

# एसपी ने निर्माणाधीन महिला थाना का किया निरीक्षण



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर के समीप निमार्णाधीन महिला थाना महोबा का क्षेत्राधिकारी गौरव उपाध्याय के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला थाना भवन के निर्माण की वर्तमान प्रगति, संरचनात्मक गुणवत्ता तथा महिला केंद्रित आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित की जा रही व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि महिला थाना भवन का अधिकांश निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा शेष अवशिष्ट कार्यों एवं आवश्यक सुविधाओं को चिन्हित करते हुए कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर, उच्च गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से महिला शिकायतकताओं के लिए सुरक्षित, गोपनीय, संवेदनशील एवं सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परामर्श कक्ष, प्रतीक्षा कक्ष, रिकॉर्ड रूम, ड्यूटी ऑफिस, बैरक एवं अन्य आवश्यक कक्षों का निर्माण मानक संचालन प्रक्रिया एस ओ पी के अनुरूप पूर्ण किया जाए। विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, पेयजल, अग्नि सुरक्षा एवं समग्र सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरुस्त, सुचारु एवं उच्च गुणवत्ता की हों। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रस्तावित महिला थाना भवन अत्याधुनिक, सुरक्षित एवं महिला अनुकूल सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे महिला संबंधी प्रकरणों के त्वरित, प्रभावी, संवेदनशील एवं भरोसेमंद निस्तारण में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं समयबद्धता का कठोरता से पालन करते हुए शेष समस्त कार्य शीघ्र पूर्ण करने निर्देशत किया।

# राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की अहम बैठक, डीएम ने दिए सख्त निर्देश



जिला संवाददाता

**फतेहपुर** ।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

इस बैठक में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (ठअउढ) सहित स्वास्थ्य योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति पर विस्तृत समीक्षा की गई। उद्ट ने सभी संबंधित अधिकारियों से अद्यतन जानकारी ली और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए ठोस दिशा-निर्देश जारी किए।

बैठक के दौरान उद्ट ने कई कमियों पर सख्त रुख अपनाया। पूर्व बैठक के कार्यवृत्त मिनट्स जारी न होने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (उटड) डॉ. राजीव नयन गिरी को कड़ी नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने डीपीएम का इस माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए, जब तक कार्यवृत्त जारी न हो। साथ ही, अगले 15 दिनों में सभी कार्यवृत्त अनिवार्य रूप से जारी करने का आदेश दिया, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।प्रसव और स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष फोकससमीक्षा में अढलड मोहम्मदपुर गौती, कटोघन, जहांगीर नगर, चक्की और दमापुर में शून्य प्रसव दर्ज होने तथा संबंधित मेडिकल ऑफिसर की बैठक में अनुपस्थिति पर उद्ट ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को इनका मासिक वेतन रोकने के निर्देश दिए।

## नाली निर्माण का झूठा वादा, डीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**बांदा।** बड़ोखर ब्लाक के ग्राम चिल्ली निवासी चुन्नू प्रजापति ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जिला पंचायतराज विभाग की कारगुजारी बताई है। शिकायतकर्ता ने डीएम को बताया कि डीपीआरओ ने दो माह पहले सीसी मार्ग के किनारे नाली निर्माण करवाने का झूठा आश्वासन दिया और शिकायती पत्र का निस्तारण करते हुए एक सप्ताह में कार्य करवाने की आख्या भेजी लेकिन अब तक इस पर अमल नही हुआ है। फरियादी की शिकायत के बाद जिलाधिकारी ने इस मामले पर डीपीआरओ को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। बताते चलें कि जिला पंचायत राज अधिकारी की लचर व्यवस्था के चलते अधिकांश शिकायतों का निस्तारण नही किया जा रहा है। बीते दिनों जिलाधिकारी के विकास भवन स्थित कार्यालयों के औचक निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ कार्यालय में अधिकारी और बाबू नदारद मिले थे। इस जिलाधिकारी ने एक दिन का वेतन रोकने के साथ ही स्पष्टीकरण मांगा था बताया जाता है कि रसूक के चलते एडीपीआरओ को जिले का दायित्व सौंपा गया है। इनकी तैनाती के बाद से ही कार्यालय में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इनकी कारगुजारियों को लेकर बांदा में तैनाती से पहले यह लगभग एक वर्ष तक लखनऊ मुख्यालय में अटैच किए गये थे। इसके बावजूद एडीपीआरओ को यहां का जिला पंचायतराज अधिकारी बनाया गया है।

# पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस पर होंगी प्रतियोगिताएं



**ललितपुर।** मुख्य सचिव शासन लखनऊ के आदेश द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर 25 दिसम्बर 2015 को प्रदेश के समस्त जनपदों में कार्य का आयोजन किया जाना है। यह जानकारी देते हुये जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने बताया कि कक्षा 8 से 12 के विद्यार्थियों के मध्य भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी एवं सुशासन विषय पर आधारित निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन, स्नातक एवं परास्नातक के विद्यार्थियों को भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी की उपलब्धियों से परिचित कराने के लिए सुशासन का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता, युवा विद्यार्थियों के मध्य उनके जीवन एवं उनकी प्रमुख कविताओं पर आधारित एकल काव्य पाठ का आयोजन, जिले में अवस्थापित विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में से किसी एक उपयुक्त स्थल का चयन कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा उन्होंने डीआईओएस व बीएस को अपने-अपने विद्यालयों में कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों के मध्य दिये गये विषय व शीर्षक पर 18 दिसम्बर को विद्यालय स्तर पर व विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की 19 दिसम्बर को ब्लाक स्तरीय प्रतियोगितायें करायेंगे। इसमें प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को जिला स्तरीय परीक्षा 22 दिसम्बर को रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य द्वारा आयोजित करायी जायेगी। वहीं महाविद्यालय स्तर पर निबंध, भाषण एवं एकल काव्य प्रतियोगिताएं 18 व 19 दिसम्बर को सम्बन्धित महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा करायी जायेगी, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों की परीक्षा रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य द्वारा करायी जायेगी। 25 दिसम्बर को भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण व्यवस्था कलेक्ट्रेट सभागार में सीडीओ एवं प्राचार्य द्वारा की जायेगी। जहां उक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरुस्कार की धनराशि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रदान की जायेगी। इसके अलावा अन्य कार्यक्रम होंगे।

## चालक ने बैक करते हुये पिकअप कार में मारी, नुकसान हुआ

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खड़ेरा निवासी राजू पुत्र दयाराम रजक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 13 दिसम्बर को सुबह करीब 11 बजे वाहन संख्या यू.पी. 94 एस 7700 इनोवा कार को चलाता हुआ वह पुराना झांसी-सागर रोड एन.एच.26 पर मन्नू पेट्रोल पम्प के पास स्थित होटल आर्यन इन ललितपुर के दरबाजे पर प्रवेश कर रहा था। उसकी कार रोड की पटरी एवं प्रवेश द्वार के मध्य में थी। तभी वहां खड़ी पिकअप लोडर संख्या यू.पी. 94 टी 4038 के ड्राईवर ने पिकअप को यकाइक तेजी व असावधानी से बैक करते हुये बिना कोई हॉर्न दिये ही कार में बाईं ओर टक्कर मार दी, जिससे उसकी कार का अगला दरबाजा एवं बोनट क्षतिग्रस्त हो गया। इस टक्कर से उसकी कार का करीब 40 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। बताया कि इस कार के स्वामी सुधीर कुमार श्रीवास्तव हैं। जबकि दुर्घटना को नदीपुरा निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र हाजी जमील एवं आजादपुरा निवासी रोहित शर्मा पुत्र श्याम सुन्दर शर्मा व मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने देखा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## खिरिया छतारा गांव में शोकसभा सम्पन्न

ललितपुर। गांव खिरिया छतरा में हाल ही में शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने एकजुट होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

शोक सभा के दौरान दो मिनट का मौन रखकर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया गया। वक्ताओं ने दिवंगत के सामाजिक योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## कांग्रेसियों ने निकाला मार्च, लगाये सरकार विरोधी नारे



**बांदा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने मार्च निकाला और सरकार विरोधी नारे लगाए। कांग्रेस कार्यालय से कांग्रेसियों ने प्रमुख मार्गों में सोनिया गांधी, राहुल गांधी जिंदाबाद और ह्यमोदी जब-जब डरता है ईडी को आगे करता हैह्न नारे लगाते हुए पीली कोठी पहुंचे, वहां पहुंचने पर पुलिस ने आगे जाने से रोका, इस पर कांग्रेसियों और पुलिस के बीच नोंक-झोंक हुई। आक्रोशित कांग्रेसियों ने बीच सड़क पर बैठकर आक्रोश जताया और नारेबाजी की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि पूरे देश में भाजपा की सरकारें गैर कानूनी तरीके से की गयी कार्रवाई पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है। अदालत ने हाल ही में यंग इंडिया मामले में सोनिया और राहुल के ऊपर ईडी की कार्रवाई को अवैध और दुर्भावना से ग्रस्त पाया। यह असत्य पर सत्य की जीत है। शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने कहा कि मोदी सरकार पिछले एक दशक से मुख्य विपक्षी दल के नेताओं के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध और बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। इस दौरान एआईसीसी प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे एडवोकेट, पीसीसी पवन देवी कोरी, महिला जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, कार्यालय मंत्री शिवबली सिंह, जिला महामंत्री मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, सूरज बाजपेयी एडवोकेट, अनिल त्रिपाठी, केपी सेन व बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## पालिका सख्त! बिना अनुमति निर्माण पर रानी की धर्मशाला को नोटिस जारी



**स्योहारा, बिजनौर।** नगर पालिका परिषद स्योहारा ने नगर में बिना स्वीकृति कराए जा रहे भवन निर्माण कार्य पर सख्त रुख अपनाते हुए मौहल्ला हिन्दु चैधरियान, वार्ड संख्या-19 स्थित रानी की धर्मशाला में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर अधिशासी अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया है। यह नोटिस रानी कामिनी सिंह पत्नी स्व0 कुंवर शैलराज, निवासी मौहल्ला हिन्दु चैधरियान के नाम जारी हुआ है। गुरुवार को स्योहारा नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल द्वारा जारी किये गए नोटिस में कहा गया है कि धर्मशाला परिसर में पुराने भवन को ध्वस्त कर नए भवन निर्माण के लिए 5 से 6 फीट तक मिट्टी खुदाई कराई जा रही है, जबकि इसके लिए नगर पालिका से कोई स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई है। घनी आबादी वाले क्षेत्र में की जा रही गहरी खुदाई से आसपास के भवनों को नुकसान पहुंचने और जान-माल की हानि की प्रबल आशंका जताई गई है। पालिका ने इसे नगर पालिका अधिनियम-1916 के प्रावधानों का उल्लंघन बताते हुए अवैध निर्माण की श्रेणी में रखा है। नोटिस में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि नोटिस प्राप्त होते ही निर्माण व खुदाई का कार्य तत्काल रोका जाए, अन्यथा नगर पालिका द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध निर्माण कराने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

## सर्दी व कोहरे को देखते हुए रैन बसेरों का एसडीएम व सीओ ने किया निरीक्षण



**नगीना, बिजनौर।** एसडीएम व सीओ नगीना द्वारा नगीना नगर के बस स्टैंड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, सुरक्षा, मूलभूत सुविधाओं एवं आमजन की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा पाई गई कमियों के त्वरित निस्तारण के लिए सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनपदभर में हाड़ कपा देने वाली ठंड व कोहरे को देखते हुए बुधवार की शाम नवागत एसडीएम नगीना विजय शंकर मिश्रा व क्षेत्राधिकारी नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा थाना नगीना नगर के बस स्टैंड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, सुरक्षा, मूलभूत सुविधाओं एवं आमजन की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा पालिका कमियों के त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## हाईवे पर कॉलेज बस व ट्रक की टक्कर में दर्जनभर जीएनएम की छात्राएं घायल

**बिजनौर।** मेडिकल अस्पताल ट्रेनिंग के लिए आ रही नर्सिंग व जीएनएम की छात्राओं की बस एक ट्रक से टकरा गई। घटना में 10 से अधिक छात्राएं घायल हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्राओं को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया है जहां पर उनका इलाज चल रहा है। गुरुवार की सुबह लगभग 9 बजे बैराज रोड पर बीआईटी कॉलेज की बीएससी नर्सिंग और जीएनएम की करीब 15 छात्राएं ट्रेनिंग के लिए बिजनौर मेडिकल अस्पताल आ रही थीं। बताया जा रहा है कि बैराज पुल पार करने पर अचानक आगे चल रहे ट्रक ने ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे से आ रही कॉलेज बस उससे टकरा गई। टक्कर से बस में सवार अधिकांश छात्राएं चोटिल हो गईं। घायल छात्राओं में संध्या, रुचिका, गीतांशु, प्रज्ञा, तनीषा और सरल आदि घायल हो गई। घायल छात्राओं ने बताया कि बस की रफ्तार अधिक नहीं थी, अन्यथा हादसा और गंभीर हो सकता था। छात्राओं के अनुसार कोहरे के कारण ट्रक चालक द्वारा अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगाना दुर्घटना की वजह बना। जिला अस्पताल में तैनात डा0 यागवेन्द्र सिंह ने बताया कि सभी घायल छात्राओं को भर्ती कर प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है।

## देवर-देवरानी जबरन करना चाहते हैं जमीन पर अवैध कब्जा

ललितपुर। थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम बम्हौरीकलां निवासी सुनीता पत्नी कमल प्रजापति ने पुलिस को अवगत कराया कि उसके सगे देवर नन्दू प्रजापति पुत्र भगोले ने अपने हिस्से की जमीन के अलावा उसके हिस्से की जमीन पर भी जबरन कब्जा करने की फिराक में है। बताया कि बीती 14 दिसम्बर को शाम करीब 4 बजे उसका देवर व देवरानी सरोज खेत में लगे पत्थर उखाड ? का प्रयास कर रहे थे। जब उसने यह देखा तो उसने मना किया। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये लात-घूसों से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी।

# ऑनलाइन धोखाधड़ी से हड़पी धनराशि करायी वापस



**ललितपुर।** एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी और एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के कुशल नेतृत्व में साइबर थाना पुलिस ने साइबर अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत धोखाधड़ी से ऑनलाइन फ्रॉड हुयी धनराशि को वापस दिलाया। गौरतलब है कि थाना बानपुर के ग्राम अमोराखेरा निवासी निधि पुत्री सिरनम सिंह ने 89 हजार 007 रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी होने की शिकायत दर्ज करायी थी। इस शिकायत को दर्ज कर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 318 (4) व आई.टी. एक्ट की धारा 66 सी व 66 डी के तहत शिकायत दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। एसपी के निर्देश पर साइबर थाना पुलिस ने उपलब्ध कराये गये स्टेटमेंट व अन्य प्रपत्रों का अवलोकन कर तकनीकि विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेन्सियों, बैंकों, बॉलेट आदि से सम्पर्क कर उचित माध्यम से सम्बन्धित वित्तीय एजेन्सियों को मेल करके पीड़िता का पैसा होल्ड कराकर पीड़िता से फ्रॉड हुयी हुयी सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस कराने में महत्वपूर्ण सफलता हांसिल की है। साइबर क्राइम थाना पुलिस के इस कार्य को लेकर पीड़िता ने एसपी ललितपुर के कार्य की सराहना की। फ्रॉड हुयी धनराशि वापस दिलाने में साइबर क्राइम थाना से निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

- साइबर क्राइम थाना पुलिस की हुई प्रशंसा

# बदलाव के दौर में भाजपा

भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस नेतृत्व ने चरणबद्ध तरीके से राज्यों का नेतृत्व पहले ही युवा मुख्यमंत्रियों, राज्य पार्टी प्रमुखों के हवाले कर चुका है। अब नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर लगता है राष्ट्रीय स्तर पर भी बड़े बदलाव की तैयारी कर चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नितिन नबीन की नियुक्ति से राजनीतिक पंडितों और पार्टी के अधिकांश नेताओं को एक बार फिर चौंकाया है। बेशक पार्टी संसदीय बोर्ड का हवाला देती रहे, लेकिन शीर्ष नेतृत्व और संवैधानिक पदों पर नियुक्तियां प्रधानमंत्री मोदी, शाह और आरएसएस ही तय करते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की चर्चा, इस नियुक्ति की घोषणा से मात्र दो दिन पहले, संसदीय बोर्ड में की गई थी, लेकिन उस दौरान कोई नाम सामने नहीं था। संसदीय बोर्ड के अधिकांश सदस्यों की राय थी कि पार्टी का भावी अध्यक्ष अपेक्षाकृत युवा हो, सामान्य वर्ग से हो और हिंदी पट्टी के राज्य से हो। इन्हीं आधारों पर बिहार के 5वीं बार विधायक एवं मंत्री नितिन नबीन का चयन किया गया। वैसे भाजपा का नेतृत्व आमतौर पर समावेशी होता है और उसमें सभी वर्गों के लोग शामिल होते हैं। राज्यों में पिछड़े और दलित समुदाय के नेताओं को हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर नेतृत्व सौंपा गया है। नितिन नबीन सवर्ण उपजाति-कायस्थ समुदाय-के नेता हैं और 45 साल उम्र है, लिहाजा वह भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हैं। कुछ समय बाद वह जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी के तौर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे। नितिन नबीन भाजयुमो में अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय महासचिव के तौर पर काम कर चुके हैं, कुछ राज्यों के प्रभारी और सह-प्रभारी भी रहे हैं, लिहाजा संगठन की आत्मा और अपेक्षाओं को वह बखूबी जानते हैं। जब नड्डा पार्टी अध्यक्ष बने थे, तब उनकी उम्र 52 साल थी। अमित शाह 49 साल के थे। राजनाथ सिंह भी 52-53 साल के रहे होंगे। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की आयु भी 55-58 साल की रही होगी, जब वे पहली बार भाजपा अध्यक्ष बने थे, लिहाजा उम्र शीर्ष नेतृत्व का कोई मानदंड नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी का यह 'नबीन' प्रयोग चुनौतीपूर्ण जरूर है। उन्होंने मुख्यमंत्री पद पर योगी आदित्यनाथ, मोहन चरण माझी, मोहन यादव, भजनलाल शर्मा, बिप्लव देब, भूपेंद्र पटेल, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी, देवेन्द्र फणड़वीस, आदि को विराजमान कर भाजपा की नई पीढ़ी को नेतृत्व सौंपा था। इन्हीं नेताओं की तरह नबीन भी भाजपा की चौथी पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं। अलबत्ता उनकी पहचान कभी राष्ट्रीय नहीं रही। बहरहाल अब नितिन नबीन भी उसी श्रृंखला की नई कड़ी बन गए हैं, जिसे अटल, आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, राजनाथ सिंह से लेकर जेपी नड्डा तक ने स्थापित किया और भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का सम्मान दिलाया। उस वर्चस्व, ओहदे और गरिमा को बरकरार रखना भी नितिन नबीन की चुनौती है। उनके सामने राजनीतिक और चुनावी चुनौती यह है कि 2026 में असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल में विधानसभा चुनाव होने हैं और 2027 में उप्र के महाचुनाव सामने होंगे। केरल में तिरुवनंतपुरम के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत हुई है और उसने वाममोर्चे के 45 साल पुराने किले को ढहा दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विधानसभा चुनाव में भी जनता भाजपा-एनडीए को कमोबेश एक मौका जरूर देगी, लेकिन तमिलनाडु में आज भी भाजपा मुख्य लड़ाई में नहीं है। बेशक अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन से उसे कुछ सीट हासिल हो जाएं, लेकिन तमिल के हिंदुओं ने अभी भाजपा को स्वीकार नहीं किया है। प्रधानमंत्री मोदी बार-बार वहां के राम मंदिरों में जाकर और पूजा कर प्रयास कर रहे हैं कि जनता की स्वीकृति मिल सके। वैसे परिणाम चुनाव के बाद ही स्पष्ट होंगे। इसलिए युवा नितिन नबीन को पार्टी के विस्तार को आगे बढ़ाते हुए दक्षिण के राज्यों में भी मजबूत करनी होगी ताकि भाजपा उत्तर से दक्षिण तक प्रभावी हो जाये।



**भाजपा चरणबद्ध तरीके से राज्यों का नेतृत्व पहले ही युवा नेताओं के हवाले कर चुकी है। नितिन नबीन के साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी अब बदलाव होगा।**

## विचार

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

व्रत का महात्म्य वहीं तक कल्याणकारी है जहां तक ध्यान और अध्ययन में वह बाधक न हो।

–मुनि गणेश वर्णी.

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

–गुरुनानक.

अतिथि समाज का एक प्रतिनिधि होता है। अतिथि के रूप में समाज हमसे सेवा मांग रहा है, हमारी यह भावना होनी चाहिए।

–विनोबा भावे.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

–ड्रायन एडवर्ड.

# इस साल फिल्म सैयारा ने किया भावुक

कैलाश सिंह



## सिनेमा–2025

इस साल फिल्म थिएटर में देखने के संदर्भ में हर प्रकार की बहस हुई- दर्शक नई रिलीज को देखने के लिए थिएटर में क्यों नहीं आ रहे हैं, 'सैयारा' के दौरान युवा दर्शक रो क्यों रहे थे, पुरानी फिल्मों की पुनः स्क्रीनिंग जैसे 'ये जवानी है दीवानी' की स्क्रीनिंग में दर्शक क्यों नाच रहे थे, प्रोपेगंडा फिल्में क्यों फ्लॉप हुईं, दक्षिण भारत की फिल्मों में दिलचस्पी क्यों बढ़ी, आदि। वितरकों ने यह बहस करने की कोशिश की कि अधिक जीएसटी के कारण दर्शक सिनेमाघरों की तरफ कदम नहीं बढ़ा रहे हैं और अब सिनेमाघर में जाना लक्जरी नहीं रह गया है, लेकिन वे अपने तर्कों से पूरी तरह संतुष्ट न कर सके। अब फिल्म के टिकट दाम लगभग इतने हो गये हैं कि दो व्यक्ति उनमें डिनर कर सकते हैं और अधिकतर लोगों के लिए स्ट्रीमिंग डिफॉल्ट बन गई है। इस पृष्ठभूमि में भारत के सबसे बड़े सितारों ने बार बार यह बहस की कि जो आम लोग रोजाना फिल्में देखा करते थे, वो महंगे टिकटों के कारण हाशिये पर चले गये हैं।

मुंबई में वेव्स सम्मेलन के दौरान दोनों शाहरुख खान व आमिर खान ने बताया कि गड़बड़ कहां हुई है। दोनों का मानना है कि सिनेमा के लिए प्रेम बरकरार है, लेकिन फिल्म जाने का अनुभव-खर्च, एक्सेस, स्क्रीनों की संख्या करना बहुत लोगों के लिए कठिन हो गया है। शाहरुख खान ने कहा, मेरा अब भी मानना है कि जरूरत अधिक थिएटरों की है, छोटे थिएटर छोटे शहरों में, सस्ते थिएटर, ताकि देश के हर कोने में लोगों को अधिक फिल्में दिखा सकें वर्ना हर चीज बहुत महंगी होती जा रही है। आमिर खान ने कहा, चाहे भाषा जो हो, हमें भारतीय फिल्में दिखानी हैं अधिकतम भारतीयों को, सस्ते दरों पर। विरोधाभास यह है कि बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन के लिए उद्योग खराब फिल्मों पर थोप देता है, लेकिन अगर मैं अच्छी फिल्म भी बनाऊं तो भी वर्तमान बिजनेस मॉडल मेरी समझ से बाहर है। इसलिए फिल्म की गुणवत्ता अलग बहस है, असल समस्या बिजनेस मॉडल है, जोकि इस समय बहुत खराब है। चेन्नै के एक कार्यक्रम में कमल हासन ने क्षेत्रीय बनाम राष्ट्रीय और थिएटर बनाम ओटीटी पर अपनी शैली में बहस की। उनके अनुसार प्रामाणिकता एक ऐसा सिक्का है, जिसका मूल्य कभी कम नहीं हो सकता। बदलते क्षेत्रीय सिनेमा पर उन्होंने कहा, आज क्षेत्रीय नया राष्ट्रीय बन गया है और देशज नया अंतर्राष्ट्रीय। जो कहानियां मदुरै, मालाप्पुरम, मांड्या या मछलीपट्टनम में जन्म ले रही हैं, वह अब क्षेत्रीय सिनेमा नहीं है- वह राष्ट्रीय सांस्कृतिक घटनाएं हैं। एक फिल्म जिसकी जड़ें तटीय कर्नाटक में हैं जैसे 'कांटारा' वह पूरे देश को हिलाकर रख देती है। मलयालम फिल्म जैसे 'दृश्यम' और तेलगू फिल्म जैसे 'बाहुबली' या 'पुष्पा' रोजमर्रा की भाषा बन गई हैं। भारतीय मनोरंजन के बदलते लैंडस्केप और ओटीटी की बढ़ती प्रासिंगता के बारे में हासन का कहना है, 'भारत का मीडिया व मनोरंजन बदल रहा है। पहली बार यह परिवर्तन उपकरण या फॉर्मेट की वजह से नहीं बल्कि दर्शकों के कारण है। आज की कहानियां वास्तव में स्क्रीन-संशयवादी हैं। वह दर्शक के साथ यात्रा करती हैं। दर्शक ही प्लेटफार्म बन गये हैं।'

**मुंबई में वेव्स सम्मेलन के दौरान शाहरुख खान व आमिर खान ने बताया कि गड़बड़ी कहां हुई है। दोनों का मानना है कि सिनेमा के लिए प्रेम बरकरार है, लेकिन फिल्म जाने का अनुभव, खर्च, एक्सेस, स्क्रीनों की संख्या करना बहुत लोगों के लिए कठिन हो गया है।**

हासन की बात में दम है। 'कांटाराः ए लीजेंड चैप्टर 1' जोड़ों के लिए पहली पसंद की फिल्म बनी कि 6 लाख लोगों ने दोबारा देखी। एडवांस बुकिंग में 'कुली' ने बाजी मारी कि 2.4 मिलियन सीटें पहले से रिजर्व की गईं। अन्य फिल्में जिन्हें दर्शकों ने इस साल खूब पसंद किया वह थीं- 'छावा', 'सैयारा', 'महावतार नरसिम्हा', 'लोखा, 'थुदारुम, 'वॉर-2', 'एल2ः एम्पुरान' और 'सितारे जमीन पर'। प्रोपगंडा फिल्मों को दर्शकों ने इस बार पसंद नहीं किया, 'धुरंधर' अवश्य चली क्योंकि वह तकनीकी, पटकथा व एक्टिंग के लिहाज से अच्छी फिल्म बनायी गई है। लेकिन जिन पुरानी फिल्मों को इस साल फिर से रिलीज किया गया उन्होंने नास्टैल्जिया की वजह से दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया और इस सिलसिले में हैदराबाद भारत का री-रिलीज कैपिटल बना। 'ये जवानी है दीवानी', 'सनम तेरी कसम', सालार, आदू व रामाबनम टॉप थ्रोबैक फिल्में रहीं।

दशहरा के सप्ताहांत पर सबसे ज्यादा फिल्में दिखी गईं कि 6.3 मिलियन टिकट बिके। जो फिल्में अक्टूबर 2025 में रिलीज हुईं उन्होंने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1,669 करोड़ रुपए की कमाई की। जनवरी से अक्टूबर 2025 तक कुल मिलाकर 11,077 करोड़ रुपए की कमाई हुई, जोकि 2024 की इसी अवधि की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है। सबसे अधिक कमाई (735 करोड़ रुपए) 'कांटाराः ए लीजेंड चैप्टर 1' ने की। सिंगल स्क्रीन के लिए भी एक अच्छा पल आया कि ह्रहरि हरा वीरा मैलु- पार्ट 1 ने अपनी 55 प्रतिशत बिक्री सिंगल स्क्रीन से की। टॉप दस ओटीटी शोज रहे- 'द बड्स ऑफ बॉलीवुड', 'ब्लैक वारंट', 'पाताल लोक (सीजन 2)', पंचायत (सीजन 4), मंडाला मर्डर्स, खौफ, स्पेशल ऑप्स (सीजन 2), खाकीरू द बंगाल चैप्टर, द फैमिली मैन (सीजन 3) और क्रिमिनल जस्टिसः ए फैमिली मैटर। बहरहाल, टॉप सितारों के नजरिये के विपरीत सिनेमाघर मालिक सारे साल यह बहस करते रहे कि असल मुद्दा फिल्मों का निरंतरता के साथ रिलीज न होना है। वर्तमान में सिनेमाघर इस चक्र में फंसे हुए हैं कि एक साथ बहुत सारी फिल्में रिलीज होंगी या एकदम अकाल पड़ जायेगा। हाल के वर्षों में सात फिल्मों ने 500 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की है, जिससे मालूम होता है कि मांग अब भी बहुत है। लेकिन जब एक के बाद दूसरी रिलीज में बहुत फासला बढ़ जाता है, तो दर्शकों की सिनेमाघर में आने की दिलचस्पी कम हो जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर फिल्म निरंतरता के साथ रिलीज हों तो हम वापस 32 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी पर लौट सकते हैं, जोकि बिजनेस के लिए अच्छा रहेगा। इसके बावजूद फिल्में जब रिलीज हुईं तो बड़ी संख्या में दर्शकों ने अपने कदम सिनेमाघर की तरफ बढ़ाये। वैसे इस साल हॉरर ने प्रभाव अवश्य छोड़ा, लेकिन किसी विशेष जोनर (शैली) ने सिनेमा में राज नहीं किया। गौरतलब है कि वर्ष 2025 में हॉलीवुड की अलग अलग जोनर की फिल्में भारत के विभिन्न हिस्सों में रिलीज की गईं, लेकिन अतीत की तरह किसी खास जोनर- हॉरर, ड्रामा या सुपरहीरो ने सफलता की गारंटी नहीं दी। आज दर्शक बहुत अधिक चयनात्मक हो गये हैं और सिनेमाघर में तभी जाते हैं जब फिल्म उनकी उम्मीदों के अनुरूप हो। इस सिलसिले की अच्छी मिसाल 'इंटरस्टेलर' का पुनः प्रदर्शन है, जो भारत में 2025 में सबसे अधिक कमाई करने वाली हॉलीवुड फिल्म बनी और नई रिलीज से भी आगे निकल गई। इससे मालूम होता है कि दर्शक पुरानी फिल्में देखने के लिए थिएटर में जा सकते हैं अगर वह उनको अच्छी लगी हो। 'इंटरस्टेलर' के अतिरिक्त जिन ग्लोबल फिल्मों को इस साल पसंद किया गया वे हैं- एफ1, जुरासिक वर्ल्ड, मिशन इम्पॉसिबल, द कांजुरिंग 4, डेमन स्ल्येर और फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइंस।

## सोशल मीडिया



आज संसद में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत जी राम जी बिल पेश किया। यह बिल गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। सुधांशु त्रिवेदी.



नीतीश कुमार ने एक मुस्लिम महिला डॉक्टर के साथ जो किया, वह सही नहीं है, मैं इसकी निंदा करता हूं, नीतीश को उस महिला से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए। जावेद अख्तर.



भाजपा सत्ता पाने के लिए मतदाताओं को घुसपैठिया बताकर एस आईआर के जरिए नाम हटाने और सीबीआई ईडी, आयकर जैसी एजेंसियों से विपक्ष पर दबाव डालती है। प्रियंका.

# एकांतवास का महत्व

## अंतर्दृष्टि

ऋषि-मुनियों को प्रकृति की गोद हमेशा आकर्षित करती रही है। यही कारण है एकांत साधना से लेकर शिक्षा और लोककल्याण के कार्य प्रकृति के शांत वातावरण में होते रहे हैं। ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतिक शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है।

# अपनी-अपनी सीटी, अपना...

## व्यंग्यलोक

जब -जब कूकर में कुछ न कुछ पकता है और जब-जब संसद में कोई न कोई बकता है, तो लगता है कि कोई बवाल होने वाला है। हर तरफ कोई न कोई सवाल होने वाला है। कूकर एक और खाने की वैराइटी डिमांड अनेक। घर में 4 जने हैं और देश में कुल 134 करोड़। घर के हम चारों जीव चारों दिशाओं की ओर लगातार कूदते-फांदते रहते हैं। चारों की मांगे अलग-अलग। कोई कहे कूकर में यह पकेगा। कोई कहे कुकर में यही बनेगा तो ही खाएंगे। मनचाहा नहीं पका तो खटाक देनी सी धरने पर बैठ जाएंगे। धरने पर कूकर विरोधी गीत गाएंगे। घर की शांति को आग लगाएंगे। घर में पड़ी सुई के बंटवारे के लिए भाग लगाएंगे। संसद में कोई भी कानून बने उसका भी यही बवाल है। आपस में बोल-बच्चन के दाग लगाएंगे। मेरे घर में कुकर में क्या बनेगा यह भी एक बड़ा सवाल है। चार दिन की चांदनी, चार वेद, चार आश्रम और चार जने मिलकर एक ही तरह की कैसे खा पाएंगे? एक ही विचारधारा को कैसे पचा पाएंगे? इसलिए मैंने कूकर कंपनी को आदेशित कर दिया है कि एक ही कूकर में तुम चारखंड बना डालो। इन चार खंडों में कोई दाल खाएगा तो कोई मटर। कोई भिंडी पकाएगा तो कोई करेला। अपनी-अपनी भिंडी अपना-अपना साग। घर में पकने वाले आयटमों में बड़ा झमेला है। संसद सदन के अंदर पक रहे कानूनों में भी बड़ा खेला-ठेला है। क्या है कि कूकर अभी तक 5जी के नहीं बने हैं। वही आदमजात कूकर! वही एक ही पेट वाला। इनमें कोई चार-पांच खंड भी नहीं है और कूकर कोई आकर्षक और रंगीन भी नहीं है। कूकर तो रंगीन व आकर्षक ही होना चाहिए। पक्की पेंटिंग वाला। चेटिंग एप वाला। इलेक्ट्रॉनिक कूकर। उसके अंदर क्या पके वो एक अलग ही मैटर है। इधर आजकल कूकर की सीटी भी निरर्थक और एप्पल-बोर करने वाली है। बरसों से वही एक तरह की सीटी ही बज रही है। सींईं-सींईं सीं-सीं की वही पुरातन पंथी मानसिकता की आवाज मारती दकियानूसी। सीटी ऐसी हो कि खाना पकने की आवाज दे। गीत गाकर बुलाए। आइए आइए। खाना तैयार हो गया है, खाना तैयार हो गया है। ऐसे ही गा-गा कर नाचने वाली सिटी ही चाहिए। सीटियां तो एकदम झक्कास ही चाहिए! इधर तमाम तरह के कूकरों में तमाम तरह की सब्जियां पकाने वाले तमाम हाथ आजकल व्हाट्सएप और फेसबुक में बहुत बिजी हैं। ऐसे में व्हाट्सएप और फेसबुक से उनका ध्यान आकर्षित कैसे किया जाए ये सारी जिम्मेदारी कूकर पर होनी चाहिए। कूकर और संसद में पकने वाली चीजों में आकर्षण बहुत जरूरी है। नहीं तो हर एक अपनी-अपनी सीटी और अपना-अपना साग का गाते रहेंगे राग।



राम विलास जॉंगिड़

# कॅरियर में अवसर और चुनौतियां दोनों साथ रहीं



## विहंगावलोकन–2025

साल 2025 में भारत के नौकरी-बाजार में चुनौतियां और अवसर दोनों साथ-साथ रहे। पारंपरिक आईटी सर्विस और बीएफएसआई/रिटेल टेलीकॉम आदि क्षेत्रों में मजबूत मांग रही। कई नये उभरते क्षेत्रों में जैसे एआई, ग्रीन एनर्जी/ ईवी, बायोटेक/ एग्रीटेक आदि में बड़े पैमाने पर रिक्तियां निकलीं तथा वैश्विक टेक संरचनात्मक कटौती और फाइनटेक/ई-कॉमर्स कंपनियों में रि-ऑर्गनाइजेशन के कारण काफी हद तक छंटनी देखी गई। बहरहाल जिन सेक्टर्स ने इस साल भरपूर नौकरियां पैदा कीं, वे कुछ इस प्रकार रहे-

- आईटी और सॉफ्टवेयर सर्विसेज-क्लाउड, साइबरसिक्योरिटी, डेटा इंजीनियरिंग, एआई/ एमएल आदि क्षेत्रों में इस साल सबसे ज्यादा प्रोफेशनल्स की मांग रही। कंपनियां मॉडल/ प्रोडक्टाइजेशन, एसआरई और क्लाउड इंजीनियरिंग में लगातार भर्तियां कीं। इसी तरह बैंकिंग फाइनेंस इंश्योरेंस (बीएफएस आई)- डिजिटल बैंकिंग, पेमेंट्स- इंफ्रा, रिटेल क्रेडिट क्षेत्र में भी हायरिंग बनी रही और रिटेल तथा कारपोरेट दोनो में लेन देन आधारित रोल्स की मांग रही।

- रिटेल, ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक क्षेत्र में भी पोस्ट कोविड ग्राहकों की वापसी हुई। इसी के साथ स्टोर मैनेजमेंट, सप्लायी चेन और लॉजिस्टिक एवं अनलॉकिंग रिटेल में भी हायरिंग देखने को मिली।

- हेल्थ केयर, फार्मा और बायोटेक- क्लीन रूम रेगुलेटरी और आरएंडडी रोल्स के साथ भर्ती का प्रवाह भी खूब देखा गया। खासकर रीजनल हेडकाउंट और क्लिनिकल स्टॉक। यही सिलसिला ग्रीन एनर्जी/ईवी इको सिस्टम और मैन्यूफैक्चरिंग और ईवी चेन (बैटरी, पावर्ड इक्यूपमेंट) के कारण औद्योगिक भर्तियां बढ़ीं।

जबकि कई क्षेत्रों में इस साल आशंका से कहीं ज्यादा छंटनी और रि-स्ट्रक्चरिंग भी हुई। मसलन 2025 में वैश्विक टेक महाशक्ति समझी जाने वाली कंपनियों की रि-स्ट्रक्चरिंग और एआई स्टेज्टेजी के कारण बड़े पैमाने पर यहां छंटनी देखी गई। मुख्यतः ओवर हायरिंग, डुप्लीकेट टीम स्ट्रक्चर और एआई फोकस के लिए रिसॉर्स, रि-एलोकेशन के कारण भी बड़े पैमाने पर छंटनी देखने को मिली। इस कारण भारत में उच्च टीम लेबल रिकंडेंसी और हायरिंग फ्रीज भी देखने में आयी। विशेषकर ई-कॉमर्स और फिनटेक तथा अस्पष्ट रोल्स में। हालांकि ग्रॉस नियोजन भावना पूरे साल नकारात्मक रही। कई सेक्टरों ने सक्रिय हायरिंग की। जहां तक इस साल वेतन वृद्धि का सवाल है, तो 2025 के लिए अलग अलग सर्वे तथा एडवाइजरी रिपोर्टों का औसत 6 से 11 फीसदी के बीच रहा। पर फील्ड और स्किल-क्रिटिकल्टी के अनुसार 6 से 15 फीसदी तक रिपोर्ट की गई। कुछ प्रमुख कार्पोरेट सर्वे (डब्ल्यूटीड ब्ल्यू/ईवाई/टीम लीज/स्टॉफिंग इंडस्ट्री) 2025 के लिए 9 से 9.5 फीसदी रही। मेन रिफ्रेंस बिंदु यह रहा कि निचले टियर वाले औद्योगिक तथा छोटे उद्यमों में कम और हॉट स्किल्स (एआई, क्लाउड, साइबर) में ज्यादा वृद्धि देखने को मिली। संक्षेप में औसत राष्ट्रीय वेतन वृद्धि साल 2025 में 9 प्रतिशत के आसपास ही रही, पर रोल और इंडस्ट्री तथा लोकेशन के हिसाब से यह अलग अलग प्रतिशत में वृद्धि हुई। जहां तक नौकरी रूझान के पीछे महत्वपूर्ण कारणों को संबंध है तो इस साल एआई और ऑटोमेशन व्यवसायों ने बड़े पैमाने पर एआई को अपनाया, जिससे कुछ नये रोल बने, कुछ पारंपरिक नौकरियां खत्म हो गईं। इसलिए कहा जाना चाहिए इस साल बड़े पैमाने पर स्किल्स शिफ्ट भी हुआ। सर्विस डिजिटलीकरण के तहत बीएफएसआई, रिटेल और हेल्थ में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने पिछले कई सालों के मुकाबले इस साल ज्यादा हायरिंग की। ग्रीन इनहैंसिव नीतियों और ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) आदि क्षेत्रों में बढ़त देखी गई। साथ ही ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर के भी क्षेत्र में नौकरी के बेहतर अवसर देखने को मिले। अगर समग्रता में देखें तो इस साल-

- कुल हायरिंग ट्रेंड शहरवार और कुछ क्षेत्र विशेष तक केंद्रित रहे।

- सेक्टरवार रिक्तियां और प्रमुख हायरिंग रोल्स में टॉप स्किल्स की ज्यादा पूछ रही। वेतन रेंज और औसत वेतन हाइक उद्योग तथा वरिष्ठता के अनुसार विभाजित रहे।

- छंटनी रिऑर्ग रिपोर्ट अलग अलग सेक्टर तथा अलग अलग कंपनियों में अलग अलग स्तर पर रही। स्किल गैप्स और अपस्किलिंग सिफारिशें कॅरियर-कोर्स/माइक्रो स्किल विकल्प के रूप में देखे गये।

- नई कानूनी/वर्क पॉलिसी यह सरकारी पहल जैसे मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया के कार्यक्रम का असर कारपोरेट क्षेत्र में देखा गया।

- नरेन्द्र कुमार.

## आपकी बात

### आर्थिक समृद्धि का दौर

देश में आर्थिक प्रगति से लोगों की समृद्धि में इजाफा हो रहा है यह बहुत उत्साह का विषय है। रोजगार की प्रवृत्ति में व्यापक बदलाव आया, सेवा क्षेत्र के विस्तार, स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी आधारित विकास के कारण कुछ क्षेत्रों और लोगों की आर्थिक समृद्धि तेजी से बढ़ी लेकिन बहुत से लोग और सेक्टर ऐसे भी रहे जो कोरोना के पहले वाली चमक दुबारा हासिल नहीं कर सके। इस कारण आर्थिक प्रगति तो हुई लेकिन संसाधनों का वितरण बहुत ही असमतल हुआ, जिसके कारण देश में आय असमानता जैसी स्थिति बढ़ती गयी। तेज प्रगति के करण 2014-15 में जो प्रति व्यक्ति आय 86,647 रुपये सालाना थी, वो 2022-23 में बढ़कर लगभग दुगुनी 1,72,000 हो जाने का अनुमान है। प्रति व्यक्ति आय जीडीपी से जनसंख्या को भाग देकर निकाला जाता है। इस तरह पर कैपिटा इन्कम का अर्थ यह है कि देश में प्रति व्यक्ति औसत आय 1,72,000 रुपये है। मोदी सरकार के आठ वर्ष के कार्यकाल के दौरान प्रति व्यक्ति आय डबल होने का मतलब है कि बीते आठ वर्षों के दौरान कोरोना महामारी और इसके कारण अर्थव्यवस्था में आयी तेज गिरावट के बावजूद अगर चालू कीमतों पर प्रति आय दुगुनी हो गयी है और स्थिर कीमतों पर भी इसमें करीब 35 फीसद की वृद्धि हुई है, तो इससे स्पष्ट है कि विकास हुआ है और महामारी के बावजूद विकास हुआ है, लेकिन संसाधनों के असमान वितरण के कारण शायद इसका लाभ सबको नहीं मिला। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार जहां एक तरफ आर्थिक प्रगति को उच्चतम दर तक ले जाने का प्रयास करे वहीं प्रभावी करारोपण और व्यापक सोशल सिक्योरिटी नेटवर्क के जरिए उन लोगों को मदद पहुंचाने का काम करे जो प्रगति की दौड़ में पीछे छूट गये हैं। आर्थिक प्रगति का कल्याणकारी स्वरूप तभी उभर कर सामने आयेगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रगति के लाभों का प्रवाह हो। अगर आर्थिक प्रगति कुछ हाथों में केन्द्रित होकर रह जायेगी, राष्ट्रीय संसाधनों का वितरण बहुत ही असमान होगा, तो ऐसी प्रगति बहुत काम की नहीं है। देश की अर्थव्यवस्था कोरोना के प्रभाव से उबर चुकी है और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया भर में जो भू-राजनीतिक तनाव की स्थिति बनी, उसको भी काफी हद तक देश झेल चुकी है। अब आगे आने वाले वर्षों में भी अच्छी प्रगति की उम्मीद है। सरकार मिशन गति शक्ति के जरिए व्यापक स्तर पर लॉजिस्टिक्स, बुनियादी ढांचा, एविएशन, रेलवे, ग्रीन एनर्जी, टेक्नोलॉजी आदि में निवेश कर रही है।

**सत्य प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

### कैसे खत्म होगी बेरोजगारी

शहरों का विकास रोजगारकी समस्या को हल करने में बड़ा मददगार साबित हो सकता है। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास के लिए शहर तैयार नहीं हैं।

**मनीष कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## इंदिरा स्टेडियम में बालक बालिका टूर्नामेंट आयोजित

बहराइच। डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित स्वर्गीय मदन लाल अग्रवाल स्मारक द्वितीय राज्य स्तरीय बालक एवं बालिका बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन 19 दिसम्बर को इंदिरा स्टेडियम में सुबह 10.30 बजे होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी रवि गिरी जी महाराज तथा विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह होंगे।

डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष मल्होत्रा व सचिव मनोज गुप्ता ने संयुक्त विज्ञप्ति में बताया कि टूर्नामेंट में अंडर-15 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उत्तर प्रदेश के दो दर्जन से अधिक जिलों से खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है।

सचिव मनोज गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल एक लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि रखी गई है। गैर जनपद से आने वाले खिलाड़ियों के लिए निःशुल्क आवास व भोजन की व्यवस्था की गई है तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

# युवक की निर्मम हत्या

जिला संवाददाता



अयोध्या। जनपद के थाना हैदरगंज क्षेत्र अंतर्गत तहसील बीकापुर के ग्राम सभा रखौना में विजय श्याम विश्वकर्मा की चाकू से रेतकर निर्मम हत्या किए जाने की घटना से क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस जघन्य हत्याकांड की सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी और विश्वकर्मा समाज के कई वरिष्ठ नेता गांव पहुंचकर

- सपा नेताओं ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई व 50 लाख मुआवजे की किया मांग

पीड़ित परिवार से मिले और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान नेताओं ने शासन-प्रशासन से मांग की कि इस हत्या में सम्मिलित सभी अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। नेताओं ने कहा कि यह घटना किसी एक व्यक्ति द्वारा की गई प्रतीत नहीं होती, बल्कि इसमें कई लोगों की संलिप्तता की आशंका है, इसलिए मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाए तथा सभी दोषियों को गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दी जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। नेताओं ने सरकार से यह भी मांग की कि मृतक के परिजनों को आर्थिक संबल देने के लिए 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय के साथ-साथ राहत भी मिल सके। समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने भी पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना पर गहरा दुख प्रकट करते हुए प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

सपा के निवर्तमान प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि पीड़ित परिवार से मिलने वालों में समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. गोविन्द विश्वकर्मा, समाजवादी पार्टी के नेता एवं विश्वकर्मा ब्रिगेड अयोध्या के जिला अध्यक्ष रंजीत विश्वकर्मा, विश्वकर्मा ब्रिगेड अयोध्या के जिला प्रभारी पवन विश्वकर्मा, समाजवादी पार्टी के वर्तमान/पूर्व जिला सचिव प्रीतम विश्वकर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला मीडिया प्रभारी रवि विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा, विश्वकर्मा ब्रिगेड अयोध्या के जिला सचिव अशोक विश्वकर्मा, समाज के नेता पंकज विश्वकर्मा, समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला सचिव अनिल विश्वकर्मा, अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के महानगर अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र विश्वकर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी और विश्वकर्मा समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## उप कृषि निदेशक ने मगलसी और अरथर में किसान पाठशाला का किया औचक निरीक्षण



सोहावल-अयोध्या। उप कृषि निदेशक ने सोहावल क्षेत्र के मगलसी और अरथर ग्राम सभा में किसान पाठशाला का औचक निरीक्षण किया। मगलसी में शोभाराम और विक्कल वर्मा के कृषि फार्म को पाठशाला मे उपस्थित कृषकों के साथ देखा। श्री शोभाराम ने अपने 2 एकड़ के फार्म पर बहु फसली माडल को अपनाया है। बागवानी, पशुपालन, केला के साथ सहफसल मे आलू, गेंदा, बेड पर लहसुन पुवाल की मल्चिंग के साथ मिर्च इत्यादि को लगाया है। इनके नवोन्मेषी कार्य की सराहना करते हुए उप कृषि निदेशक ने किसानों को फसल विविधीकरण, सहफसल के साथ समेकित कृषि प्रणाली को अपनाने से आत्म निर्भरता के साथ कृषि मे बेहतर लाभ हासिल किया जा सकता है।

अरथर में किसान पाठशाला का संचालन अरविन्द सिंह ने किया। जिसमें रबी फसलों की समय से सिचाई और पोषक तत्व प्रबंधन खरपतवार प्रबंधन के जानकारी के साथ विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी (कृषि) एवं कृषक बंधु विजय प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, राम अक्षयवर, चंद्रशेखर, अरुण तिवारी सहित कई कृषक उपस्थित रहे।

## खेल प्रतियोगिता और वार्षिक समारोह का राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने किया समापन



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। ग्राम मालिनपुर मे जेबीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस परिसर मे चल रहे तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता एवं वार्षिक समारोह का समापन मुख्य अतिथि खाद्य एवं रसद विभाग राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। विशिष्ट अतिथि के रुप मे विधायक कुर्सी साकेंद्र वर्मा, जिला प्रभारी एवं एमएलसी लखनऊ खंड स्नातक अवनीश सिंह पटेल मौजूद रहे। प्रतियोगिता मे खो-खो, कबड्डी, रस्साकशी, ऊँची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक एवं वॉलीबॉल के फाइनल मुकाबले मे विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रमाण-पत्र एवं पदक पहनाकर सम्मानित किया। समारोह मे संस्थान संस्थापक एमएलसी अंगद कुमार सिंह, जेबीएस इंस्टीट्यूट की प्रबंधक पूनम सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश सिंह, ग्रुप डायरेक्टर आकांक्षा सिंह ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का बूके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर वर्मा, प्राचार्या नीरजा सिंह, डा0 अनिल कुमार, कल्याण यादव, शाहनवाज अहमद, लवकुश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## यंग इण्डियन प्रकरणः कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय का घेराव कर किया प्रदर्शन



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजयराय के आवाहन पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया एवं जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन के नेतृत्व में यंग इण्डियन प्रकरण में कांग्रेस नेतृत्व के विरूद्ध की गई ई0डी की कार्यवाई को न्यायालय द्वारा अवैध ठहराये जाने पर भाजपा की बदले की राजनीति के विरोध में कांग्रेसियों ने भाजपा कार्यालय का घेराव करते हुये प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पूर्व सांसद श्री पुनिया ने झूठे केस औंधी चाल की राजनीति भारतीय जनता पार्टी द्वारा की जाती है। कांग्रेस पार्टी इन झूठे मुकदमों से डरने वाली नही है। क्योंकि सत्य कुछ क्षणों के लिये परेशान जरूर हो सकता है लेकिन पराजित नही हो सकता है। प्रदर्शन के दौरान नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, धीरज गुज्जर, ज्ञानेश शुक्ला, शिवशंकर शुक्ला, के0सी0 श्रीवास्तव, आदर्श पटेल, शिव बहादुर वर्मा, इरफान कुरैशी, रमेश कश्यप, मोईनुद्दीन अंसारी, सिकन्दर अब्बास रिजवी, पंकज यादव, सूरज रावत, अजय रावत, गोपी कनौजिया आदि काग्रेसी मौजूद रहे।

# एटीएम में चोरी का प्रयास

जिला संवाददाता

मिल्कीपुर-अयोध्या। इनायतनगर थाना क्षेत्र के बारुन बाजार में एक इंडिया वन एटीएम में चोरी के प्रयास की दुस्साहसिक घटना सामने आई है। बुधवार-गुरुवार की रात में चोरों ने गैस कटर का इस्तेमाल कर एटीएम मशीन को काटा परंतु नगदी ले जाने में असफल रहे। चोरी का पता गुरुवार सुबह तब चला जब एटीएम कंपनी ने मकान मालिक को फोन कर एटीएम बंद होने की सूचना दी। मकान मालिक श्याम नारायण जायसवाल ने अपने बेटे आशीष को मौके पर भेजा। आशीष ने पाया कि एटीएम को गैस कटर से काटा गया है और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को भी चोरों ने उखाड़ दिया गया है। इसके बाद मकान मालिक ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बारुन बाजार पुलिस चैकी प्रभारी अविनाश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच शुरू कर दी। इसके बाद दोपहर में फॉरेंसिक जांच दल की फील्ड यूनिट घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य संकलन में जुट गई। एटीएम के बगल कैफ गार्मेंट्स की दुकान में लगे सीसीटीवी में दो चोर गैस कटर मशीन के साथ एटीएम में आते और जाते दिखाई पड़े हैं फिलहाल पुलिस घटना में दो से तीन चोरों के शामिल होने की बात कह रही है और चोरों की तलाश में आसपास के अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि उनका सुराग मिल सके। इंडिया वन एटीएम बैंक के अधिकारी मोहम्मद दानिश खान ने बताया कि चोरों ने गैस कटर की सहायता से एटीएम मशीन के वाल्ट वाले हिस्से के बाहरी हिस्से को काटा परंतु जहां नगदी रखी जाती है वहां तक नहीं पहुंच सके जिस कारण वे नगदी ले जाने में असफल रहे।

# पलिया लोहानी ग्राम पंचायत का विकास मॉडल बना मिसाल




मिल्कीपुर-अयोध्या। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत पलिया लोहानी बृहस्पतिवार को विकास की प्रयोगशाला बन गई, जब मध्य प्रदेश से आए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने यहां पहुंचकर जमीनी स्तर पर हुए नवाचारों का प्रत्यक्ष अनुभव लिया। ग्राम प्रधान अभिषेक भद्र सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पारंपरिक अंदाज में अतिथियों का स्वागत कर गांव की विकास यात्रा से परिचित कराया। एक्सपोजर विजिट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और डिजिटल सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में किए गए कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। भ्रमण की शुरूआत परिषदीय विद्यालय पलिया लोहानी से हुई, जहां स्थापित खगोलीय प्रयोगशाला ने सभी का ध्यान खींचा। बच्चों से संवाद के दौरान अतिथियों को बताया गया कि किस प्रकार आधुनिक संसाधनों से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा मिली है। इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संचालित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, घर-घर कूड़ा संग्रह, वर्मी व नैनो कंपोस्टिंग की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित पीडीएस गोदाम का भ्रमण कर वितरण प्रणाली की पारदर्शिता और सुविधाओं की जानकारी ली गई। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत आयुष्मान आरोग्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का अवलोकन किया गया, वहीं ग्राम पंचायत की डिजिटल लाइब्रेरी प्रतिनिधिमंडल के लिए विशेष आकर्षण रही। अधिकारियों को जानकारी दी गई कि डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से अब तक 22द23 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हो चुका है, जिसे ग्रामीण प्रतिभा के लिए बड़ी उपलब्धि बताया गया। भ्रमण के उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने पलिया लोहानी को विकास, नवाचार और जनभागीदारी का सशक्त मॉडल बताते हुए इसे अन्य ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणास्त्रोत और ह्लआदर्श ग्राम पंचायतह्व की संज्ञा दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पंचायती राज निदेशालय से मनीष, जिला समन्वयक दीपक सेन एवं अविरल पाठक, जिला परियोजना प्रबंधक उपेंद्र तिवारी, मास्टर ट्रेनर महेंद्र पाल, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, ग्राम प्रधान सचिन, विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## माइनॉरिटी राइट्स डे पर कार्यक्रम आयोजित



बाराबंकी। मदरसा जामिया मदीनत-उल-उलूम रसौली में माइनॉरिटी राइट्स डे पर प्रधानाचार्य मौलाना मकबूल अहमद कासमी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश में अल्पसंख्यको के संवैधानिक, सामाजिक और एजुकेशनल अधिकारों को हाईलाइट करना और आपसी भाईचारे, सहनशीलता सहित राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम की शुरूआत पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। तत्पश्चात अध्यापकों एवं वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे और कहा कि भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है और अल्पसंख्यको को अपने धर्म, संस्कृति और भाषा की रक्षा करने की पूरी आजादी देता है। उपस्थित वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि अल्पसंख्यको के अधिकारों की रक्षा शिक्षा, जागरूकता और शांतिपूर्ण संघर्ष से ही संभव है। कार्यक्रम में पहुंचे जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए मदरसे का एजुकेशनल रिव्यू किया। और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर प्रकाश डाला साथ ही स्टूडेंट्स और टीचरों को जरूरी निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में संदेश देते हुए कहा गया की समाज में शांति, व्यवस्था और विकास तभी संभव है जब सभी कम्युनिटी एक-दूसरे के अधिकारों का सम्मान करें। कार्यक्रम में मौलाना मो तारिक, मौलाना मो हयात कासमी, मौलाना अभयराम नदवी, मास्टर मुईज उस्मानी, श्रीकांत, मेराज कि दवई सहित जामिया टीचर्स ने हिस्सा लिया।

# वाईएस लोहित बने सीनियर एडवोकेट

बाराबंकी। इण्डियन एसोसिशन ऑफ लायर्स के राष्ट्रीय महासचिव सीनियर अधिवक्ता वाई0एस लोहित को उच्च न्यायालय मे सीनियर अधिवक्ता नियुक्त किये जाने के बाद अधिवक्ताओ द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री

- मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कार्यक्रम मे पहुंच दी बधाई
- 1978 से की वकालत की शुरुआत, 47 साल बाद बने सीनियर एड़वोकेट

बृजेश पाठक कार्यक्रम मे मौजूद रहे। मानस सलब्रेशन लॉन मे आयोजित कार्यक्रम मे माननीय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी, श्रीप्रकाश सिंह, बी0आर सिंह सहित राम मनोहर नारायण मिश्रा मौजूद रहे।

जनपद से भी अधिवक्ताओ ने कार्यक्रम मे शिरकत की। सीनियर अधिवक्ता श्री लोहित ने 23 अप्रैल 1978 से वकालत की शुरूआत की थी। मूल रुप से बस्ती जिले के निवासी श्री लोहित वर्तमान मे इण्डियन एसोसिशन ऑफ लायर्स के प्रदेश अध्यक्ष भी है। वकालत मे महारत हासिल करने के साथ 1992 से लेकर 2021 तक उनके द्वारा जे0टी0आर0आई लखनऊ मे सिविल जजो को टेजनिंग दिये जाने मे भी अपना योगदान दिया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री पाठक ने अपने सम्बोधन मे कहा कि सीनियर अधिवक्ता श्री लोहित से हमारा बहुत पुराना कालेज समय का रिश्ता है। एक ही हास्टल मे सीनियर के रुप मे मैने श्री लोहित को पाया था। उस समय भी श्री लोहित पढ़ने मे अव्वल थे। इसके बाद सीनियर अधिवक्ता श्री लोहित को शाल पहनाकर व बूके देकर सभी ने स्वागत किया। गैर जनपदो से भी अधिवक्ताओ का समूह बधाई देने के




लिये पहुंचा था। बाराबंकी जनपद से सीनियर अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन के नेतृत्व मे अधिवक्ताओ ने श्री लोहित उपहार व बूके देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर सीनियर अधिवक्ता सतीश चन्द्र मिश्रा, अवध बार अध्यक्ष पंडित एस0 चन्द्रा, महामंत्री ललित तिवारी, मुख्य महासचिव महेन्द्र राय, विजय प्रताप सिंह, पुष्पेन्द्र कुमार सिंह, सरदार भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की, शरद नन्दन ओझा, शिवानी मौर्या, श्याम सिंह, सरदार त्रिपत सिंह, नीरज वर्मा आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने की राजस्व कार्यों, कर-करेत्तर और प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा

जिला संवाददाता

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने राजस्व कार्यों, कर-करेत्तर एवं प्रवर्तन कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक की। बैठक मे जिलाधिकारी ने कर वसूली एवं प्रवर्तन से जुड़े समस्त कार्य लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण किये जाने, सभी उपजिलाधिकारी सप्ताह में कम से कम एक दिन अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए अवैध रूप से संचालित अस्पतालों, अवैध खनन, खाद्य सुरक्षा, गन्ना तौल केंद्रों, धान क्रय केंद्रों तथा नहरों में कराई जा रही सिल्ट सफाई से संबंधित कार्यों में प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही किये जाने, स्वास्थ्य विभाग से वैध रूप से संचालित अस्पतालों की सूची प्राप्त कर संबंधित चिकित्सा अधीक्षकों के साथ अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के विरुद्ध सीलिंग की कार्यवाही किये जाने को लेकर निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुये कहा कि जनस्वास्थ्य से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग के प्रवर्तन कार्यो की समीक्षा करते हुये कहा कि परिवहन की अनुबंधित बसें बिना स्टॉप के चैराहों पर सवारियों को बैठाने के लिए रुकने से जाम की स्थिति होती है। जिन पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए ऐसे चालको व परिचालकों पर जुमार्ने की वसूली किये जाने के निर्देश दिये। कर-करेत्तर राजस्व की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने खनिज, परिवहन, आबकारी, विद्युत, राजस्व विभाग, तहसीलों, बैंकों एवं नगर निकायों से संबंधित देयकों की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। लक्ष्य के सापेक्ष 90 प्रतिशत से कम प्राप्ति वाले विभागों के विभागाध्यक्षों को पत्राचार करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने धारा 24 के मामलों के निस्तारण में विशेष तेजी लाने, 3 वर्ष से अधिक एवं 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित मुकदमों को मिशन मोड में निस्तारित करने, धारा 34, धारा 38, धारा 67, धारा 80 एवं धारा 116 से संबंधित मामलों का भी समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राज कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम रामनगर गुंजिता अग्रवाल सहित समस्त तहसीलों के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बाल श्रम उन्मूलन जागरूकता के लिए निकाली गयी रैली




बहराइच। बाल श्रम उन्मूलन एवं जनपद बहराइच को दिसंबर 2026 तक बाल श्रम से मुक्त कराये जाने के उद्देश्य से सहायक श्रम आयुक्त बहराइच सिद्धार्थ मोदियानी द्वारा जागरूकता प्रचार प्रसार वाहन को गेंद घर स्थित श्रम कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। श्री मोदियानी ने सभी व्यापारी बंधुओं एवं अभिभावकों से अनुरोध किया है कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे से कोई भी कार्य न लें तथा 14 से 18 वर्ष के किशोर से कोई भी खतरनाक प्रकृति का कार्य न कराए। ऐसे करते हुए पकड़े जाने पर 06 माह से 02 साल की जेल तथा जुमार्ना हो सकता है।

# खुदाई के दौरान मिले चांदी के सिक्कों से भरे घड़े



बहराइच। तहसील क्षेत्र के बालपुर के नजदीक स्थित गांव ठकुरापुरा में गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक मंदिर के पास जेसीबी मशीन से खुदाई के दौरान चांदी के सिक्कों से भरे घड़े बरामद हुए। घड़े निकलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और इलाके में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंदिर के समीप किसी कार्य को लेकर जेसीबी मशीन से जमीन की खुदाई की जा रही थी। इसी दौरान मशीन की बाल्टी जमीन के भीतर दबे मिट्टी के घड़ों से

- ठकुरापुरा गांव से जुड़ा है मामला, मौके पर लोगों की जुटी भीड़

टकराई, जिन्हें बाहर निकालने पर उनमें चांदी के पुराने सिक्के भरे हुए पाए गए। सिक्के देखने में काफी पुराने बताए जा रहे हैं, जिससे इनके ऐतिहासिक होने की संभावना जताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में कौतूहल बढ़ गया। लोग इसे किसी पुराने समय की धरोहर या खजाने से जोड़कर देख रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि यह सिक्के किसी प्राचीन काल में मंदिर या आसपास के क्षेत्र में सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जमीन में दबाए गए होंगे। खबर फैलते ही प्रशासन और संबंधित विभाग को सूचना दिए जाने की बात कही जा रही है।

प्रशासन द्वारा सिक्कों की जांच, सुरक्षा और ऐतिहासिक मूल्यांकन किए जाने की संभावना है।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि घड़े में कुल कितने सिक्के हैं और उनकी वास्तविक कीमत या कालखंड क्या है। यह मामला अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग प्रशासन की आधिकारिक कार्रवाई और पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं।

## किसाना पाठशाला का शुभारम्भ

बाराबंकी। विकासखंड बनीकोडर के ग्राम शाहपुर मुरारपुर में किसान पाठशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। पाठशाला मे मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्री शर्मा जी ने कहा कि वर्तमान सरकार की सभी योजनाएं किसान हितैषी हैं। वे निरंतर जागरूक रहकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपने प्रदेश एवं देश को विकसित बनाने की दिशा में सक्रिय योगदान दें। उप निदेशक कृषि धीरेंद्र सिंह ने कृषको को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा रबी मौसम में कृषि निवेशों की उपलब्धता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ0 अर्चित शुक्ला ने प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती के महत्व एवं तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी।

कृषि वैज्ञानिक डॉ0 अभिषेक रंजन ने मिलेट्स (श्री अन्न) की खेती एवं कृषि यांत्रिकी के विषय में उपयोगी जानकारी साझा की। कृषि विशेषज्ञ अशोक कुमार मिश्रा ने फसलों में आईपीएम के माध्यम से विषमुक्त खेती के बारे में जानकारी दी।

# किसान पाठशाला में शामिल हुए कृषि मंत्री




बहराइच। विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुरजापुर माफी स्थित उत्तर प्रदेश गौरव पुरस्कार से सम्मानित प्रगतिशील कृषक जय सिंह के खेत पर प्रदेश के मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में ह्यह्यखेत की बात खेत परह्लह्ल, किसान पाठशाला आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी सहित अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में महिला एवं पुरूष कृषक मौजूद रहे।

किसान पाठशाला का शुभारंभ करते हुए मा. कृषि मंत्री श्री शाही ने कहा कि किसान केन्द्र व राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता हैं। हमारी सरकार द्वारा किसानों के हितार्थ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सोलर पंप, नेचुरल फार्मिंग, कृषि यंत्रीकरण, बीज वितरण के साथ साथ अन्य योजनाएं संचालित कर डीबीटी के माध्यम से कृषकों अनुदान का लाभ दे रही है। इसके अतिरिक्त कृषक उत्पादक संगठनों को भी व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को राजकीय कृषि बीज भंडारों के माध्यम से 50 प्रतिशत अनुदान काटकर सीधे किसानों को बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। रबी 2025-26 में दलहनी एवं तिलहनी फसलों के 11850 मिनीकिट का निःशुल्क वितरण कराकर जनपद में दलहनी एवं तिलहनी फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

श्री शाही ने कहा कि जिले में आत्मा योजना के अंतर्गत प्रति ब्लाक 40-40 कुल 560 तथा 28 फार्म स्कूल चयनित कर किसानों के प्रक्षेत्र पर प्रदर्शन आयोजित कराए जा रहे हैं। जनपद में नेचुरल फार्मिंग योजना के तहत 120 क्लस्टर गठित कराए गए हैं, जिसमें जिले के 15000 किसानों को जोड़ा गया है, जिन्हें खरीफ एवं रबी में प्रति कृषक रू. 4000 की सहायता डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जा रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि जिले के 120 क्लस्टरों में कार्यरत 240 कृषि सखी सीआरपी को प्रतिमाह रू. 5000 का मानदेय दिया जा रहा है। जनपद के 184 कृषकों द्वारा ऑनलाइन सोलर पम्प बुक किए गए हैं जिनकी बुकिंग कंफर्म कर दी गई है। जनपद में किसानों की आय बढ़ाने के लिए 91 कृषक उत्पादक संगठन गठित कराए गए हैं, जो अपनी आय वृद्धि हेतु अच्छा कार्य कर रहे हैं। जनपद के कृषकों को 40 से 80 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर, सिंगल यंत्रों का वितरण ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया के तहत कराया जा रहा है जिसका अनुदान सीधे किसान के खाते के माध्यम से भेजा जा रहा है।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई एसआईआर की समीक्षा बैठक

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा हेतु बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने समस्त ईआरओ व एईआरओ को निर्देश दिया कि बीएलओ बीएलए की मीटिंग समय से कराकर मीटिंग के मिनट्स बीएलओ ऐप पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने सभी सम्बन्धित को निर्देश दिया कि मृतक, शिफ्टेड, अनुपस्थित एवं डुप्लीकेट मतदाताओं का शत-प्रतिशत सत्यापन कराकर यह सुनिश्चित करें कि कोई अर्ह मतदाता का नाम सूची में दर्ज होने से छूटना नहीं चाहिए। डीएम ने ईआरओ व एईआरओ को निर्देश दिया कि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवक-युवतियों के अधिक से अधिक फार्म-06 भरवाये जायें। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी कालेजों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से फार्म-06 भरने हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया जाय। डीएम द्वारा ईआरओ व एईआरओ को निर्देश दिया गया कि लॉजिस्टिक एरर का भी सत्यापन करा लिया जाय तथा ए.एस.डी. कैटेगरी में डिजिटाइज्ड किये गये फार्मों को बूथ लेबिल अधिकारियों रिपोर्ट व हस्ताक्षर के साथ अपलोड कराया जाय।

संक्षेप

## बाइक- पिकअप की टक्कर में युवक की मौत, दो घायल

**अमेठी।** मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के भीखीपुर गांव के पास बाइक पिकअप की टक्कर में बाइक सवार युवक एवं दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयी जिन्हें आसपास के लोगों के सहयोग से स्थानीय सीएचसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया वहीं गंभीर रूप से घायल एक महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस विधिक कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजवाया। गुरुवार को कुशवैरा शाहगढ़ निवासी दिलीप कुमार पुत्र जग प्रसाद बाइक से अपनी माँ की दवा करा कर घर जा रहे थे कि भीखीपुर गांव के पास तेज रफ्तार से आ रही पिकअप ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें दिलीप कुमार उम्र 31 वर्ष पुत्र जगप्रसाद की दर्दनाक मौत हो गयी एवं सुशीला पत्नी जगप्रसाद व सुमन पत्नी राकेश घायल हो गयी गंभीर रूप से घायल सुशीला को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला अस्पताल रेफर कर दिया सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस विधिक कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजवाया घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

## अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर ने निर्देशन में एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ के द्वारा अभियोजन कार्यों की अक्टूबर व नवम्बर की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट साभार में की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित निस्तारित, लंबित व नए अभियोजन प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। गैंगेस्टर के लंबित मामलों को शीघ्रता से पैरवी करते हुए निस्तारित कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि न्यायालयों में लंबित मामलों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कराई जाए तथा समयबद्ध कार्रवाई की जाए, गंभीर प्रकरणों में गवाहों की उपस्थिति, समय पर साक्ष्य प्रस्तुत करने तथा केस डायरी की नियमित निगरानी की जाए। बैठक में गैंगेस्टर, पास्को, एससी/एसटी आदि से संबंधित गंभीर प्रकरणों पर विस्तार से समीक्षा की गयी। बैठक में अभियोजन कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और विभागवार लंबित प्रकरणों का विवरण साझा किया गया। बैठक में संयुक्त निदेशक अभियोजन धीरेंद्र कुमार मिश्रा, डीजीसी क्रिमिनल अजय मौर्य, सीओ सिटी अरुण कुमार नौहवार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## योजना का लाभ उठायें

**आजमगढ़।** उप दुग्धशाला विकास अधिकारी, आजमगढ़ ने बताया कि दुग्धशाला विकास विभाग जनपद आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़ के जनपद, आजमगढ़ में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना अन्तर्गत दो स्वदेशी गौ (साहीवाल, गिर, थारपारकर, हरियाणा) नस्ल की दो स्वदेशी गाय की इकाई स्थापित करने पर दो लाख की इकाई पर 40% या अधिकतम अस्सी हजार अनुदान मुख्यालय द्वारा सीधे डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी के खातों में दी जाती है। साथ ही नन्दिनी एवं मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का संचालन पशु पालन विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए जनपद स्तरीय अधिकारी दुग्धशाला विकास विभाग एवं पशुपालन विभाग कार्यालय आजमगढ़ से सम्पर्क कर सकते हैं।

# इलाज में लापरवाही के आरोप में अवध हॉस्पिटल सील

### युवक की मौत पर परिजनों ने सड़क जाम कर किया हंगामा




**रायबरेली।** लापरवाही के गंभीर आरोपों के बाद जेल रोड स्थित अवध हॉस्पिटल को सील कर दिया गया है। यह कार्रवाई एक युवक की पथरी के ऑपरेशन के दौरान कथित लापरवाही से मौत होने के बाद की गई। परिजनों ने अस्पताल के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए शव को अस्पताल के सामने रखकर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया था। उल्लेखनीय है कि भदोखर थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर कुचरिया निवासी युवक दीपक का अवध हॉस्पिटल में पथरी का ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन डॉ धर्मवीर सिंह द्वारा किया गया। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान लापरवाही बरती गई, जिससे युवक की हालत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें लखनऊ के मैक्स हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें ब्राटडेड घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम लखनऊ में कराया। इसके बाद वे शव को लेकर अवध हॉस्पिटल के सामने पहुंचे और सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। गुस्साए परिजनों ने सड़क जाम कर हंगामा किया, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति पैदा हो गई।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे सीओ सदर अरुण कुमार ने परिजनों से बातचीत की और सहानुभूतिपूर्वक कानूनी कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया। इसके बाद जाम खुलवाया गया। परिजनों की लिखित तहरीर पर पुलिस ने अस्पताल के खिलाफ केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डिप्टी सीएमओ की मौजूदगी में अवध हॉस्पिटल का निरीक्षण किया और लापरवाही के आरोपों को गंभीर पाते हुए अस्पताल को सील कर दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से परिजनों को कुछ राहत मिली है, लेकिन वे दोषी डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ सख्त सजा की मांग कर रहे हैं। यह मामला एक बार फिर निजी अस्पतालों में इलाज की गुणवत्ता और लापरवाही के मुद्दे को उजागर करता है। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग जांच जारी रखे हुए हैं।

**पहले भी हो चुकी है कार्रवाई :** अवध हास्पिटल ही कभी राधाकृष्ण नर्सिंग होम के नाम से प्रसिद्ध था। जैसे अवध नर्सिंग होम के हालात हैं ऐसे पाँच वर्ष पहले भी हुआ करते थे जहाँ पर मरीज के हाथ पाँव को इलाज के चलते काटने पड़ते थे और प्रशासन द्वारा इसे पूर्णतया सील कर दिया गया था।

## 122 केंद्रों पर 76,694 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

राहुल कुमार मिश्र

**सुलतानपुर (वीओएल)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से इंटरमीडिएट व हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा के लिए, केंद्रों की सूची छात्र आवंटन के अनुसार अपलोड कर दिया गया है। बोर्ड ने 22 दिसंबर तक जारी सूची पर आपत्ति व प्रत्यावेदन मांगा है। इस बार जारी सूची में 122 परीक्षा केंद्र हो गए हैं, जबकि अनंतिम सूची में 104 केंद्र बनाए गए थे। जिसमें पांच केंद्र काटे गए हैं तो 23 नए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिले में मा. शिक्षा परिषद के 356 विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इसमें 29 राजकीय, 58 अशासकीय व 269 वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय शामिल है। यूपी बोर्ड की ओर से हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षा नकल विहीन व सुचितापूर्ण कराने के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के परीक्षा प्रभारी जितेंद्र दुबे ने बताया कि बोर्ड ने बीते दिनों 104 केंद्रों की अनंतिम सूची जारी की थी। जिस पर 11 दिसंबर तक आपत्ति मांगी गई थी। आपत्तियों के निस्तारण के बाद सूची बोर्ड को भेज दी गई थी। बोर्ड ने अब 122 विद्यालयों को केंद्र बनाया है। पिछली सूची में बनाए गए पांच सेंटर को काट दिया गया है तो 23 नए केंद्र बना दिए गए हैं।

**तैयारियों में जुटे परीक्षार्थी :** इस बार बोर्ड की परीक्षा में इंटरव हाईस्कूल के 76 हजार 694 छात्र-छात्राओं का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इसमें हाईस्कूल में 40,122 तो इंटर में 36,572 छात्र-छात्रा शामिल है। विद्यालयों में परीक्षा की तैयारियां तेज कर दी गई है। वहीं, बोर्ड परीक्षार्थी तैयारियों में दिन रात एक किए हुए हैं।

**इन विद्यालयों में परीक्षा केंद्र का निरस्त किया गया केंद्र :** राजकीय आश्रम पद्धति इंकॉमलिकपुर बखरा, राजकीय हाईस्कूल इस्माइलपुर कूरेभार, आरएचएसएस भदैंया, जीएचएसएस सरैया भरथी, राजकीय इंटर कॉलेज बिकना शामिल है। परीक्षा प्रभारी ने बताया इन विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने मानक संसाधनों का अभाव बताते हुए परीक्षा कराने से हाथ खड़ा कर दिया है।

**इन विद्यालयों को बनाया गया नया बोर्ड परीक्षा केंद्र :** आद्याशंकर मिश्र मेमोरियल राजू पब्लिक इंकॉ, महेशनगर गदनपुर धूंधू, कैप्टन बालचंद्र इंकॉ मीरपुर, बल्दीराय, जेएलएस इंकॉ गरयें, जेवीएम इंकॉ बुढ़ाना कादीपुर, आरएलबीएसबी इंकॉ कूरेभार, गायत्री बालिका इंटर कॉलेज पीपी कमैचा, एसबी इंकॉ कटसारी, राम आधार सिंह बालिका इंकॉ सकवा, अमर शहीद इंकॉ खुशमदपुर, गायत्री देवी पब्लिक इंकॉ, राजदेव शिक्षण संस्थान इंकॉ ऐंजर, ग्रामीणांचल इंकॉ पीपरगांव समेत 23 विद्यालय शामिल है। डीआईओएस सूर्य प्रकाश सिंह का कहना है बोर्ड की ओर से परीक्षा केंद्र की सूची और विद्यार्थियों का आवंटन अपलोड कर दिया गया हैं।

## जलाये गये अलाव, एडीएम ने किया निरीक्षण



**अमेठी।** शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए जनपद में आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाए गए हैं। इसी क्रम में आज अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अर्पित गुप्ता ने उप जिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी के साथ नगर पालिका परिषद गौरीगंज क्षेत्र अंतर्गत संचालित रैन बसेरा तथा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल, बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन, सब्जी मंडी सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर जलाए गए अलावों की स्थिति का जायजा लिया गया। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी स्थलों पर अलाव सुचारु रूप से जलते पाए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी चिन्हित स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में लकड़ी की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि शीतलहर के दौरान लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद गौरीगंज के अधिशासी अधिकारी को रैन बसेरे में साफ-सफाई, अलाव, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रैन बसेरे में आने वाले जरूरतमंद व्यक्तियों को हरसंभव सुविधा उपलब्ध कराई जाए। अपर जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद की सभी नगर निकायों में सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाए गए हैं, ताकि ठंड से बचाव करते हुए आमजन, यात्रियों एवं राहगीरों को राहत मिल सके। उन्होंने अपील की कि शीतलहर के दृष्टिगत कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए तथा सभी नगर निकायों में संचालित रैन बसेरों का ही आश्रय लें। जिला प्रशासन द्वारा शीतलहर से बचाव हेतु निरंतर निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त व्यवस्था भी की जा रही है।

## जंगली पशुओं को देख रोमांचित हो उठे दिव्यांग बच्चे



**रायबरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग की समेकित शिक्षा इकाई द्वारा दिव्यांग बच्चों के शैक्षणिक उन्मुखीकरण हेतु राही, अमावां, हरचंदपुर, जगतपुर विकासखण्डों के भिन्न-भिन्न दिव्यांगता से ग्रसित 50 दिव्यांग बच्चों की एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह के दिशा निर्देशन में आयोजित एक्सपोजर विजिट में बच्चों को लखनऊ के चिड़ियाघर का भ्रमण कराया गया। विजिट के लिए बस को खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय धर्म प्रकाश ने ब्लॉक संसाधन केंद्र से झंडी दिखाकर रवाना किया। विशेष शिक्षकों द्वारा चिड़ियाघर में बच्चों को बाघ शेर भालू मगरमच्छ जैसे खतरनाक जंगली जानवरों के बारे में जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त बच्चों को प्लेनिटोरियम में मछलियों आदि जलीय जीवों के विषय में बताया गया। एक्सपोजर विजिट का व्यवस्थापन विशेष शिक्षक नरेश सक्सेना, मल्लिका सक्सेना, राजेश शुक्ला द्वारा किया गया। विशेष सहयोग के रूप विशेष शिक्षक अभय प्रकाश श्रीवास्तव, मीना वर्मा, मनीष कुमार दिया। लखनऊ में बच्चों को विभाग की तरफ से भोजन प्रदान कराया गया इसकी व्यवस्था में अनूप मौर्या, विजय यादव, जयदेव शुक्ला ने सहयोग दिया। एक्सपोजर विजिट में बच्चों को चिड़ियाघर का भ्रम कराते हुए भिन्न-भिन्न प्रकार के जानवरों से परिचय कराया। भ्रमण के दौरान बच्चों को रास्ते में भी विभाग द्वारा जलपान व्यवस्था भी की गई। चिड़ियाघर का भ्रमण कर दिव्यांग बच्चे बहुत ही उत्साहित नजर आये।

# एडीए की पहचान बन चुकी भ्रष्टाचार

### अनियमितता, अवैध निर्माण को संरक्षण : गोविंद



**आजमगढ़।** आजमगढ़ विकास प्राधिकरण पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी आजमगढ़ के नेता व उत्तर प्रदेश अभिभावक महासंघ के सचिव गोविन्द दुबे के अगुवाई में चार सूत्री मांगों को लेकर गुरूवार को डा अम्बेडकर पार्क में धरना दिया। धरने में आजमगढ़ विकास प्राधिकरण में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

धरने को संबोधित करते हुए भाजपा नेता व महासंघ के सचिव गोविन्द दुबे ने कहाकि योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त सपने को आजमगढ़ विकास प्राधिकरण पूरा नहीं होने दे रहा। एडीए की कार्यशैली ऐसी हो चुकी है कि वह भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का पयार्य बन चुका है। इतना ही नहीं, भू-उपयोग परिवर्तन, नक्शा पास कराने, अवैध निर्माण संरक्षण तथा नियमों का खुला उल्लधन किया जा रहा है। एडीए की पहचान भ्रष्टाचार, अनियमितता, अवैध निर्माण को संरक्षण नोटिस दबाव देकर जनता का शोषण करना हो चुका है। जिससे जनता कराह रही है, इस पर अंकुश लगाने तक हम एडीए के विरूद्ध अपनी आवाज बुलंद रखेंगे।

शमानंद पाण्डेय ने कहा कि तहसील सदर के नीबी के गाटा संख्या 139 का भू-प्रयोग कृषिगत हरित जोन दिखाकर उसकी बाउण्डी और अस्थायी निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया और वहीं उसी गाटे की अन्य 12 रजिस्ट्री पर कोई कार्रवाई न कर अपने दोहरी मानसिकता को उजागर कर रही है। ऐसे एकपक्षीय कार्रवाईयों से जनता में गहरा असंतोष व्याप्त हैं। श्री पाण्डेय ने कहाकि हमारी चार सूत्री मांगों में एडीए के सभी संदिग्ध कार्यों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच हो, दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित हो, नक्शा स्वीकृति एवं निर्माण संबंधी प्रक्रिया को पारदर्शी और आनलाइन और ट्रैक योग्य बनाया जाए व आम जनता की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण शामिल है। धरने को समर्थन करने वालों में डा राकेश राय, अरुण चैरसिया, अनिल तिवारी, सुजीत मिश्रा, डीएन सिंह, देवनारायण सिंह, बलबीर सिंह, युधिष्ठिर दूबे, संदीप सिंह रिंकू, आशीष तिवारी, दिना मिश्रा आदि शामिल रहे।

## कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे के चलते बदला स्कूलों का समय

**अमेठी।** अत्यधिक ठंड और घने कोहरे को देखते हुए छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के मद्देनजर जिलाधिकारी अमेठी के निर्देश पर स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार जनपद अमेठी में बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन समस्त परिषदीय, मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई एवं अन्य बोर्ड द्वारा संचालित नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी विद्यालय अब तत्काल प्रभाव से प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संचालित किए जाएंगे। हालांकि ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर समेकित शिक्षा के अंतर्गत संचालित अनावासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्व निर्धारित समयानुसार यथावत चलते रहेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालय प्रबंधनों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## पत्रकार अशोक त्रिवेदी के पिता के पिता के निधन पर हुई शोकसभा

**लालगंज,रायबरेली।** आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व शिक्षक अशोक त्रिवेदी के पिता गिरिजा शंकर त्रिवेदी के निधन पर शहीद स्मारक परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में बोलते हुए भाजपा नेता अनूप पांडे ने श्रद्धेय गिरिजा शंकर त्रिवेदी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शिक्षा जगत का मसीहा बताया और कहा कि उनके निधन से शिक्षा जगत को भारी क्षति पहुंची है। भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए स्वर्गीय गिरिजा शंकर त्रिवेदी को अनुकरणीय शिक्षक के साथ-साथ प्रख्यात समाजसेवी बताया। हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री ने कहा कि श्रद्धेय गिरजा शंकर त्रिवेदी ने सरेनी क्षेत्र में शिक्षा क्षेत्र में बहुत ही बेहतरीन योगदान दिया था। मुरारमऊ इंटर कॉलेज में शिक्षक और प्रधानाचार्य रहते हुए उन्होंने बच्चों को बेहतरीन शिक्षा देकर योग्य बनाने का काम किया था। मोहम्मद याकूब खान ने कहा कि श्रद्धेय त्रिवेदी जी ने सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया था। हम सब को उन से प्रेरणा लेकर समाज के कार्य करना चाहिए। शोकसभा का संचालन कर रहे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने कहा कि जो लोग जीवन पर्यंत समाज हित में कार्य करते हैं उनके ना रहने पर समाज भी उनकी यादों को संजोने के लिए तैयार रहता है। श्रद्धेय गिरिजा शंकर त्रिवेदी के कार्य सदैव समाज के लिएअनुकरणीय रहेंगे। शोकसभा में लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर गिरजा शंकर त्रिवेदी की आत्मा की शांति के लिए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना भी की।इस अवसर पर रवि शंकर बाजपेई, प्रेम शंकर त्रिवेदी शैलजा, नीरज श्रीवास्तव, शशिकांत त्रिवेदी, अभय सिंह ,अतुल त्रिवेदी, विजय सिंह, संजय सिंह, अजय प्रताप सिंह, अमित कुमार ,कमलेश कमल यादव, सर्वेश ,सोहित आदि लोग मौजूदरहे।

# भगवान राम का अवतार विप्र, सुर व धेनु की रक्षा के लिए हुआ था : गोविन्द भाई




**रायबरेली।** सुनिये कथा रघुनाथ की अनुष्ठान के छठवें दिन कथा व्यास गोवन्द भाई ने राम के वनगमन का बड़ा मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया। उन्होनें कैकेयी के कोप भवन जाने और दशरथ से वर माँगने के प्रसंग का भी वर्णन किया।

उन्होनें कहा कि भगवान श्रीराम स्वयं भी चाहते थे कि वे अभी राजा न बनें, क्योंकि उनका अवतार ही विप्र, सुर, धेनु की रक्षा के लिए हुआ था। यदि राम राजा बन जाते हैं तो वे असुरों का विनाश कर ब्राहम्णों, देवताओं और गायों की रक्षा कैसे कर पाते, इसीलिए भगवान श्रीराम कैकेयी से कहते हैं ह्यह्यसुन जननी सोई सुत बढ़भागी। जो पितु-मातु वचन अनुरागी भगवान श्रीराम कहते हैं कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे मेरे पिता और माता ने मुझे वन जाने का निर्देश दिया है, मैं इसका पालन करूँगा। भगवान श्रीराम कैकेयी से कहते हैं कि माँ मैं शीघ्र ही वन जाने की तैयारी करता हूँ। लक्ष्मण भी भगवान श्रीराम से साथ जाने की जिद.करते हैं तो राम, लक्ष्मण से कहते हैं कि माता सुमित्रा से आज्ञा प्राप्त कर लो, लक्ष्मण जब माँ सुमित्रा से वन जाने की आज्ञा माँगते हैं तो सुमित्रा कहती है कि मैं तो तुम्हारे इसी जन्म की माँ हूँ, तुम्हारे शास्वत माता-पिता तो सीता और राम ही हैं, जहाँ राम हैं, वहीं तुम्हारी अयोध्या है। सुमित्रा लक्ष्मण को निर्देश देती हैं कि तुम चैदह वर्ष तक मन, वचन, कर्म से प्रभु श्रीराम की सेवा करना। लक्ष्मण भी यह प्रण करते हैं कि मैं अपने प्रभु श्रीराम की सेवा में किंचित भी प्रमाद नहीं करूँगा। महराज दशरथ की आज्ञा से राम, सीता और लक्ष्मण को लेकर अयोध्या से वन की ओर प्रस्थान करते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से शेखर शुक्ला, विवेक मिश्रा पल्लू, राजन दीक्षित, उपमन्यु पाण्डेय रिक्की, आनन्द शुक्ला, हिमांशु बाजपेयी, देव कुमार मिश्रा, सौरभ शुक्ला, योगेश त्रिपाठी, राजेश पाण्डेय, दीपू सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, रोहित त्रिपाठी, गौरव मिश्रा, महेन्द्र अग्रवाल आदि गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

## विधायक ने एडीएम के कक्ष में धान खरीद से संबंधित की बैठक

जिला संवाददाता (vol)

**सोनभद्र।** विधायक सदर भूपेश चौबे गुरूवार को अपर जिलाधिकारी के कक्ष में धान खरीद से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की बैठक के दौरान विधायक ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मंशा की अनुरूप धान क्रय केन्द्रों पर धान की खरीद सुनिश्चित की जाये इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये क्रय केन्द्रों पर कृषक बन्धुओं को शासन द्वारा अनुमन्य सुविधायें उपलब्ध करायी जाये क्रय केन्द्रों पर नियमित रूप से धान की खरीद की जाये जिससें कृषक बन्धुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करने पाये।

श्री चैबे ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि कृषक बन्धुओं द्वारा उत्पादित धान का क्रय समय से और उन्हें इसके लिए कही अन्यत्र भटकना न पड़े उन्होने कहा कि क्रय केन्द्रों पर समय से बोरे आदि सामग्री उपलब्ध करा दी जाये और क्रय केन्द्रों पर कृषक बन्धुओं को पीने के पानी आदि व्यवस्थायें सुचारूढंग सुनिश्चित करायी जायें। बैठक के दौरान डीप्टी आरएमओ ने बताया कि जनपद को 10 लाख 30 हजार कुन्तल धान की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें से अब तक लगभग 3 लाख 47 हजार कुन्तल धान की खरीद की जा चुकी है। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि/रा वागीश कुमार शुक्ला डीप्टी आरएमओ अमित चैधरी, जिला प्रबन्धक पीसीएफ रोहित गुप्ता, जिला प्रबन्धक पीसीयू रामकेश सरोज, एआर कॉपरेटीव देवेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## सभासदों ने बोर्ड बैठक का किया विरोध



**जौनपुर।** नगर पंचायत कजगांव कार्यालय में गुरुवार को आयोजित बोर्ड बैठक में सभासदों ने बैठक का बहिष्कार करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कड़ी नाराजगी जताई। नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक चल रही थी कि इसी दौरान तमाम सभासद विरोध करने लगे। सभासदों ने कहा कि नगर पंचायत के कुछ वार्डों में कार्य हो रहा हैं तथा बाकी वार्डों में कार्य नही हो रहा है। उन्होंने अध्यक्ष पर अन्य वार्डो के साथ सौतेला व्यवहार करने का भी आरोप लगाया। सभासदों ने यह भी कहा कि जब हम सभी लोग किसी कार्य को कराने के लिए कहते हैं तो उसको नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अनदेखा कर दिया जाता है। सभासद सुनील विश्वकर्मा, आकाश सिंह अरविन्द प्रजापति,रितेश मौर्य,इकबाल अन्सारी, अखिलेश यादव,इजलाश यादव,सुरज कन्नौजिया, अक्षय जायसवाल आदि रहे।

## सकल हिंदू समाज करेगा न्याय पंचायत और बस्ती स्तर पर विराट हिंदू सम्मेलन : आलोक

**सोनभद्र।** सकल हिंदू समाज आयोजन समिति सोनभद्र द्वारा समस्त न्याय पंचायत तथा बस्तियों में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसके जरिए हिंदू समाज को संगठित किया जाएगा। आयोजन समिति के जिला संयोजक/अध्यक्ष आलोक कुमार चतुवेर्दी ने बताया हिंदू समाज को संगठित करने, हिंदू समाज में समरसता का भाव बढ़ाने, आपस में प्रेम सद्भाव एवं सुख-दुख में सहभागी बनाने, सकल हिंदू समाज के सामूहिक शक्ति का प्रकटीकरण, हिन्दू धर्म, संस्कृति एवं समाज के पोषक विषयों को पूर्नस्थापित करने को लेकर यह आयोजन किये जा रहे हैं। उक्त आयोजन के मंच की संरचना के अनुसार मंच पर स्थानीय स्तर के एक पूजनीय संत संत समाज से,एक व्यक्ति सहोदर समाज/वंचित वर्ग से, एक महिला मातृ शक्ति से तथा आयोजन समिति का अध्यक्ष व मुख्य वक्ता अर्थात मंचस्थ कुल पांच अतिथि होंगे। जिले के आयोजन समिति का गठन किया जा चुका है जिसके अनुसार राजीव मिश्रा, अजीत रावत उपाध्यक्ष मणिकर्णिका कोल महामंत्री, नीतु संजीविआ कोषाध्यक्ष, पवन जैन व आनंद गुप्ता मंत्री, अजीत जयसवाल, प्रमोद गुप्ता, कीर्तन, बलदेव सिंह, लालजी तिवारी, पारसनाथ मिश्र, जगदीश पंथी, बलराम सोनी, धर्मवीर तिवारी, जंगली बाबा, हर्ष अग्रवाल सदस्य हैं। इसी अनुसार समस्त खंडों की रचनाएं भी की गई है जिसके अनुसार नगवां विकासखंड के संयोजक/अध्यक्ष मनोज चौबे उपाध्यक्ष अमरेश पटेल व सुनील जायसवाल,चतरा विकासखंड के संयोजक/अध्यक्ष नंदलाल विश्वकर्मा उपाध्यक्ष सुनील सिंह व रमेश चौबे, छप्पका विकासखंड के संयोजक/अध्यक्ष सत्येंद्र पाठक उपाध्यक्ष, दयाशंकर पांडे व मनीष मिश्रा, कर्मा विकासखंड के संयोजक/अध्यक्ष राजेश मिश्रा उपाध्यक्ष, उमाशंकर व रविंद्र बहादुर,घोरावल विकासखंड के संयोजक/अध्यक्ष राजीव उपाध्यक्ष, अरुण चैबे व उमेश शुक्ला, सोनभद्र नगर के संयोजक/अध्यक्ष नागेंद्र राय उपाध्यक्ष, मनोज जालान व संगम गुप्ता हुये हैं।

# सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से सीडीओ ने की समीक्षा

- निर्धारित लक्ष्य समय सीमा के अन्दर शत-प्रतिशत निर्माण कार्य कराये जाये पूर्ण

जिला संवाददाता (vol)



**सोनभद्र।** सीडीओ जागृति अवस्थी ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पी0एम0 सूर्यघर योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनान्तर्गत बैंकर्स द्वारा ऋण स्वीकृति की समीक्षा की गयी, इसी प्रकार से प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत विद्यालयों के सौन्दर्यीकरण प्रगति की समीक्षा की गयी प्रगति धीमी पायी जाने और निर्माण की गुणवत्ता बेहतर न होने पर अधीशासी अभियन्ता आरईएडी, यूपी सीडीको, यूपीआरएनएल के अधिशासी अभियन्ता को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दी, एनआरएलएम योजना के अन्तर्गत संचालित योजना डीएनआएलएम में रिवाल्डींग फन्ड एवं सीआईएफ योजना के प्रगति धीमी पायी जाने पर डीसीएनआरएलएम को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दी, ।इसी प्रकार से पर्यटन विभाग के राज्य योजनान्तर्गत की गयी।

समीक्षा के दौरान सहाय पर्यटन अधिकारी द्वारा प्रगति के सम्बन्ध में संतोषजनक उत्तर नहीं दे सकें, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सहायक पर्यटन अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दी, सील्ट सफाई की धीमी प्रगति पर अधिशासी अभियन्ता मिजार्पुर नहर प्रखण्ड को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दी, इसी प्रकार से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर को नल से जल योजना की समीक्षा की गयी समीक्षा के दौरान प्रगति धीमी पायी जाने पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दी, उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, इस दौरान इस दौरान उन्होने कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लायी जाये,

बैठक में जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतपाल वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## छात्रों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

**जौनपुर।** पूर्वांचल विवि परिसर में अलिवस लाइफ साइंसेज लि. की ओर से केमिस्ट्री व माइक्रोबायोलॉजी विषय के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव का उद्देश्य छात्रों को उद्योग से जोड़ना और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कंपनी की ओर से अवधेश राय (एचआर मैनेजर), प्रकाश चौधरी (एग्जीक्यूटि व एचआर) व सतीश मौर्य (प्रोडक्शन ऑफिसर) ने चयन प्रक्रिया कराई। कार्यक्रम की शरुआत में कंपनी प्रतिनिधियों ने अलिवस लाइफ साइंसेज के बारे में विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया, जिसमें कंपनी की कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता मानकों तथा करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। अलिवस लाइफ साइंसेज लिमिटेड (पूर्व में ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज लि.) एक अग्रणी फार्मास्यूटिकल कंपनी है. प्रेजेंटेशन के उपरांत छात्रों का एप्टीट्यूड टेस्ट लिया गया, जिसके बाद चयनित विद्यार्थियों के साक्षात्कार (इंटरव्यू) आयोजित किए गए। पूरी चयन प्रक्रिया को पारदर्शी वव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न किया गया।यह आयोजन सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में हुआ। प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि इस प्रकार की प्लेसमेंट ड्राइव छात्रों के भविष्य निर्माण में अत्यंत सहायक सिद्ध होती हैं।

संक्षेप

## डॉ. ओपी. मिश्र की पुस्तक समय की शिला पर का लोकार्पण आज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद शुक्रवार को एक साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित करेगी, जिसमें पूर्व प्राचार्य डॉ. ओ.पी. मिश्र द्वारा रचित पुस्तक समय की शिला पर का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम नगर पालिका परिषद के सभागार में सायं तीन बजे आयोजित होगा। लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि शामिल होंगे। कार्यक्रम में शिक्षा, साहित्य और संस्कृति से जुड़े गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में पुस्तक का विधिवत विमोचन किया जाएगा। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में परिषद के समस्त सभासदगण भी उपस्थित रहेंगे। आयोजकों का कहना है कि इस तरह के साहित्यिक आयोजनों से नगर में रचनात्मक वातावरण को बढ़ावा मिलता है और नई पीढ़ी को साहित्य से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।

## मंदिर पर पूजन करने आई महिला की नहर में डूबकर मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गुरुवार सुबह ग्राम खोखाय स्थित श्री हनुमान मंदिर पर पूजन करने पहुंची एक महिला की सीतापुर ब्रांच नहर में डूबकर मौत हो गई। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवा निवासी ममता देवी (40) पत्नी सर्वेश कुमार कश्यप गुरुवार सुबह अपने पति के साथ मंदिर पूजन के लिए आई थीं। परिजनों के अनुसार सर्वेश कुमार कश्यप, जो वर्तमान में भारत भूषण कॉलोनी गोला में रह रहे हैं, पत्नी को मंदिर पर छोड़कर ममरी कस्बा स्थित तालाब पर मछली पालन के कार्य से चले गए थे। इसी दौरान मंदिर के पास नहर किनारे ममता देवी का पैर फिसल गया और वह सीतापुर ब्रांच नहर में जा गिरीं। घटना की जानकारी मिलने पर हैदराबाद थाना पुलिस सक्रिय हुई और करीब तीन किलोमीटर दूर ग्राम खंदनी के पास महिला को नहर में बहता हुआ देखा गया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से महिला को बाहर निकलवाकर तत्काल गोला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## छात्रवृत्ति व परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। केन ग्रोअर्स नेहरू डिग्री कॉलेज गोला गोकर्णनाथ में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन तथा परीक्षा फॉर्म भरने को लेकर सूचना जारी की गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पंकज सिंह के अनुसार छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 दिसंबर निर्धारित की गई है। इसकी विस्तृत समय-सारिणी छात्रवृत्ति पोर्टल एवं कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। इसके साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध स्नातक प्रथम सेमेस्टर एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भरने की अंतिम तिथि भी 20 दिसंबर तय की गई है। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि से पूर्व छात्रवृत्ति एवं परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भरकर महाविद्यालय के निर्धारित काउंटर पर अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि किसी प्रकार की समस्या से बचा जा सके।

# खमरिया थाना क्षेत्र में चोर गैंग सक्रिय

## दो गांवों में 8 जगह हुई चोरी जिम्मेदार हुए निष्क्रिय

जिला संवाददाता

**लखीमपुर, खीरी।** खमरिया थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर क्षेत्र में चोर गैंग बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहा है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह निष्क्रिय नजर आ रहे हैं। हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि जिले के संवेदनशील और अनुशासनप्रिय पुलिस अधीक्षक की साख पर भी असर पड़ता दिख रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खमरिया थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार/गुरुवार की रात चोरों ने लखपेड़ा और फत्तेपुर गांवों में जमकर तांडव मचाते हुए 6 घरों और 2 दुकानों को निशाना बनाया। चोरियों में लाखों रुपये की नकदी व जेवरात पर हाथ साफ किया गया, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्राम पंचायत लखपेड़ा निवासी अनुज राजपूत पुत्र रामदुलारे के घर चोर पीछे दीवार के सहारे छत पर चढ़े और सीढ़ी के रास्ते नीचे उतरकर कमरे में रखे बक्से तोड़ दिए। चोर दो छोटे बक्से उठा ले गए। पीड़ित के अनुसार बक्सों व रैक में रखे करीब 1 लाख 60 हजार रुपये नकद और लगभग 10 लाख रुपये कीमत के जेवरात चोरी हो गए। गुरुवार सुबह घर के पीछे खेत में ताले टूटे हुए बक्से बरामद हुए, सामान बिखरा पड़ा मिला समान रखी बैग भी खाली मिली। वही लखपेड़ा गांव में ही रामपाल पुत्र टीकाराम के घर से चोर मंगलसूत्र उठा ले गए। वहीं रामकिशोर पुत्र भारत के घर चोर घुस गए कुंडी तोड़कर चोरी करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन आहट होने पर घर की महिला के जाग जाने से चोर भाग निकले। बनवारी पुत्र चूरामन के घर भी चोर घुसे, मगर गृहस्वामी के जाग जाने पर बिना सामान लिए फरार हो गए। इतना ही नहीं पड़ोसी गांव फत्तेपुर में चोरों ने श्यामू शुक्ला पुत्र पैकरमा और मुनुवा बाजपेई के खोखे काटकर उनमें रखा सामान व नगदी चोरी कर ली। इसके अलावा रामलखन अवस्थी के घर ताला तोड़कर घुसे चोरों के हाथ खाली रहे क्योंकि ग्रह स्वामी की आंख खुल गई और वो बाहर निकलने लगे तो ठंडक को देखते हुए चोर एक शॉल उठा ले गए। रामलखन के भतीजे सुधीर अवस्थी के घर के भी ताले काटे गए। सुधीर लखनऊ में रहते हैं, उनके घर से गृहस्थी का सामान चोरी हुआ। सुधीर ने बताया कि उनके घर में पहले भी कई बार चोरी हो चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि चोरी की सूचना देने के बाद भी पुलिस की प्रतिक्रिया सुस्त रही। न रात्रि गश्त बढ़ाई गई और न ही संदिग्धों पर सख्त नजर रखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई होती तो चोरियों का यह सिलसिला रोका जा सकता था। जिले के पुलिस अधीक्षक को आमतौर पर एक संवेदनशील और सक्रिय अधिकारी के रूप में जाना जाता है, लेकिन खमरिया क्षेत्र में लगातार बिगड़ती कानून-व्यवस्था उनकी साख पर सवालिया निशान लगा रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि थाना स्तर की लापरवाही पर तुरंत अंकुश न लगाया गया, तो जनता का पुलिस से भरोसा उठता चला जाएगा। अब देखना यह है कि उच्चाधिकारी खमरिया थाना क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को कितनी गंभीरता से लेते हैं और जिम्मेदारों पर कब कार्रवाई होती है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि जल्द ही पुलिस सख्त कदम उठाकर चोर गैंग पर लगाम लगाएगी।

## फनमॉल के पीछे मिला शव, हत्या की आशंका

लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली लखीमपुर क्षेत्र में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। परिजनों की शिकायत के आधार पर सदर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने मामले में नामजद किए गए दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक युवक की पहचान जहान पुत्र छोटे निवासी पलिया के रूप में की गई है। मृतक युवक की शादी नौरंगाबाद कोतवाली सदर लखीमपुर की युवती से तय थी। युवक की हत्या का खुलासा शुक्रवार को किया जाएगा। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इस संदर्भ में कोतवाल सदर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पैनल से पोस्टमार्टम कराया जा रहा है रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# ईओ ने रैन बसेरे का किया निरीक्षण



जसवंतनगर, इटावा। नगर पालिका द्वारा स्थापित रैन बसेरे का गुरुवार को पालिका अधिशासी अधिकारी श्याम बच्चन सरोज ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठंड से ठिठुर रहे जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के लिए रैन बसेरे के बाहर अलाव जलवाए। उन्होंने रैन बसेरे में ठहरने वाले मुसाफिरों से व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। रैन बसेरे में बाहर से आने वाले जरूरतमंद और मुसाफिरों के लिए निशुल्क विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यहां साफ-सुथरे रजाई, गद्दे, चादर, तकिया और कंबल की व्यवस्था की गई है। साथ ही शौचालय, स्नानगृह, प्रकाश व्यवस्था और अलाव जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे ठंड के मौसम में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। पालिका अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगर क्षेत्र में ठंड को देखते हुए करीब दस स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है, ताकि खुले में रहने वाले लोगों को सर्दी से बचाया जा सके। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि रैन बसेरे और अलाव की व्यवस्था नियमित रूप से जांची जाए। इस अवसर पर पालिका के वरिष्ठ लिपिक अरविंद शर्मा, नवनीत शाक्य, लाल कुमार यादव और सफाई नायक रामसिया भी मौजूद रहे। रैन बसेरे व अलाव की व्यवस्था से जरूरतमंद लोगों को बड़ी राहत मिल रही है।

# गोला टूरिज्म ने आरआरआर केंद्र में सौंपे डेढ़ हजार से अधिक कपड़े




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गोला टूरिज्म संगठन की ओर से सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। संगठन ने नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ के अंतर्गत संचालित आरआरआर (रिड्यूस,रीयूज, रीसाइकिल) केंद्र में नागरिकों से एकत्र किए गए पंद्रह सौ से अधिक अनुपयोगी कपड़े जमा कराए। संगठन द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निर्धन कल्याण के उद्देश्य से कपड़ा संग्रह अभियान चलाया गया। नागरिकों की सुविधा के लिए सिनेमा रोड स्थित वंशिका ज्वैलर्स को अस्थायी संग्रह केंद्र बनाया गया, जहां नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर कपड़े जमा किए। अभियान का प्रभारी दायित्व राजेंद्र सोनी ने निभाया। गोला टूरिज्म संगठन का कहना है कि आरआरआर केंद्र के माध्यम से अनुपयोगी कपड़ों और वस्तुओं को पुनः उपयोग योग्य बनाकर जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाता है। इस अभियान में संगठन प्रतिवर्ष बड़ी भूमिका निभाता आ रहा है और इस बार भी अच्छी संख्या में कपड़े एकत्र कर केंद्र में जमा किए गए। इस अवसर पर संगठन के मीडिया समन्वयक वीरेंद्र कुमार गुप्ता ह्यवीनूह्न ने नगर पालिकाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू एवं एसआई संदीप वर्मा की उपस्थिति में आरआरआर केंद्र पर कपड़े सौंपे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अस्थायी केंद्र पर सर्वाधिक कपड़े जमा करने वाले पांच नागरिकों को सम्मानित किए जाने का भी निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि गोला टूरिज्म संगठन का उद्देश्य अनुपयोगी वस्तुओं के माध्यम से जनहित और जरूरतमंदों की सहायता करना है, ताकि समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और सामाजिक सहभागिता की भावना को और मजबूत किया जा सके।

# वैश्य समिति चुनाव में धांधली का आरोप

## महिलाओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्री हरिद्वारी वैश्य समिति के हालिया चुनाव में धांधली और मनमानी का आरोप लगाते हुए समाज की महिलाओं ने उपजिलाधिकारी गोला को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। महिलाओं का आरोप है कि समिति पदाधिकारियों ने पक्षपातपूर्ण तरीके से महिलाओं के सदस्यता फार्म निरस्त कर उन्हें समिति विरोधी बताकर अपमानित किया।

बीते दिनों श्री हरिद्वारी वैश्य समिति का चुनाव संपन्न हुआ था। आरोप है कि इससे पूर्व 26 मार्च को आयोजित होली मिलन समारोह में समाज के लोगों ने चुनाव कराए जाने की मांग उठाई थी। उस दौरान तत्कालीन अध्यक्ष श्रीकृष्ण कुमार गुप्ता ने छह माह के भीतर चुनाव कराने का आश्वासन देते हुए सदस्यता फार्म भरने का निर्देश दिया था। तय प्रक्रिया के तहत 31 जुलाई तक 100 रुपये शुल्क जमा कर सदस्यता फार्म भरवाए गए, जिसमें बड़ी संख्या में महिला व पुरुष सदस्यों ने आवेदन किया। महिलाओं का कहना है कि बाद में समिति अध्यक्ष द्वारा केवल अपने समर्थकों के फार्म स्वीकार किए गए, जबकि अन्य महिलाओं के फार्म यह कहकर निरस्त कर दिए गए कि उन्होंने समिति विरोधी गतिविधियां की हैं। महिलाओं ने




आरोप लगाया कि वे इससे पूर्व कभी समिति की सदस्य भी नहीं रही हैं, इसके बावजूद उन पर झूठे आरोप लगाए गए। इतना ही नहीं, समिति के महामंत्री अविनाश गुप्ता द्वारा एक ऑडियो वायरल किए जाने का भी आरोप लगाया गया, जिसमें महिलाओं के नाम लेकर उन्हें अपमानजनक तरीके से समिति विरोधी बताया गया है। इन आरोपों से नाराज महिलाओं ने चुनाव प्रक्रिया को निरस्त करने, धांधली की जांच कराने तथा झूठे आरोपों के माध्यम से समाज में किए गए अपमान पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में मनीषा गुप्ता, शीतल गुप्ता, गोपीराम गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अनूप गुप्ता, आदित्य गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने पूर्व सांसद रविप्रकाश वर्मा के नेतृत्व में लकी मैरिज हाल के पास एकत्रित होकर भाजपा कार्यालय की तरफ सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए कूच भाजपा कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। पूर्व सांसद रवि विकास वर्मा ने कहा कि आज लखीमपुर में भाजपा कार्यालय घेरने की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि नेशनल हेराल्ड केस में पूरे 11 साल तक भाजपा और उसकी समर्थक मीडिया ने कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं पर फर्जी मुकदमे लगाकर प्रताड़ित और अपमानित करने के जैसा खिलौना कृत्य भारतीय जनता पार्टी ने किया। राहुल गांधी को बदनाम करने का अभियान मीडिया हैडलाइन से लेकर टीवी स्टूडियो तक एक ही कहानी दोहराई गई बिना फैसला बिना सबूत। विकसित भारत जी राम जी लाए गए बिल पर कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने इस बिल पर गंभीर आपत्तियां जताते हुए इसे राज्यों के अधिकारों और महात्मा गांधी के सम्मान से जुड़ा मुद्दा बताया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम मनरेगा का नाम बदलना राष्ट्रपिता की दूसरी हत्या के समान है।

उक्त प्रदर्शन में प्रमुख रूप से उपस्थित मोहन चंद्र उप्रेती, रवि तिवारी, नवाज खान, अन्नू मिश्रा, राम पाल शाक्य, प्रेम वर्मा, मतीन शाह, इकबाल अहमद खान, अब्दुल रहीम, रवि तिवारी अब्दुल कयूम, तेजपाल गुप्ता , लतीफ आजम, सलीम भाई शक्ति सरन गौतम, वरुण चौधरी, मंजू मिश्रा गुलफाम आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# कुंभी गोला ब्लॉक में पानी, शौचालय व हरियाली नदारद

## विकास के दावे फेल



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कुंभी विकास खंड इन दिनों अव्यवस्था, लापरवाही और बदहाल इंतजामों की तस्वीर पेश कर रहा है। ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचने वाले ग्रामीणों को न तो पीने का पानी मिल पा रहा है और न ही स्वच्छ शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा। हालात ऐसे हैं कि आमजन को अपमानजनक परिस्थितियों से जूझना पड़ रहा है।

ब्लॉक परिसर में लगा इंडिया मार्का हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़ा है, जबकि वाटर कूलर भी शोपीस बनकर रह गया है। मजबूरी में महिलाओं और बुजुर्गों को ब्लॉक के बाहर पानी तलाशना पड़ता है। गर्मी के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। शौचालयों की स्थिति भी बेहद चिंताजनक बनी हुई है। गंदगी, दुर्गंध और कूड़े के ढेर के कारण उनका उपयोग करना मुश्किल है। खासकर महिला आगंतुकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और उन्हें यह समझ नहीं आता कि वे शौच के लिए कहां जाएं। ब्लॉक परिसर में बना पार्क भी पूरी तरह उजाड़ पड़ा है। न हरियाली दिखाई देती है, न पौधे और न ही रखरखाव के कोई संकेत। विकास के दावे फाइलों तक सीमित नजर आते हैं, जबकि जमीनी हकीकत में केवल बदहाली दिख रही है। ग्रामीणों का कहना है कि खंड विकास अधिकारी आत्म प्रकाश रस्तोगी की लगातार बैठकों में व्यस्तता का सीधा असर ब्लॉक की व्यवस्थाओं पर पड़ रहा है। जनता से संवाद, योजनाओं की समीक्षा और परिसर की देखरेख पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा पा रहा है, जिससे हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं।

ग्रामीणों का सवाल है कि वे अपनी समस्याएं और योजनाओं की जानकारी लेकर आखिर किसके पास जाएं। न अधिकारी समय पर मिलते हैं, न सुविधाएं उपलब्ध हैं। ऐसे में लोगों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप कर ब्लॉक की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग की है। कुम्भी ब्लॉक का चार्ज लिये कुछ समय हुआ है, व्यवस्थाएं दुरूस्त हो रही हैं। मीटिंग के बाद पूरा समय जनता को दे रहें हैं। आत्म प्रकाश रस्तोगी खंड विकास अधिकारी

# कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट



इटावा। नेशनल हेराल्ड व एसोसिएटेड जर्नल के सिलसिले मैं राउस एवेन्यू कोर्ट द्वारा गांधी परिवार व समस्त कांग्रेस जनों के प्रति लिखी गई प्राइवेट शिकायत जो सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा लिखाई गई थी जो दुर्भावना से प्रेरित थी सरकार के इशारे पर आर्थिक अपराध शाखा द्वारा लिखाई गई पित राजनीतिक विद्वेष द्वारा प्रेरित है। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष आशंतोष दीक्षित, शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद व पीसीसी सदस्य प्रशांत तिवारी को पुलिस ने हाउस अरेस्ट किया है। यह कार्रवाई सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से की गई है, क्योंकि पुलिस को जानकारी मिली थी कि कार्यकताओं द्वारा भाजपा के कार्यालय का घेराव करने की योजना बनाई जा रही थी।

इस परिपेक्ष्य मैं केंद्रीय नेतृत्व द्वारा जारी निर्देश के अनुपालन में जिला कांग्रेस शहर कांग्रेस व अन्य आनुषंगिक संगठनों द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय से लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय को घेरने के प्रयास में एकत्रित सभी कांग्रेस जन नई बाजी करते हुए निकल रहे थे तभी उन्हें पुलिस प्रशासन द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। पार्टी कार्यालय को छावनी मैं बदल दिया गया इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट राजेंद्र बहादुर व सीओ सिटी अभय नारायण राय कोतवाल यशवंत सिंह भारी लाव-लश्कर के साथ कार्यालय को घेर लिया कांग्रेस जनों को भाजपा कार्यालय को घेरने के लिए जाते समय रास्ते से गिरफ़्तार कर कोतवाली में रखा गया। गिरफ्तार किए गए कांग्रेस जनों में पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, पीसीसी सदस्य कोमल सिंह कुशवाहा, प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, प्रवक्ता प्रेरणा जुबैरी जिला महासचिव अंबुज त्रिपाठी जिला सचिव अनूप परमार सेवा दल प्रमुख सरवर अली शहर महासचिव विष्णुकांत मिश्रा ओबीसी प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र यादव पूर्व प्रदेश सचिव सचिन शंखवार जिला सचिव देनप सोहेल वारसी, गुलशन यादव कार्यालय प्रभारी अंसार अहमद आदि ने गिरफ़्तारी दी।

## सपा ने मृतक की पत्नी को आर्थिक सहायता




लखीमपुर खीरी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विगत 23 जून 2025 को छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के प्राचीन शिव मंदिर में लगभग 30 वर्षों से मुख्य सेवादार के रूप में कार्यरत हरपाल की सुबह पूजन आदि का सामान धोते समय बिजली करंट लगने से मृत्यु हो गई थी, उनकी पत्नी ज्योति व उसके दो छोटे छोटे बच्चों जिनकी उम्र 3 व 5 वर्ष है के लिए एक लाख रुपये की सहायता भिजवाई गई। लोहिया भवन पर लखीमपुर में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, पूर्व विधायक विनय तिवारी, पूर्व विधायक रामसरन सहित, जिला उपाध्यक्ष विजय पाठक, जिला सचिव दानिश अब्दुल्ला, छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रवीन यादव व उत्तम वर्मा के द्वारा मृतक हरपाल की पत्नी ज्योति व उनके दोनों बच्चों को हरपाल के माता पिता की मौजूदगी में नकद एक लाख की सहायता प्रदान की गई, पूर्व विधायक गोला विनय तिवारी ने बताया कि हरपाल की दुःखद मृत्यु हुए लगभग 6 माह हो रहा है किंतु न शासन प्रशासन द्वारा और न ही मंदिर प्रशासन द्वारा मृतक के परिवार को किसी भी प्रकार की कोई सहायता प्रदान की गई है। विगत माह पूर्व विधायक विनय तिवारी व पूर्व अध्यक्ष अनुराग पटेल के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल द्वारा परिवार से मिलकर परिवार को सहायता देने की बात की गई थी। सपा के प्रतिनिधि मण्डल ने मृतक के परिजनों को 25 लाख की आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

## हैदराबाद क्षेत्र में लगातार भैंस चोरी से ग्रामीणों में दहशत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। थाना हैदराबाद क्षेत्र में लगातार हो रही भैंस चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। चोर बेखौफ होकर घरों के बाहर बने पशुबाड़ों को निशाना बना रहे हैं, जबकि पुलिस गश्त की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े होने लगे हैं। बीते बुधवार की रात गौरिया गांव में मुनीश कुमार वर्मा के पशुबाड़े से दुधारू भैंस और उसका बछड़ा चोरी हो गया। पीड़ित के अनुसार रात को चारा डालकर पशुओं को बांधने के बाद वह सो गए थे। रात करीब दो बजे जागने पर पशुबाड़ा खाली मिला। काफी खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नहीं लग सका। चोरी गई भैंस की कीमत लगभग 70 हजार रुपये बताई जा रही है। इसी रात परसेहरा गांव में भी सुशील कुमार के पशुबाड़े से उनकी भैंस चोरी कर ली गई। सुबह उठने पर भैंस गायब मिलने पर पीड़ित ने अजान चैकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा ग्राम तकिया और कचियानी में भी भैंस चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। एक बछड़े सहित कुल चार भैंसों की चोरी से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि रात के समय पुलिस गश्त न होने से चोर आसानी से वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## राशन न लाने का विरोध करने पर पत्नी को मार डाला पुलिस ने किया चालान

तिकुनिया खीरी। ग्राम पंचायत सुथना बरसोला निवासी प्रकाश पुत्र सूरज लाल ने अपनी पत्नी रीमा 35 को सिर्फ इसलिए मार डाला कि रीमा ने पति प्रकाश को राशन लाने के लिए दिए गए ?500 दारू में खर्च कर दिए। पत्नी रीमा के विरोध करने पर प्रकाश ने मारा पीटा चुप रहने को कहा अंत में दुपट्टे से गला घोट दिया। पुलिस ने आरोपी प्रकाश को गांव के बाहर बंद पड़े भट्ठे के पास से गिरफ्तार कर चालान किया है। ग्राम सुथना बरसोला निवासी प्रकाश पुत्र सूरज लाल तथा उनकी पत्नी रीमा तीन बच्चों के साथ रहकर जीवन यापन करते थे। दोनों भूमिहीन होने के चलते मजदूरी करके अपने तीन बच्चों का भरण पोषण करते थे। पति-पत्नी के मध्य सोमवार की रात राशन लाने को लेकर विवाद हुआ था। पत्नी रीमा मजदूरी करके पांच सौ रुपये लाई थी। घर में राशन नहीं था तो रीमा ने पांच सौ रुपये पति प्रकाश को देकर राशन लाने को कहा, जिस पर प्रकाश ने सारे पैसे दारु में उड़ा दिए राशन न लाने पर पत्नी रीमा विरोध करने लगी। जिसके चलते काफी विवाद हुआ इस पर प्रकाश ने पत्नी को मारा पीटा और चुप रहने को कहा। लेकिन जब रीमा नहीं मानी तो प्रकाश ने दुपट्टे से रीमा का गला घोट दिया जिसके चलते रीमा की मृत्यु हो गई। घटना से आक्रोशित होकर गांव निवासी रीमा के भाई संदीप ने कोतवाली तिकुनिया में तहरीर देकर प्रकाश पर अपनी बहन रीमा को मार देने का आरोप लगाया। जिसके आधार पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमे गला घुटने से मृत्यु का कारण स्पष्ट हुआ है। गुरुवार को पुलिस ने प्रकाश को गांव के बाहर बंद पड़े ईट भट्ठे के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। कोतवाली प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि प्रकाश शराब का आदी था तथा अक्सर अपनी पत्नी को शराब पीकर मारा पीटा करता था पत्नी के भाई संदीप की तहरीर पर प्रकाश के विरुद् मुकदमा दर्ज कर चालान किया गया है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने 200 गरीबों में बांटे कंबल



चकरनगर, इटावा। शीत लहर के साथ अधिक सर्दी बढ़ने से गुरुवार को तहसील चकरनगर में भाजपा जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कंबल वितरण समारोह का कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें असहाय, दिव्यांग और गरीब लोगों में 200 कंबल वितरण किए गए। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। चकरनगर तहसील सभागार में आयोजित कंबल वितरण समारोह में गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, पूर्व सांसद प्रेम दास कठेरिया व एसडीएम ब्रह्मानन्द सिंह कठेरिया ने क्षेत्र के लगभग दो सैकड़ा पात्र असहाय, दिव्यांग और गरीबों लोगों में कंबल वितरण किए। ठंड को देखते हुए इस बार राजस्व टीम ने पहले पात्रों को चिह्नित कर लिया था। जिसके बाद कार्यक्रम आयोजित कर लाभार्थियों को कंबल वितरण किए गए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ठंड में गरीबों के साथ किसी भी तरह की हकतल्फी न हो, इसके लिए ही यह व्यवस्था की गई। इस मौके पर मौजूद पूर्व प्रत्यासी विधानसभा कमलेश कठेरिया ने कहा अगर आप पात्र हैं, तो आपको इसका लाभ निश्चित मिलेगा। वहीं एसडीएम ब्रह्मानन्द सिंह कठेरिया ने कहा कि गांव क्षेत्र में जो अन्य गरीब पात्र लोग रह गए, उन्हें चिन्हित कर तहसील मुख्यालय से लगातार कंबल वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार विष्णुदत्त मिश्र, सीओ अवनीश कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश यादव, मण्डल अध्यक्ष शेखर चैहान, भाजपा नेता वीर सिंह यादव, अमन दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम का संचालन कानून गो जितेंद्र यादव के द्वारा किया गया।

## दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 साल की सजा

इटावा। पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म के एक मामले में विशेष न्यायाधीश विनीता विमल की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना अदा न करने पर उसे चार माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता दशरथ सिंह चैहान ने बताया कि मामला डेढ़ साल पुराना है। चकरनगर थाना क्षेत्र के एक गांव की 12 वर्षीय किशोरी 2 मार्च 2024 को दोपहर में बकरियां चराने खेतों पर गई थी। इसी दौरान रझिया गांव निवासी सुरेश पुत्र छेदालाल ने उसे पैसों का लालच देकर अपने पास बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी सुरेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने छानबीन के बाद सुरेश दोहरे के खिलाफ पास्को एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं में आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पोस्को एक्ट की अदालत में हुई।

संक्षेप

## मजबूती की राह पर निसान

नयी दिल्ली। निसान की नई गेम चेंजिंग 7-सीटर बी-एमपीवी का नाम ग्रेवाइट होगा और इसे 2026 की शुरूआत में लॉन्च किया जाएगा। भारत के लिए ब्रांड की रीफ्रेश्ड एवं स्ट्रेटजिक लाइन-अप के तहत लॉन्च किया गया यह पहला मॉडल होगा। आधुनिक भारतीय परिवारों के लिए खास तौर पर तैयार ग्रेवाइट से शानदार विविधता एवं मॉड्यूलैरिटी मिलेगी, निसान मोटर इंडिया की महत्वाकांक्षी प्रोडक्ट ऑफेंसिव के तहत दूसरे मॉडल के रूप में जुलाई, 2024 में ग्रेवाइट की घोषणा की गई थी। कंपनी के प्रोडक्ट रोडमैप में 2026 की शुरूआत में ग्रेवाइट की लॉन्चिंग, 2026 के मध्य में टेक्टॉन और 2027 की शुरूआत में 7-सीटर सी-एसयूवी की लॉन्चिंग शामिल है।

## वाटरटेक ने किया विस्तार

बंगलुरु। वाटरटेक इंडिया ने आज अपने सीपी फिटिंग्स और सेनेटरीवेयर डिवीजन' की एक नई और रणनीतिक शुरूआत की घोषणा की। यह कदम कंपनी के लिए एक बड़ा विस्तार है। इसके तहत, आधुनिक भारतीय घरों की बदलती जरूरतों और उम्मीदों को पूरा करने के लिए एक तकनीक-आधारित और डिजाइन-फोकस्ड प्रोडक्ट पोर्टफोलियो पेश किया गया है। यह लॉन्च वाटरटेक के लिए खुद को पूरी तरह से 'री-इन्वेंट' करने जैसा है। इसमें 500 से ज्यादा नए और अपग्रेडेड प्रोडक्ट्स शामिल हैं। इस रेंज को एक नई डिजाइन फिलॉसफी के साथ तैयार किया गया है, जिसमें बेहतरीन एस्थेटिक्स (लुक), पानी की बचत करने वाली परफॉर्मेंस और सटीक इंजीनियरिंग पर खास जोर दिया गया है।

## सोशल अपने आउटलेट्स पर ला रहा सांता गॉट मूव्स बैश

बंगलुरु। सोशल उन लोगों के लिए एक हाई-एनर्जी क्रिसमस ईव के साथ माहौल को और मजेदार बना रहा है जो बिना किसी रोक-टोक के जश्न मनाते हैं। 24 दिसंबर को, यह नेबरहुड कैफे-बार एक फुल-फ्लेज्ड पार्टी जोन में बदल जाएगा, जोरदार, एनर्जेटिक, और बिल्कुल हटके। इसकी शुरूआत 'सांता गॉट मूव्स बैश' से होगी, जहाँ सांता अपनी स्लेज छोड़कर डांस फ्लोर पर आ जाएगा। यहाँ आपको रेजिडेंट डीजे, हाई-एनर्जी म्यूज़िक, और एक ऐसा माहौल मिलेगा जहाँ कोई रोक-टोक नहीं होगी, जो सर्टिफाइड पार्टी एल्व्स से लेकर मिडनाइट-मास-मिस-यू-लेटर टाइप के सभी लोगों को आने, तैयार होने और जमकर डांस करने के लिए बुलाएगा।

## ग्रेट स्कॉलरशिप 2026-27 की घोषणा

नयी दिल्ली। ब्रिटिश काउंसिल ने यूके सरकार के ग्रेट ब्रिटेन अभियान के साथ मिलकर ग्रेट स्कॉलरशिप 2026-27 की घोषणा की है। यह छात्रवृत्ति उन प्रतिभाशाली भारतीय विद्यार्थियों के लिए है जिन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल की है और जो ब्रिटेन में स्नातकोत्तर अध्ययन करना चाहते हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए, ब्रिटेन के प्रमुख विश्वविद्यालय विभिन्न विषयों में 12 स्नातकोत्तर छात्रवृत्तियां प्रदान कर रहे हैं।

## जी5 पर दीवानियत का वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर 26 को

नयी दिल्ली। थिएटर्स में दर्शकों के दिलों को छूने और बॉक्स ऑफिस पर सफलता पाने के बाद, एक दीवाने की दीवानियत अब यह एक नए घर में आने के लिए तैयार है – आपका घर। जैसे-जैसे सर्दियों की ठंड बढ़ रही है, जी5 यह रोमांचक प्रेम कहानी दर्शकों के सामने पेश कर रहा है, ताकि आप इसे अपने घर की आरामदायक जगह से, अपने प्रियजनों के बीच बैठकर इसके जुनून और पागलपन का अनुभव कर सकें। मिलाप जवेरी द्वारा निर्देशित और देसी मूवीज फैक्ट्री के बैनर तले अंशुल गर्ग और दिनेश जैन द्वारा निर्मित, इस फिल्म में हर्षवर्धन राणे विक्रमादित्य की भूमिका में हैं।

## रात अकेली है: द बंसल मर्डर्स अब नेटफ्लिक्स पर

मुंबई। इंस्पेक्टर जटिल यादव की रहस्यमयी और उलझी हुई दुनिया एक बार फिर सामने आ गई है। रात अकेली है: द बंसल मर्डर्स के प्रीमियर के साथ यह कहानी अब सिर्फ नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह कहानी हूडनइट फ्रेंचाइजी को और गहराई में ले जाती है, जहाँ पुलिस जांच की जगह, एक ताकतवर परिवार की हवेली में घटने वाला साइकोलॉजिकल ड्रामा पेश किया गया है। रात अकेली है: द बंसल मर्डर्स अपने दमदार अभिनय, गहरी कहानी और नैतिक तथा मानसिक गहराईयों में घूमते रहस्य के साथ दर्शकों को पहले से ज्यादा रोमांचक अनुभव देता है। यह फ्रैंचाइजी एक और समृद्ध, गंभीर और निडर अध्याय पेश करती है। रहस्यों, साजिशों और बदलती सच्चाइयों से भरा यह केस अब स्ट्रीम हो रहा है सिर्फ नेटफ्लिक्स पर।

# सेंसेक्स में 78 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे दिन गिरावट आई। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और वैश्विक बाजारों में नरम रुख से सेंसेक्स 78 अंक के मामूली नुकसान में रहा जबकि निफ्टी स्थिर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 77.84 अंक यानी 0.09 प्रतिशत टूटकर 84,481.81 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 84,780.19 अंक के ऊपरी और 84,238.43 अंक के निचले स्तर तक भी गया। इस तरह इसमें 541.76 अंक की घट-बढ़ हुई। एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी तीन अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 25,815.55 अंक पर स्थिर रहा। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में सन फार्मा, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से नुकसान में रहें। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक शामिल हैं। वैश्विक संकेतों और रुपये से जुड़ी चिंताओं का निवेशक धारणा पर असर बना रहा। इसकी वजह से कारोबारियों ने सतर्कता बरती। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.05 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.28 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में बिजली खंड में सर्वाधिक 1.01 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि तेल एवं गैस खंड में 0.81 प्रतिशत, पूंजीगत उत्पाद खंड में 0.80 प्रतिशत और उपयोगिता खंड में 0.75 प्रतिशत की गिरावट रही। इसके उलट, फोकस आईटी खंड 1.24 प्रतिशत उछल गया और आईटी खंड में भी 1.10 प्रतिशत की तेजी रही। शेयर बाजार में शुरुआती बढ़त का कारण निचले मूल्य पर खरीदारी और केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप से रुपये में आई मजबूती थी। हालांकि, अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर बनी अनिश्चितता ने बाजार धारणा को कमजोर किया और मुनाफावसूली देखने को मिली। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) कई दिनों के बाद खरीदार बने और उन्होंने बुधवार को I,171.71 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी पिछले कारोबार में 768.94 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.42 प्रतिशत चढ़कर 59.93 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# रुपया 12 पैसे मजबूत होकर 90.26 प्रति डॉलर पर बंद



नयी दिल्ली। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 12 पैसे मजबूत होकर 90.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की व्यापक मजबूती के बावजूद घरेलू मुद्रा को बढ़त में रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि ब्रेंट क्रूड की कीमत 59 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी रहने से घरेलू मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन मिला। हालांकि, डॉलर सूचकांक में सुधार और घरेलू बाजारों की कमजोरी ने तेज बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.35 पर खुला। फिर कुछ हद तक उबरकर 90.04 प्रति डॉलर के दिन के उच्च स्तर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 34 पैसे की बढ़त दर्शाता है। अंत में यह 90.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे अधिक है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.38 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। भारतीय रिजर्व बैंक के डॉलर की बिक्री से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती आई है। बताया जा रहा है कि आरबीआई ने विदेशी मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप किया और रुपये में और गिरावट को रोकने के लिए डॉलर बेचे। अमेरिकी डॉलराभारतीय रुपये की हाजिर कीमत 90 से 90.60 के दायरे में रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.52 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर सेंसेक्स 77.84 अंक टूटकर 84,481.81 अंक पर जबकि निफ्टी तीन अंक फिसलकर 25,815.55 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59.89 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बुधवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से I,171.71 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# चांदी 2.07 लाख रुपये प्रति किलो के नये रिकॉर्ड पर



नयी दिल्ली। चांदी बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में 1800 रुपये उछलकर 2,07,600 रुपये प्रति किलोग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इसका कारण कारोबारियों की निरंतर खरीदारी है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। चांदी बुधवार को 7,300 रुपये उछलकर पहली बार दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम को पार कर 2,05,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस वृद्धि के साथ, चांदी की कीमत इस साल एक जनवरी को दर्ज की गई 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 117,100 रुपये किलो यानी 129.4 प्रतिशत बढ़ चुकी है।

सर्राफा संघ के अनुसार, स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत I,36,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहा। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 13.16 डॉलर यानी 0.31 प्रतिशत घटकर 4,325.02 डॉलर प्रति औंस रह गया। सोना बृहस्पतिवार को लगभग 4,330 डॉलर प्रति औंस तक गिर गया, लेकिन अक्टूबर में पहुंचे रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब बना रहा। इसका कारण अमेरिकी दर में कटौती की उम्मीदों और चल रहे भू-राजनीतिक जोखिमों से सोने को समर्थन मिलना है। इस बीच, बाजार की धारणा फेडरल रिजर्व के गवर्नर क्रिस्टोफर वालर की टिप्पणियों से प्रभावित हुई। उन्होंने बुधवार को अतिरिक्त ब्याज दर में कटौती का समर्थन किया, जबकि यह भी कहा कि नीति निर्माता सावधानी से आगे बढ़ सकते हैं। उनकी टिप्पणियां अमेरिकी श्रम डेटा के बाद आईं, जो आगे नरमी का संकेत दे रहा था। इसमें बेरोजगारी दर चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई और नवंबर में नौकरियों में वृद्धि अक्टूबर में देखी गई नरमी की भरपाई करने में विफल रही। विदेशी बाजारों में हाजिर चांदी 0.25 प्रतिशत घटकर 66.04 डॉलर प्रति औंस रह गई। पिछले सत्र में, चांदी 3.13 डॉलर यानी 4.91 प्रतिशत बढ़कर 66.88 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। मौजूदा वर्ष में, चांदी की कीमतें दो जनवरी, 2025 को दर्ज किए गए 29.56 डॉलर प्रति औंस से 37.32 डॉलर यानी 126.3 प्रतिशत बढ़ी हैं। इस साल चांदी सालाना आधार पर लगभग 130 प्रतिशत चढ़ी है। उसे कम होते भंडार और मजबूत खुदरा और औद्योगिक मांग, खासकर तेजी से बढ़ते सौर, इलेक्ट्रिक वाहन और डेटा सेंटर सेक्टर से भी समर्थन मिला है। चांदी लगातार पांचवें साल आपूर्ति की कमी देख रही है और यह रुख जारी रहने का अनुमान है।

# एमईआईएस, एसईआईएस लाभों के अनुचित आवंटन से 725 करोड़ का नुकसान हुआ: कैग

नयी दिल्ली। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने बृहस्पतिवार को विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2015-20 के तहत एमईआईएस एवं एसईआईएस योजनाओं के लाभों के अनुचित आवंटन पर वाणिज्य मंत्रालय और सीमा-शुल्क विभाग को फटकार लगाते हुए कहा कि इससे करीब 724.96 करोड़ रुपये राजस्व का नुकसान हुआ। कैग की यह रिपोर्ट मार्च, 2023 तक की अवधि के लिए इन दोनों योजनाओं के कार्यान्वयन के ऑडिट पर आधारित है। एमईआईएस योजना भारत से वस्तुओं के निर्यात के लिए थी जबकि एसईआईएस सेवाओं के निर्यात से संबंधित योजना थी।

रिपोर्ट में कहा गया कि इन निर्यात योजनाओं के बंद होने के बाद भी कई लाइसेंस जारी किए गए, जिससे शुल्क क्रेडिट के रूप में सरकार को नुकसान उठाना पड़ा। खासकर वस्त्र और तैयार उत्पादों के क्षेत्र में एमईआईएस के तहत अनुचित लाभ देने पर कैग ने डीजीएफटी को उपयुक्त वसूली की कार्वाई शुरू करने के लिए कहा है। एमईआईएस योजना के तहत लगभग 132.21 करोड़ रुपये के लाभ का दुरुपयोग पाया गया जबकि एसईआईएस योजना में 406.90 करोड़ रुपये के लाभ आवंटन में गलतियां पाई गईं। इसके अलावा अस्वीकृत इकाई सूची में शामिल कंपनियों और विशिष्ट पहचान से नाम का मेल नहीं पाई जाने वाली कंपनियों को भी अनुचित लाभ देना शामिल था, जिससे 185.85 करोड़ रुपये का राजस्व प्रभाव पड़ा। कैग ने सिफारिश की है कि वाणिज्य विभाग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को स्वचालित करे और मानवीय हस्तक्षेप कम करे। इसके अलावा, सेवाओं के वर्गीकरण को सभी एजेंसियों में समान रूप से लागू करना और सत्यापन एवं अनुमोदन प्रक्रियाओं को मजबूत करना भी जरूरी है।

# श्रम संहिताएं रोजगार को संगठित रूप देंगी : मांडविया

नयी दिल्ली। श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल ही में लागू किए गए श्रम कानून के मनमाने तरीके से नौकरी पर रखने व निकालने और इंस्पेक्टर राज को बढ़ावा देने की चिंताओं को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया और कहा कि नए कानून रोजगार को संगठित रूप देंगे जबकि निरीक्षक चीजों को सुगम बनाने की भूमिका निभाएंगे।

नए नियमों के तहत, 300 कर्मचारियों वाली इकाइयों में छंटनी, कर्मचारियों की कटौती एवं इकाइयों को बंद करने के लिए सरकारी अनुमति की आवश्यकता नहीं है। पहले 100 कर्मचारियों वाली इकाइयों को ऐसी अनुमति की आवश्यकता नहीं थी। हमने देश में रोजगार को संगठित रूप दिया है और प्रति इकाई श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर 300 कर दी है, जो पहले 100 थी। उन्होंने कहा कि पहले नियोक्ता कानूनी झंझटों से बचने के लिए 100 श्रमिकों को औपचारिक रोजगार देते थे और बाकी को असंगठित रूप से नियोजित करते थे। मांडविया ने कहा कि नए नियमों ने इन बचे हुए श्रमिकों के रोजगार को संगठित रूप दे दिया है और उन्हें वे सभी लाभ मिलेंगे जो एक पंजीकृत कर्मचारी को मिलते हैं। अनुपालन का बोझ बढ़ाकर इंस्पेक्टर राज को बढ़ावा देने की चिंताओं पर उन्होंने स्पष्ट किया कि निरीक्षक किसी उद्योग के काम में बाधा डालने वाला नहीं बल्कि सुविधादाता होगा। मंत्री ने कहा कि वे (निरीक्षक) अग्नि सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा जैसे सभी सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करेंगे जो विशेष रूप से खनन क्षेत्र में महिलाओं को रात्रिकालीन पाली में काम करने की अनुमति देने के लिए आवश्यक शर्तें हैं। नए कानूनों में सभी प्रावधान, बदलते समय और आधुनिक औद्योगिक गतिविधियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं।

## फ्लिपकार्ट फाउंडेशन ने की हकदर्शक एम्पावरमेंट से साझेदारी

बंगलुरु। फ्लिपकार्ट फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश के जिलों में 12 महीने चलने वाली पहल के लिए हकदर्शक एम्पावरमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। इसमें नैनो उद्यमियों को जरूरी दस्तावेजों को फॉर्मलाइज करने और क्रेडिट लिंकेज तक उनकी पहुंच को सुगम बनाने पर फोकस किया जाएगा। इस प्रोग्राम को इस तरह डिजाइन किया गया है, जिससे छोटे कारोबारियों को फॉर्मल डॉक्यूमेंटेशन करने और सरकार द्वारा समर्थित फाइनेंशियल लिंकेज तक पहुंचने में मदद मिले। इससे लंबी अवधि में उनका विकास एवं स्थायित्व सुनिश्चित होगा। फ्लिपकार्ट फाउंडेशन में हमारा मानना है कि उद्यमिता को मजबूत करने की शुरूआत सूचनाओं, दस्तावेजों एवं लंबी अवधि में विकास के अवसरों तक पहुंच को मजबूत करने से होती है।

# वित्त मंत्रालय ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए एक नया प्रतीक चिन्ह किया जारी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के लिए एक नया प्रतीक चिन्ह बृहस्पतिवार को जारी किया।

वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने एक राज्य एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के सिद्धांत पर, 11 राज्योंकेंद्र शासित प्रदेशों में स्थित 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) का एकीकरण किया है, जो एक मई 2025 से प्रभावी हो गया। यह सुधार अधिक सशक्त एवं कुशल आरआरबी के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान में 28 आरआरबी 700 से अधिक जिलों में 22,000 से अधिक शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। इसमें कहा गया कि यह ग्रामीण समुदायों की सेवा करने वाली इन संस्थाओं की पहचान और दृश्यता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आरआरबी प्रतीक चिन्ह के रंगों का चयन आरआरबी के उद्देश्यों को दर्शाने के लिए किया गया है। गहरा नीला रंग वित्त और विश्वास का प्रतीक है जबकि हरा रंग जीवन एवं विकास का प्रतीक है जो ग्रामीण भारत की सेवा करने के उनके मिशन को प्रतिबिंबित करता है। सरकार की इस साझा ब्रांडिंग पहल से राष्ट्रीय स्तर पर आरआरबी (ग्रामीण विकास बैंक) को एक विशिष्ट, आधुनिक एवं आसानी से पहचाने जाने योग्य ब्रांड पहचान मिलने की उम्मीद है। यह वित्तीय समावेश और ग्रामीण विकास के प्रति उनकी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# फ्लिपकार्ट पर पोको सी85 5जी की पहली बिक्री शुरू

नयी दिल्ली। पोको ने केवल फ्लिपकार्ट पर अपने बिल्कुल नए पोको सी85 5जी की पहली बिक्री शुरू कर दी है। सबसे बढ़िया बैटरी अनुभव के लिए डिजाइन किये गये, पोको सी85 5जी में 6000 एमएएच की बैटरी है जो दो दिनों से अधिक की पावर देती है। शानदार लॉन्च कीमत, पोको सी85 केवल फ्लिपकार्ट पर 16 दिसंबर, 2025 को दोपहर 12 बजे से बिक्री के लिए उपलब्ध होगा, जिसकी शुरूआती कीमत 4जीबी+128जीबी वैरिएंट के लिए 10,999* रुपये, 6जीबी+128जीबी वैरिएंट के लिए 11,999* रुपये, और जीबी+128जीबी वैरिएंट के लिए 13,499* रुपये है।

पेज एक का शेष

## प्रधानमंत्री मोदी

एवं निवेशकों के उच्च विश्वास के दम पर देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है। उन्होंने कहा भारत ने पिछले 11 वर्ष में न केवल नीतियों में बदलाव किया है, बल्कि अपने आर्थिक स्वरूप को भी बदल दिया है। मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में पिछली तिमाही में भारत की आठ प्रतिशत से अधिक की उच्च वृद्धि इसकी मजबूत प्रकृति और अंतर्निहित शक्तियों को उजागर करती है। उन्होंने कहा भारत की प्रगति हमेशा से साझा प्रगति की कहानी रही है। भारत जब आगे बढ़ता है, तो वह अपने मित्रों को भी अपने विकास में भागीदार बनाता है। हम आज भी यही कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने साथ ही कहा कि भारत की वृद्धि की यात्रा में ओमान के लिए पर्याप्त अवसर मौजूद हैं। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, लॉजिस्टिक, संपर्क, विश्वसनीय आपूर्ति शृंखलाओं, विनिर्माण क्षमताओं और हरित विकास को विकसित करने के लिए तेजी से और बड़े पैमाने पर काम कर रहा है ताकि जीवन की सुगमता एवं कारोबार की सुगमता को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने हाल के वर्षों में भारत द्वारा लागू किए गए सुधारों का भी उल्लेख किया जिनमें वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और ज् णशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता (आईबीसी) शामिल हैं। मोदी ने ओमान की कंपनियों को ऊर्जा, तेल एवं गैस, पेट्रोरसायन और उर्वरकों के पारंपरिक क्षेत्रों से परे देखने और हरित ऊर्जा, सौर पार्क, ऊर्जा भंडारण, स्मार्ट ग्रिड, कृषि-प्रौद्योगिकी, वित्तीय प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआई) और साइबर सुरक्षा के क्षेत्रों में अवसरों का पता लगाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने व्यापार साझेदारी को भविष्य के लिए तैयार करने हेतु भारत-ओमान कृषि नवाचार केंद्र और भारत-ओमान नवाचार सेतु के गठन का भी प्रस्ताव रखा। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ये मात्र विचार नहीं हैं बल्कि निवेश करने, नवाचार करने और मिलकर भविष्य का निर्माण करने का निमंत्रण है। प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय यात्रा पर बुधवार को यहां पहुंचे थे।

## संस्कृति में

महानुभावों के योगदान के लिए उन्होंने कृतज्ञता व्यक्त की। मुख्यमंत्री योगी ने इस अवसर पर पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 1940 में गुरुदेव रबिंद्रनाथ टैगोर ने एक पत्र जारी कर इस संस्थान को विश्वविद्यालय के रूप में संबोधित किया था। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे की भावनाओं के अनुरूप इस संस्थान को विश्वविद्यालय का स्वरूप प्रदान किया जा सका। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में देश आजाद हुआ और वर्ष 1950 में संविधान लागू हुआ। इसके बाद वर्ष 2017 तक अनेक सरकारें आईं और गईं, लेकिन तत्कालीन राज्यपाल राम नाइक ने भातखण्डे संस्थान को विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने के विषय में उनसे संवाद किया। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि प्रस्ताव आने में देर हुई, विभाग से निरंतर संवाद हुआ और अंततः वर्ष 2022 में सरकार ने इसे विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता दी। यह उत्तर प्रदेश का पहला संस्कृति विश्वविद्यालय है। उन्होंने कुलपति प्रो. माण्डवी सिंह की सराहना करते हुए कहा कि उनकी ओर से विश्वविद्यालय का कुलगीत और लोगो नादाधीनं जगत थीम पर आधारित किया गया, जिसका अर्थ है- पूरा जगत नाद के अधीन है। यह जीवन की सच्चाई को दशार्ता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस सृष्टि का पहला स्वर ओंकार है। उन्होंने नाद योग का उल्लेख करते हुए कहा कि विज्ञान, अध्यात्म और संस्कृति तीनों ही इसकी पुष्टि करते हैं। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय का विजन भी यही है कि नाद के अधीन पूरा जगत है। उन्होंने कहा कि संगीत की विभिन्न विधाओं के माध्यम से इसी नाद की पहचान करना साधना का विषय है। विश्वविद्यालय से जुड़े पूर्व कलाकारों को सम्मानित किए जाने पर उन्होंने कहा कि ये कलाकार न केवल भातखण्डे की परंपरा, बल्कि उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक मूल्यों को भी वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित कर रहे हैं। कॉफी टेबल बुक के विमोचन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आने वाले समय में यह पुस्तक प्रेरणा का कार्य करेगी। देश की आजादी के शताब्दी महोत्सव के साथ जब विश्वविद्यालय जुड़ रहा होगा, तब यह कॉफी टेबल बुक अत्यंत प्रासंगिक सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री योगी ने पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि वर्ष 1926 में देश औपनिवेशिक शासन के अधीन था। उस समय अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सीमित थी और संगीत तथा कला के लिए मंच उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने कहा कि उस दौर में पंडित भातखण्डे ने भारतीय संगीत को वैज्ञानिक आधार प्रदान किया। शास्त्रीय अनुशासन, सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम, राग-ताल का वर्गीकरण, क्रमिक पद्धति और गुरु-शिष्य परंपरा को आधुनिक शिक्षा से जोड़ना उनका ऐतिहासिक योगदान था। यह कार्य केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति को आत्मसम्मान, आत्मगौरव और स्थायित्व देने का प्रयास था।

## विधानमंडल का

प्रस्तुत करती है। उन्होंने सभी दलीय नेताओं से आग्रह किया कि वे अपने-अपने विचार सदन में सकारात्मक संवाद, शालीनता एवं संसदीय परंपराओं के अनुरूप रखें। उन्होंने कहा कि संवाद और सार्थक चर्चा के माध्यम से ही लोकतंत्र सशक्त होता है। श्री महाना ने यह भी कहा कि पूर्व सत्रों की भांति इस सत्र में भी सभी दलों का सहयोग अपेक्षित है। सर्वदलीय बैठक में बताया गया कि सत्र के पहले दिन 19 दिसंबर को दिवंगत मऊ विधायक सुधाकर सिंह के लिए शोकसभा होगी। 20 व 21 को अवकाश रहेगा। 22 को अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। उसी दिन वंदे मातरम् पर पांच घंटे चर्चा होगी। 23 व 24 दिसंबर को विधायी कार्य होंगे। सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान सभा नवाचार के लिए देशभर में पहचानी जा रही है। विधान सभा में नवाचार अन्य विधान सभाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इन प्रयासों से प्रदेश की जनता एवं आगंतुकों को विधान सभा को निकट से जानने का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में सभी सदस्यों को सकारात्मक एवं सार्थक बहस में भाग लेना चाहिए, क्योंकि जनप्रतिनिधि ही जनता की समस्याओं का प्रथम समाधान केंद्र होते हैं। उन्होंने दलीय नेताओं से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने विधायकों को सदन में बोलने का पर्याप्त अवसर दें। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सरकार सदन में उठाए जाने वाले प्रत्येक विषय पर गंभीरता से उत्तर देने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने सभी सदस्यों से सदन की गरिमा बनाए रखने तथा शांतिपूर्ण सहयोग की अपील की। बैठक में इन सभी नेताओं ने ने अपने-अपने विचार रखते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया। सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि संवाद और सहमति ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है।

यूपी विधानसभा सत्रः सर्वदलीय बैठक से पहले सपा नेता की मांग, सत्र छोटा... कार्यवाही के दिन बढ़ाए सरकार

सपा नेताओं ने यूपी के विधानमंडल सत्र को सिर्फ पांच दिनों का रखा जाने पर सवाल उठाये। कहा कि सरकार जरूरी मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है। मांग की है कि सत्र की कार्यवाही बढ़ाई जानी चाहिए। यूपी में शुक्रवार से शुरू हो रहे पांच दिवसीय विधान मंडल सत्र के पहले सर्वदलीय बैठक में जाते हुए सपा नेता रविदास मल्होत्रा ने कहा कि सरकार जनता के मुद्दों से बचना चाहती है इसलिए सदन का शीतकालीन सत्र इतना छोटा रखा गया है। उन्होंने मांग की है कि सत्र की कार्यवाही बढ़ाई जानी चाहिए।

## भारत ने

दुश्मन हमला करता है, तो लोग छिप जाते हैं। लेकिन जब पाकिस्तानी बलों ने भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिश की, तो भारत के लोग शांत रहे और अपनी दैनिक गतिविधियां जारी रखीं। यह हमारे संचालन तैयारी में हर भारतीय के भरोसे का प्रमाण है। युद्ध की बदलती प्रकृति पर सिंह ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष, इजराइल-हमास युद्ध, बालाकोट हवाई हमले और ऑपरेशन सिंदूर यह सब प्रमाण हैं कि आज के समय में वायु शक्ति एक निर्णायक शक्ति के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा कि वायु शक्ति केवल एक सामरिक साधन ही नहीं, बल्कि एक रणनीतिक उपकरण भी है और गति, हैरान करना इसकी अंतर्निहित विशेषताएं हैं। सिंह ने कहा वायु शक्ति किसी भी नेतृत्व को यह स्पष्ट सामरिक संदेश देने की क्षमता देती है कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा गति, पहुंच और सटीकता के माध्यम से, वायु शक्ति देश के उद्देश्यों को सैन्य साधनों के साथ संरेखित करने का एक प्रभावी उपकरण बन गई है। सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रभावी रूप से इस्तेमाल की गई भारत की वायु रक्षा प्रणाली और अन्य उपकरणों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए, देश की सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करने के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी।

## नौकरशाहों के

स्तर के राज्य के अधिकारियों को पत्राचार और आदेशों में माननीय के साथ संबोधित किया जा रहा है। यह अदालत पहले ही बता चुकी है कि माननीय शब्द का इस्तेमाल मंत्रियों और संप्रभु अधिकारियों के मामले में ही किया जाएगा। यह राज्य सरकार के नौकरशाहों या अधिकारियों के मामले में लागू नहीं होता। इस मामले में इटावा के जिलाधिकारी द्वारा कानपुर के मंडलायुक्त को माननीय मंडलायुक्त के तौर पर संदर्भित किया गया है। अदालत ने प्रमुख सचिव (राजस्व विभाग) को इस अदालत को यह अवगत कराने का निर्देश दिया कि क्या उन अधिकारियों के लिए कोई प्रोटोकॉल है जो अपने पदों या नाम के पहले माननीय शब्द लगाने के पात्र हैं। अदालत ने इस मामले की नए सिरे से सुनवाई की अगली तिथि 19 दिसंबर, 2025 तय की।

## राजस्व में

लिए राजस्व में बढोतरी करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस दशक को उत्तराखंड का दशक बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए संसाधन वृद्धि को मिशन मोड में लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विशेष श्रेणी के राज्यों में उत्तराखंड को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, खनन सुधारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य को 200 करोड़ रुपये की केंद्रीय प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है, जो राज्य के सही दिशा में बढ़ने का परिचायक है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 24,015 करोड़ रुपये का कर राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें अब तक 62 प्रतिशत से अधिक प्राप्ति हो चुकी है। उन्होंने संबंधित विभागों से आगामी अवधि में लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति के लिए समन्वित और सक्रिय प्रयास किए जाने के निर्देश दिए।

## लोस में

साथ लागू नहीं किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे सही से क्रियानवित किया। उन्होंने संप्रग और राजग सरकार के समय इस योजना के क्रियान्वयन की तुलना करते हुए कहा कि कांग्रेस के समय जहां 1660 करोड़ श्रम दिवस सृजित हुए थे, वहीं मोदी सरकार में 3210 करोड़ श्रम दिवस का सृजन किया गया।

## संसद में

के लिए 37 हजार करोड़ रुपये से अधिक का बजट है। मंत्री ने कहा, यदि हमने 2047 तक 100 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा का लक्ष्य रखा है तो पूरा करने में परमाणु क्षेत्र महत्वपूर्ण है। सिंह ने कहा कि आज की दुनिया में अलग-थलग रहने का दौर खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि उन्हीं सुरक्षा उपायों को जारी रखा गया है।




# शृंखला जीतने उतरेगा भारत

## सूर्यकुमार यादव के प्रदर्शन पर होगी निगाह, टेस्ट श्रृंखला में 0-2 से हारने के बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए वनडे श्रृंखला जीती

एजेंसी

अहमदाबाद। चयन को लेकर उठे सवालों और कुछ कमजोरियों के उजागर होने के बीच भारत शुक्रवार को यहां होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चुनौतीपूर्ण श्रृंखला का सकारात्मक अंत करने की कोशिश करेगा। टेस्ट श्रृंखला में 0-2 से हारने के बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए वनडे श्रृंखला जीती।

- टी-20 : मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:00 बजे होगा शुरू




अब उसने टी20 श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त बना ली है, क्योंकि बुधवार को लखनऊ में खराब मौसम के कारण चौथा मैच रद्द कर दिया गया था। यह सुनिश्चित है कि भारत अब इस श्रृंखला को हार नहीं सकता है जो मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए राहत की बात होनी चाहिए क्योंकि टीम के दो प्रमुख खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव तथा टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं।

कुछ समय पहले तक विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रहे सूर्यकुमार की फॉर्म भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने टी20 में इस साल 20 मैचों में 18 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बनाया। इस दौरान उन्होंने 14.20 के औसत से 213 रन बनाए। गिल का छोटे प्रारूप में नहीं चल पाना भी भारत के लिए अगले साल के शुरू में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले चिंता का विषय होगा। वह पिछले मैच में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे जिससे उनका अंतिम मैच में खेलना संदिग्ध है। भारतीय टीम किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझेगी क्योंकि उसके पास शीर्ष क्रम में संजू सैमसन के रूप में एक अच्छा विकल्प मौजूद है। सैमसन निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए कभी भी सही विकल्प नहीं थे।

उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि मध्यक्रम में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने अपने तीनों टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक शीर्ष क्रम पर खेलते हुए बनाए हैं। अंतिम मैच में गिल की अनुपलब्धता की स्थिति में मौका मिलने पर केरल का यह विकेटकीपर-बल्लेबाज इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। इसके अलावा भारतीय टीम संतुलित नजर आती है क्योंकि दोनों ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे अब तक खेले गए तीनों मैचों में अंतिम एकादश में शामिल रहे हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण में अर्शदीप सिंह अपनी लय में आ रहे हैं जबकि हर्षित राणा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच निजी कारणों से तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाने वाले जसप्रीत बुमराह चौथे मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं।

यहां की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल मानी जाती है जो इस श्रृंखला में भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती (छह विकेट) के लिए चुनौती पेश करेगी। जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा है। अगर उसे श्रृंखला बराबर करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

दक्षिण अफ्रीका की टीम रीजा हेंड्रिक्स की जगह एडेन मार्कराम को शीर्ष क्रम में वापस लाने पर विचार कर सकती है। रीजा हेंड्रिक्स इस दौरे पर अपनी लय हासिल नहीं कर पाए हैं।

### पांचवें टी20 मैच के लिए अहमदाबाद पहुंचे गिल

अहमदाबाद। शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांचवें और आखिरी टी20 मैच के लिये यहां पहुंच गए हैं हालांकि चौथे मैच से पहले लगी चोट के कारण उनका खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। गिल का नेट्स पर लगी चोट के कारण लखनऊ में चौथे टी20 से बाहर होना तय था लेकिन खराब मौसम के कारण मैच ही रद्द हो गया।

यह देखना होगा कि खराब फॉर्म से जूझ रहे गिल शुक्रवार को चौथे मैच के लिये उपलब्ध होंगे या नहीं या उनकी जगह संजू सैमसन को उतारा जायेगा। गिल इससे पहले गर्दन की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भी अधिकांश समय बाहर रहे थे वह बाद में तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में भी नहीं खेल सके थे। भारत टी20 श्रृंखला में 2-1 से आगे है और शुक्रवार का मैच इस वर्ष का आखिरी मैच होगा। इसके बाद 11 जनवरी से भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेगी।

# केतन ने राष्ट्रीय निशानेबाजी में जीता स्वर्ण

नयी दिल्ली। हरियाणा की केतन मलिक पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर जैसी दिग्गज को हराकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में राष्ट्रीय चैम्पियन बन गई। केतन ने 240 का स्कोर करके स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली की मीनू पाठक को रजत और सुरभि राव को कांस्य पदक मिला। जूनियर महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की वंशिका चौधरी ने स्वर्ण, अंजलि शेखावत ने रजत और एशियाई खेल चैम्पियन पलक गुलिया ने कांस्य पदक जीता। सेना निशानेबाजी ईकाई की लक्षिता बिश्नोई ने युवा वर्ग में खिताब जीता। रश्मिका सहगल को रजत और संस्कृति बाना को कांस्य पदक मिला। क्वालीफिकेशन में 900 से अधिक निशानेबाजों ने भाग लिया था जिसमे गुलिया और भाकर शीर्ष पर रही थी। फाइनल में भाकर 137.2 स्कोर करके सातवें स्थान पर रही। वहीं दूसरी ओर अगले साल 16 से 26 फरवरी तक होने वाली भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) में गुरुवार को यूपी प्रोमेथियंस के रूप में नहीं फ्रेंचाइजी को शामिल किया गया।




भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव ने कहा, उत्तर प्रदेश में खेल की अपार संभावनाएं हैं तथा एक मजबूत शैक्षणिक और विकास के मूल मंत्र से से प्रेरित फ्रेंचाइजी को जुड़ने से लीग का महत्व बढ़ गया है। एसएलआई में पिस्टल, राइफल और शॉटगन की स्पर्धाओं में मिश्रित टीम प्रारूप में खेलने वाले शीर्ष भारतीय और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में कई श्रेणियों में टीम स्पर्धाएं होंगी। इनमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) शामिल हैं। लीग चरण के लिए टीमों को दो वर्ग में बांटा जाएगा जिसके बाद नॉकआउट राउंड के मुकाबले होंगे। खिलाड़ियों का चयन चार श्रेणियों एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, राष्ट्रीय चैंपियन तथा जूनियर एवं युवा में किया जाएगा। इस तरह से अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टार खिलाड़ियों, भारतीय निशानेबाजों और उभरती प्रतिभाओं के संयोजन वाली टीम तैयार की जाएगी। वहीं दूसरी ओर पिछले महीने काहिरा में विश्व चैंपियनशिप में भारतीय पिस्टल निशानेबाज सम्राट राणा के प्रदर्शन को अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने वर्ष के शीर्ष पांच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में शामिल किया है। हरियाणा के करनाल के रहने वाले 20 वर्षीय निशानेबाज राणा ने विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। वह इस स्पर्धा में सीनियर वर्ग का व्यक्तिगत विश्व खिताब जीतने वाले पहले भारतीय हैं। इस प्रतिभाशाली निशानेबाज ने इसी प्रतियोगिता में अपनी पसंदीदा स्पर्धा में ईशा सिंह के साथ मिश्रित टीम का रजत पदक भी जीता था। आईएसएसएफ ने सत्र के शीर्ष पांच प्रदर्शन की घोषणा करते हुए कहा, इस सत्र में हू काई (चीन) को हराने वाले एकमात्र खिलाड़ी सम्राट राणा ने दबाव में भी संयम बनाए रखते हुए ऐसा उलटफेर किया जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। निशानेबाजी की विश्व संस्था ने कहा, आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 20 वर्षीय राणा ने मामूली बढ़त हासिल की थी और हू ने भी उन्हें कड़ी टक्कर दी, लेकिन छह शॉट शेष रहते चीनी खिलाड़ी ने बढ़त बना ली।

## संक्षेप

### ईगल्स ने डब्ल्यूटीएल में काइट्स को हराया

बेंगलुरु। सुमित नागल और पाउला बाडोसा के शानदार प्रदर्शन से ईगल्स ने बृहस्पतिवार को यहां काइट्स को हराकर विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) में फाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। नागल ने बेहद कड़े मुकाबले में दक्षिणेश्वर सुरेश को 40 मिनट में 7-6 से हराकर ईगल्स को विजयी शुरुआत दिलाई। बाडोसा ने महिला एकल के एकतरफा मुकाबले में मार्टा कोस्त्युक को 6-1 से शिकस्त दी। बाडोसा ने इसके बाद गेल मोनफिल्स के साथ मिलकर दक्षिणेश्वर और कोस्त्युक की जोड़ी को 6-3 से हराया। पुरुष युगल में भी मोनफिल्स और नागल ने निक किर्गियोस और दक्षिणेश्वर को 6-3 से हराकर ईगल्स की 25-13 से जीत सुनिश्चित की। ईगल्स ने कुल स्कोर के आधार पर 43-34 से जीत हासिल की क्योंकि पिछले मैच के अंकों को भी जोड़ा गया।

### सिडको ओपन : पाटिल और अहलावत शीर्ष पर

नवी मुंबई। रोहन ढोले पाटिल तीसरे दौर में सात अंडर 64 के शानदार स्कोर से बृहस्पतिवार को यहां सिडको ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में तीसरे दौर के बाद वीर अहलावत के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अपने पहले खिताब की तलाश में जुटे पाटिल ने छह अंडर 65 के पिछले कोर्स रिकॉर्ड में सुधार किया जो अहलावत ने पहले दौर में बनाया था और फिर दूसरे दौर में उसकी बराबरी की थी। अहलावत ने तीसरे दौर में दो ओवर 73 का खराब स्कोर बनाया। अहलावत और पाटिल का कुल स्कोर 10 अंडर 203 है। नेपाल के सुभाष तमांग (65) कुल नौ अंडर 204 के स्कोर से तीसरे स्थान पर हैं। इटली के माइकल ओर्टोलानी (72) आठ अंडर 205 के कुल स्कोर से चौथे पायदान पर हैं।

### चोटरानी, सूरज की इंडिया स्काश में जीत से शुरुआत

मुंबई। शीर्ष वरीय वीर चोटरानी और दूसरे वरीय सूरज चंद ने बृहस्पतिवार को यहां सीसीआई वेस्टर्न इंडिया स्क्वाश टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। खिताब के प्रबल दावेदार चोटरानी ने अयान खान को 11-।, 11-।, 11-। से हराकर राउंड ऑफ 32 में जगह बनाई। सूरज ने अजिंक्य पाटिल को 11-4, 11-4, 11-3 से हराया। लड़कों के अंडर-15 वर्ग में दूसरे वरीय यूसुफ पारदीवाला ने अर्जुन पारसरामपुरिया को 11-3, 11-7, 11-7 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। लड़कों के अंडर-17 वर्ग के अगस्त्य बंसल ने हर्ष बंसाल को 11-5, 11-6, 11-6 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

# एके इंफ्रा व पीआर लीगल जीएसटी की जीत

खेल संवाददाता

लखनऊ। एके इंफ्रा यूपी 65(वाराणसी), पीआर लीगल जीएसटी (गोरखपुर), एडीए आलमबाग रायल्स, कोकाकोला लखनऊ यूनाईटेड और जेबी ग्रुप ने

- सिंधी प्रीमियर लीग (एसपीएल) नेशनल लेवल
- एडीए आलमबाग रायल्स, कोकाकोला लखनऊ यूनाईटेड व जेबी ग्रुप का भी शानदार प्रदर्शन

सिंधी प्रीमियर लीग (एसपीएल) नेशनल लेवल 2025 में दमदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया यूथ विंग उत्तर प्रदेश चैप्टर की लखनऊ इकाई एवं समस्त सिंधी पूज्य पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित लीग के मैच आशियाना



स्थित मल्टी एक्टिविटी सेंटर मैदान पर खेले जा रहे हैं। मैन ऑफ द मैच खुशल रहेजा (तीन विकेट, नाबाद 21 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन से एके इंफ्रा यूपी 65(वाराणसी) ने शीतल इंफ्रा द पिच बर्नर को 16 रन से शिकस्त दी। एके इंफ्रा यूपी 65 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में दो विकेट पर 113 रन का स्कोर बनाया। पंकज करमचंदानी ने 23 गेंदों पर 5 चौके व 3 छक्के से 47 रन की उम्दा पारी खेली। देवेश इशरानी ने 37 व खुशल रहेजा ने नाबाद 21 रन जोड़े। जवाब में शीतल इंफ्रा द पिच बर्नर पांच विकेट पर 97 रन ही बना सका। प्रशांत (33), सिद्धांत जसवानी (23) व तरुण (21) के प्रयास भी टीम को जीत नहीं दिला सके। पीआर लीगल जीएसटी (गोरखपुर) ने हिल्टन गार्डन 9 स्ट्राइकर्स के खिलाफ 48 रन से बेहतरीन जीत दर्ज की। टीम की जीत में मैन ऑफ द मैच गौरव तोलानी ने 33 रन बनाने के साथ दो विकेट भी झटके। पीआर लीगल जीएसटी (गोरखपुर) ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 114 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज अमन खटवानी (46 रन, 18 गेंद, 2 चौके, पांच छक्के) ने विस्फोटक पारी खेली।

# लियोन ने मैकग्रा को पीछे छोड़ा, इंग्लैंड का संघर्ष जारी



एजेंसी

एडिलेड, 18 दिसंबर (एपी) नाथन लियोन के रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन और इस मैच में वापसी करने वाले कप्तान पैट कमिंस की शानदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को यहां अपना पलड़ा भारी रखा। इंग्लैंड ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में आठ विकेट पर 213 रन बनाए हैं और वह ऑस्ट्रेलिया से 158 रन पीछे है।

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 371 रन बनाए थे। इंग्लैंड का दारोमदार कप्तान बेन स्टोक्स पर टिका है जो 151 गेंद पर 45 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनके साथ दूसरे छोर पर खड़े जोफ्रा आर्चर ने 30 रन बनाए हैं। इंग्लैंड का स्कोर एक समय आठ विकेट पर 168 रन था और लग रहा था कि उसकी पहली पारी दूसरे दिन ही समाप्त हो जाएगी लेकिन स्टोक्स और आर्चर दिन के अंतिम 14 ओवर में कोई विकेट नहीं गिरने दिया। इन दोनों ने अभी तक नौवें विकेट के लिए 45 रन जोड़े हैं।

### 23वीं एल्डिको कप प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट कल से

लखनऊ। 23वीं एल्डिको कप प्राइजमनी टेनिस टूनार्मेंट का आयोजन 20 से 22 दिसंबर, 2025 तक लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में किया जाएगा। एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा आयोजित टूनार्मेंट में पुरुष एकल व पुरुष युगल के साथ बालक अंडर-14, अंडर-16 व अंडर-18 एकल आयु वर्ग के मुकाबले होंगे। इसके साथ अंडर-12 बालक व बालिका और अंडर-10 बालक में ट्रॉफी व विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। एसडीएस के संस्थापक सदस्य पवन सागर ने जानकारी दी कि टूनार्मेंट में एक लाख रुपए की पुरस्कार राशि दांव पर होगी। इस टूनार्मेंट का प्रायोजक एल्डिको हाउसिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड है। टूनार्मेंट निदेशक गोपाल सिंह बिष्ट होंगे। अधिक जानकारी के लिए हिंद गौरव से मोबाइल न.7786845595 पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।


# आज होगा टाइम्स ऑफ इंडिया और डीडीआई का फाइनल

खेल संवाददाता

लखनऊ। पिछले संस्करण की उपविजेता टाइम्स ऑफ इंडिया ने एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग (एलएमपीएल) 2025 में गुरुवार को सेमीफाइनल में पिछली विजेता इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एकादश

- एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग (एलएमपीएल)

को 22 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं डीडी-एआईआर एकादश ने मेजबान एलएसजेए एकादश को चार विकेट से शिकस्त देकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एलएसजेए) के तत्वावधान व कैवेल्य कम्युनिकेशंस




के सह तत्वावधान में आयोजित लीग में केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर पहले सेमीफाइनल में एलएसजेए एकादश पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 76 रन ही बना सका।

टीम की बल्लेबाजी लचर रही। सलामी बल्लेबाज विक्रम श्रीवास्तव मात्र चार रन बना सके और एक समय टीम ने 16 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे। वहीं कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका जबकि सलमान ने सर्वाधिक 23 रन बनाए। डीडी-एआईआर एकादश से शादाब आलम व अनिल यादव ने तीन-तीन विकेट चटकाए। जवाब में डीडीएआईआर एकादश ने 11.1 ओवर में 6 विकेट पर 80 रन बनाकर मैच जीत लिया।

# लैथम व कॉनवे की साझेदारी से न्यूजीलैंड मजबूत

एजेंसी

माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड)। कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे के बीच पहले विकेट के लिए रिकार्ड साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन गुरुवार को एक विकेट पर 334 रन बनाए।



पहले दिन का खेल समाप्त होने से तीन ओवर पहले लैथम 137 रन बनाकर आउट हो गए। स्टंप उखड़ने के समय कॉनवे 178 रन पर खेल रहे थे जबकि नाइटवॉचमैन जैकब डफी ने नौ रन बनाए थे। लैथम और कॉनवे ने पहले विकेट के लिए 323 रन जोड़े जो न्यूजीलैंड की तरफ से पहले विकेट के लिए दूसरी सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। यह 2025 में किसी भी टीम की तरफ से किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। लैथम ने दूसरी नई गेंद आने के तुरंत बाद स्लिप में कैच देने से पहले 245 गेंदों का सामना किया तथा 15 चौके और एक छक्का लगाया। कॉनवे ने अब तक 279 गेंदों का सामना किया है और उन्होंने 25 चौके लगाए हैं। उन्होंने दिन भर बल्लेबाजी की जिससे वह अपने सर्वोच्च टेस्ट स्कोर (2021 में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में बनाए गए 200 रन) के करीब पहुंच गए हैं। लैथम का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला साहसिक था क्योंकि बे ओवल की पिच हरी थी। वेस्टइंडीज के गेंदबाज हालांकि इसका फायदा नहीं उठा पाए तथा लैथम और कॉनवे ने शानदार बल्लेबाजी का नजारा पेश करके फैसले को सही साबित करके कैरेबियाई टीम को बैकफुट पर भेज दिया। न्यूजीलैंड के लिए आखिरी बार दोनों सलामी बल्लेबाजों ने 2019 में टेस्ट मैच में शतक बनाए थे, जब हैमिल्टन में बांग्लादेश के खिलाफ लैथम ने 161 और जीत रावल ने 132 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड की तरफ से छठी बार पहले विकेट के लिए 200 या इससे अधिक रन की साझेदारी निभाई गई। लैथम इनमें से दो में शामिल रहे हैं।

न्यूजीलैंड की तरफ से पहले विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी का रिकॉर्ड ग्लेन टर्नर और टेरी जार्विस के नाम पर है जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ ही 1972 में जॉर्जटाउन में 387 रन की साझेदारी की थी। कॉनवे ने 147 गेंदों में शतक बनाया जिसमें 17 चौके शामिल थे। यह उनके करियर का छठा तथा पिछली छह पारियों में दूसरा शतक था। लैथम ने टेस्ट क्रिकेट में अपना 15वां और वर्तमान श्रृंखला का दूसरा शतक 183 गेंदों में नौ चौकों और एक छक्के की मदद से पूरा किया। न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था जबकि न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट नौ विकेट से जीता।

### बुमराह के एक्शन और तेज गति के लिए कार्यभार प्रबंधन जरूरी : उथप्पा

लखनऊ। पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का मानना है कि भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का एक्शन और तेज गति उनके शरीर पर अत्यधिक दबाव डालती है और उन्हें पूरी तरह से फिट रखने के लिए उनका कार्यभार का प्रबंधन करना बेहद जरूरी हो जाता है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में बुमराह को आराम दिया गया था और उन्होंने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में वापसी की। उथप्पा ने जियोस्टार के क्रिकेट लाइव पर कहा, वह बेमिसाल मैच विजेता हैं और उनके कार्यभार का प्रबंध करना बेहद जरूरी है। तेज गेंदबाजी शायद इस खेल का सबसे मुश्किल कौशल है और बुमराह इसे बेहद तेज गति से और चुनौतीपूर्ण एक्शन के साथ करते हैं। उन्होंने कहा, आप उनको पूरी तरह से फिट बनाए रखना चाहते हैं लेकिन साथ ही आप यह भी चाहते हैं कि वह पर्याप्त क्रिकेट खेलें।

# पीएसजी ने जीता इंटरकॉन्टिनेंटल कप

एजेंसी

दोहा। मात्वेई सफोनोव ने पेनल्टी शूटआउट में लगातार चार पेनल्टी बचाईं जिससे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में फ्लेमेंगो को हराकर वर्ष 2025 में अपनी छठी ट्रॉफी जीती।

निर्धारित और अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर था जिसके बाद पीएसजी ने पेनल्टी शूटआउट में 2-1 से जीत हासिल की। मैच खत्म होते ही रूसी गोलकीपर सफोनोव को उनके साथियों ने हवा में उछाल दिया। पीएसजी ने इस तरह से वर्ष 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने इससे पहले डेस चैंपियंस, फ्रेंच लीग, फ्रेंच कप, चैंपियंस लीग और यूईएफए सुपर कप जीता था। ख्विचा क्वारात्स्खेलिया ने 38वें मिनट में पीएसजी को बढ़त दिलाई, जिसके बाद 62वें मिनट में जोर्जिन्हो ने पेनल्टी को गोल में बदलकर ब्राजील के क्लब फ्लेमेंगो को बराबरी दिलाई। वहीं दूसरी ओर जम्मू और कश्मीर सरकार ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता संतोष ट्रॉफी 2025 के लिए जम्मू-कश्मीर की फुटबॉल टीम के चयन की प्रक्रिया की जांच के लिए समिति का गठन किया है।





जम्मू कश्मीर खेल परिषद ने संतोष ट्रॉफी के लिए राज्य की फुटबॉल टीम का चयन किया था लेकिन जम्मू क्षेत्र में टीम के चयन पर भेदभाव करने के आरोप लगाए गए जिसके कारण प्रदर्शन भी हुए। खेल मंत्री सतीश शर्मा ने टीम चयन की समयबद्ध और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। भाजपा ने जम्मू क्षेत्र के साथ भेदभाव का आरोप लगाया और उनके इस्तीफे की मांग की थी। सरकार की तरफ से बुधवार को जारी एक आदेश में कहा गया है कि इस मामले में समयबद्ध तरीके से तथ्यों का पता लगाने के लिए नौ सदस्यीय समिति के गठन को मंजूरी दे दी गई है।

इस समिति की अध्यक्षता युवा कल्याण एवं खेल विभाग की महानिदेशक अनुराधा गुप्ता करेंगी। आदेश में कहा गया है कि समिति को चयन प्रक्रिया की विस्तृत जांच करने, निष्कर्षों के आधार पर सिफारिशें देने और सात दिन के अंदर रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है। आरोपों के अनुसार संतोष ट्रॉफी के लिए जम्मू कश्मीर की टीम में चुने गए 20 खिलाड़ियों में से केवल एक ही जम्मू क्षेत्र से है, जबकि बाकी सभी खिलाड़ी कश्मीर से हैं। वहीं दूसरी ओर भारतीय फुटबॉल के भविष्य का मुद्दा गुरुवार को गुरुवार को राज्यसभा में भी उठाया गया तथा कांग्रेस के जोस के मणि ने कुराकाओ जैसे छोटा देश के विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का हवाला देते हुए खेल मंत्री मनसुख मांडविया से इस खेल के लिए सरकार की दीर्घकालिक योजना के बारे में पूछा। भारत में फुटबॉल का स्तर लगातार गिर रहा है तथा व्यावसायिक साझेदार नहीं मिलने के कारण इस साल अभी तक घरेलू सत्र भी शुरू नहीं हो पाया है।

### विश्व कप विजेता को मिलेगी पांच करोड़ डॉलर की पुरस्कार राशि

मैनचेस्टर। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को घोषणा की कि 2026 में होने वाले विश्व कप के विजेता को 655 मिलियन डॉलर की कुल पुरस्कार राशि में से 50 मिलियन डॉलर (पांच करोड डॉलर) मिलेंगे। अर्जेंटीना को 2022 में चैंपियन बनने पर 42 मिलियन डॉलर और फ्रांस को 2018 में विश्व कप जीतने पर 38 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी जिसमें इस बार बढ़ोतरी तो हुई है लेकिन यह राशि इस साल अपेक्षाकृत कम चर्चित क्लब विश्व कप जीतने के लिए चेल्सी को मिली पुरस्कार राशि से आधे से भी कम है। क्लब विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि एक अरब डॉलर थी। चेल्सी को चैंपियन बनने पर 125 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले विश्व कप के लिए कुल पुरस्कार राशि कतर में 2022 में आयोजित किए गए टूर्नामेंट के लिए निर्धारित 440 मिलियन डॉलर की तुलना में 48.9 प्रतिशत अधिक है। विश्व कप 2026 की कुल पुरस्कार राशि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2023 में खेले गए महिला विश्व कप की 110 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि से लगभग छह गुना अधिक होगी। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने अगले विश्व कप में पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए समान पुरस्कार राशि का लक्ष्य निर्धारित किया है। अगला महिला विश्व कप 2027 में ब्राजील में होगा। विश्व कप 2026 में कुल 48 टीम भाग लेंगी। ग्रुप चरण में बाहर होने वाली टीमों को नौ मिलियन डॉलर, अगले दौर में पहुंचने वाली टीमों को 11 मिलियन डॉलर और राउंड ऑफ़ 16 में पहुंचने वाली टीमों को 15 मिलियन डॉलर मिलेंगे। क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को 19 मिलियन डॉलर, चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 27 मिलियन डॉलर, तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 29 मिलियन डॉलर और फाइनल में हारने वाली टीम को 33 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी।



# अफगानिस्तान में स्वास्थ्य ढांचा होगा मजबूत

## अफगानी समकक्ष से मिले केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा, दिया चिकित्सा सहायता भरोसा

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा और अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री मौलवी नूर जलाल जलाली के साथ बैठक के दौरान भारत ने अफगानिस्तान के स्वास्थ्य क्षेत्र और मानवीय जरूरतों को समर्थन देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बुधवार को हुई बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने जारी स्वास्थ्य सहयोग की समीक्षा की और स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे, चिकित्सा आपूर्ति एवं क्षमता निर्माण में सहयोग को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा इस बात पर बल दिया है कि अफगानिस्तान के साथ भारत की भागीदारी कल्याण, क्षमता निर्माण और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक




पहुंच पर केंद्रित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान को भारत की सहायता मानवीय पहलुओं और दोनों देशों के लोगों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों पर आधारित है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत ने अफगानिस्तान में कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी है और उन्हें लागू किया है। इनमें पक्तिया, खोस्त और पक्तिका प्रांतों में पांच प्रसूति एवं स्वास्थ्य क्लीनिक का निर्माण तथा काबुल में 30 बिस्तरों वाले एक अस्पताल के अलावा काबुल में ट्रॉमा सेंटर, निदान केंद्र और थैलेसीमिया केंद्र जैसी प्रमुख सुविधाओं का निर्माण या उन्नयन शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र को सहायता प्रदान करने के लिए अतिरिक्त प्रस्तावों पर वर्तमान में सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है। बयान में कहा गया है कि भारत ने पिछले चार वर्षों में अफगानिस्तान को 327 टन दवाएं और टीके की आपूर्ति की है। नड्डा ने कहा कि कैंसर की दवाएं और एक सीटी स्कैन मशीन, जैसा कि अफगान सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा अनुरोध किया गया था, भेजे जाने के लिए तैयार हैं और इस महीने के अंत तक इन्हें सौंप दिया जाएगा।

# परमाणु विधेयक में सुरक्षा तंत्र से कोई समझौता नहीं होगा: सिंह

नयी दिल्ली। परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति देने संबंधी विधेयक को ऐतिहासिक करार देते हुए परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि इसमें सुरक्षा तंत्र से कोई समझौता नहीं होगा।



सिंह ने भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025 को उच्च सदन में चर्चा करने एवं पारित कराने के लिए पेश करते हुए कहा कि आने वाले समय में यह मील का पत्थर साबित होगा। यह विधेयक बुधवार को लोकसभा में पारित हो चुका है। सिंह ने कहा कि परमाणु ऊर्जा बिजली आपूर्ति का विश्वसनीय स्रोत है, जबकि अन्य नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों के मामले में ऐसा नहीं है। पिछले 10-11 वर्षों में भारत एक अलग वैश्विक भूमिका में आया है। भारत अब पहले की तरह दूसरों का अनुसरण करने वाला देश नहीं रहा, बल्कि हम अब अग्रिम पंक्ति के देश हैं। हम अब अनुयायी नहीं हैं। भारत दूसरों को मार्गदर्शन दे रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद पहली बार जलवायु, ऊर्जा, ऊर्जा सुरक्षा या स्वच्छ ऊर्जा जैसी वैश्विक चिंताओं को प्राथमिकता दी जा रही है। सिंह ने सदन को बताया कि कई कारणों से स्वच्छ ऊर्जा की ओर रुझान बढ़ेगा, क्योंकि पूरी दुनिया उसी दिशा में आगे बढ़ रही है और भारत के लिए भी यह जरूरी है कि वह समग्र रूप से इस लक्ष्य को हासिल करे, ताकि देश पेट्रोलियम संसाधनों या जीवाश्म ईंधन पर कम से कम निर्भर रहे। हमें परमाणु ऊर्जा की भी आवश्यकता है, जो अन्य नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों के विपरीत अधिक विश्वसनीय ऊर्जा स्रोत है। परमाणु ऊर्जा को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

## संक्षेप

### भारत ने ढाका में वीजा केंद्र का संचालन फिर से शुरू किया

ढाका। भारत ने बृहस्पतिवार को ढाका में अपने वीजा आवेदन केंद्र का संचालन फिर से शुरू कर दिया, सुरक्षा संबंधी चिंताओं में वृद्धि के कारण एक दिन पहले इसे बंद कर दिया गया था। हालांकि, बांग्लादेश के अन्य हिस्सों में स्थित इसी तरह के दो अन्य केंद्रों को बंद कर दिया गया है। दक्षिण-पश्चिमी खुलना और उत्तर-पश्चिमी राजशाही में स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) को सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण बंद कर दिया गया था। बांग्लादेश में पांच आईवीएसी केंद्र हैं। ढाका, खुलना और राजशाही के अलावा, अन्य दो केंद्र पूर्वोत्तर बंदरगाह शहर चटोग्राम और सिलहट में स्थित हैं। ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क में स्थित आईवीएसी राजधानी में सभी भारतीय वीजा सेवाओं के लिए मुख्य एकीकृत केंद्र है। आईवीएसी के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, ढाका में भारतीय वीजा आवेदन केन्द्र में अब काम काज शुरू हो गया है। भारत विरोधी प्रदर्शनकारियों के एक बड़े समूह के भारतीय उच्चायोग की ओर बढ़ने के बाद तनाव बढ़ने के मद्देनजर, आईवीएसी के ढाका केंद्र को बुधवार को अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की गई थी। ढाका केंद्र ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि आईवीएसी ने बृहस्पतिवार को खुलना और राजशाही में स्थित अपने दोनों केंद्र बंद कर दिये हैं।

# सार्वजनिक-निजी भागीदारी से बिहार के विकास को मिलेगी नयी गति: चौधरी

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में विकास कार्यों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए सार्वजनिकनिजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल को अधिक से अधिक अपनाने की आवश्यकता है।


उपमुख्यमंत्री, गया स्थित बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) में आयोजित मंथन 2025 के समापन कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीपीपी मॉडल के तहत सरकार को अपेक्षाकृत कम निवेश करना पड़ता है जबकि आधारभूत संरचना का विकास तेजी से संभव होता है। चौधरी ने प्रमंडलीय आयुक्तों, जिला पदाधिकारियों और राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला स्तर पर भी पीपीपी मॉडल को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर जिलों से अच्छे प्रस्ताव सरकार को प्राप्त होते हैं, तो उनके लिए नीति बनाकर आगे बढ़ाया जाएगा और सरकार ऐसे प्रयासों को खुले दिल से प्रोत्साहित करेगी।

# नो पीयूसी, नो फ्यूल नियम से परेशानी हो सकती है: सीएम

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि नो पीयूसी, नो फ्यूल नियम से लोगों को असुविधा हो सकती है लेकिन सभी वाहनों की प्रदूषण जांच कराना और उनका प्रमाणन सुनिश्चित करना हम सबकी सामूहिक नैतिक जिम्मेदारी है।

नो पीयूसी, नो फ्यूल नियम के तहत जिन वाहनों के पास वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) नहीं है, उन्हें पेट्रोल पंपों पर ईंधन नहीं दिया जाएगा। यहां एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुप्ता ने स्पष्ट किया कि वैध प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाणपत्र के बिना दिल्ली में किसी भी वाहन को ईंधन भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शहर की बिगड़ती हवा को सुधारने के लिए नियमों का सख्ती से पालन करना अनिवार्य है। लोगों को असुविधा हो रही है लेकिन दिल्ली में चलने वाले हर वाहन को प्रदूषण फैलाए बिना चलना चाहिए। यह हमारी सामूहिक नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपने वाहनों को पीयूसी प्रमाणित कराएं। कार-पूलिंग और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। परिवहन व्यवस्था में सुधार वायु गुणवत्ता में सुधार की कुंजी है। कार-पूलिंग एक ही स्थान पर जाने वाले दो या दो से अधिक व्यक्तियों का एक ही वाहन में साथ यात्रा करना है। सरकार राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण परीक्षण के बुनियादी ढांचे का विस्तार कर रही है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में पीयूसी प्रमाणपत्र जारी करने वाले केंद्रों की संख्या बहुत कम थी लेकिन अब नंद नगरी, बुराड़ी और तेहखंड में स्वचालित परीक्षण केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

# मानवीय व्यवहार से जुड़ी हैं अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं



नयी दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं ऐसे लोगों के व्यवहार से जुड़ी होती हैं, जो अक्सर सुरक्षा मानदंडों की अनदेखी करते हैं।

उन्होंने लोकसभा सदस्यों से अपने निर्वाचन क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा अभियान चलाने का आह्वान भी किया। गडकरी ने इस तथ्य का उल्लेख करते हुए दुख जताया कि हर साल लगभग पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं जिनमें औसतन 1.80 लाख लोगों की जान चली जाती है और मारे गए लोगों में ज्यादातर युवा होते हैं। निचले सदन में प्रश्नकाल के दौरान मंत्री ने कहा, मुझे बड़े दुख के साथ यह कहना पड़ रहा है कि सड़क दुर्घटनाएं मानव व्यवहार से जुड़ी हैं। सड़क सुरक्षा नियमों की कोई परवाह नहीं है। हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 1.80 लाख लोगों की जान चली जाती है, जो किसी भी युद्ध या कोविड महामारी में गई जानों से अधिक है। युवा लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। सड़क सुरक्षा पर भाजपा सांसद मुकेश दलाल के एक पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए, गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटना में मौत के मामलों में 66 प्रतिशत 18-34 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं के होते हैं। उन्होंने कहा कि भले ही मंत्रालय लोगों को सड़क सुरक्षा मानदंडों के बारे में जागरुक और संवेदनशील बनाने के लिए अभियान चला रहा है, लेकिन ज्यादा सुधार नहीं देखा जा रहा है।

# ओमान में आधे कर्मचारी भारतीय नियुक्त करने की अनुमति

नयी दिल्ली। ओमान ने बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत खाड़ी देश में कार्यरत भारतीय कंपनियों के लिए नियमों में ढील देने की पेशकश की। इससे कंपनियों को अपने कुल कर्मचारियों में से 50 प्रतिशत तक को अपने भारत स्थित कार्यालय से नियुक्त करने की अनुमति मिल जाएगी।

यह प्रावधान व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) का हिस्सा है। इस समझौते पर वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ओमान के वाणिज्य, उद्योग और निवेश संवर्धन मंत्री कैस बिन मोहम्मद अल यूसुफ ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक मौजूद थे। इस समझौते को 2026 की पहली तिमाही तक लागू किए जाने की संभावना है। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि सीईपीए की एक प्रमुख विशेषता भारतीय पेशेवरों के लिए आवाजाही की बेहतर व्यवस्था है। ओमान ने पहली बार पेशेवरों के आने-जाने (मोड 4) के नियमों में कई नई सुविधाएं दी हैं। इसके तहत कंपनियों के कर्मचारियों के लिए ओमान में काम करने का कोटा 20 प्रतिशत से



बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही संविदा आधार पर सेवा आपूर्तिकर्ताओं को पहले के 90 दिनों के बजाय दो साल तक ओमान में रहने की अनुमति मिलेगी और इसमें दो साल के और विस्तार की संभावना है। सेवा क्षेत्र में ओमान ने 127 उप-क्षेत्रों में नियम आसान किए हैं। खाड़ी देश ने कंप्यूटर से संबंधित सेवाओं, व्यापार और पेशेवर सेवाओं, ऑडियो-विजुअल, अनुसंधान एवं विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं सहित कई क्षेत्रों में अपनी प्रतिबद्धताओं का विस्तार किया है। कंप्यूटर संबंधी सेवाओं में कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर और सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली का विकास, रखरखाव और प्रबंधन शामिल है। इसी प्रकार, पेशेवर सेवाओं में लेखांकन, कराधान, वास्तुकला, इंजीनियरिंग, शहरी नियोजन, चिकित्सा, दंत चिकित्सा, पशु चिकित्सा, नर्सिंग और दाई सेवाएं शामिल हैं। इन प्रतिबद्धताओं से भारतीय सेवा प्रदाताओं के लिए महत्वपूर्ण नए अवसर खुलने, उच्च मूल्य वाले रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलने और दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक जुड़ाव के विस्तार में सहायता मिलने की उम्मीद है। ओमान का वैश्विक सेवा आयात 12.52 अरब डॉलर है, जिसमें भारत का हिस्सा केवल 5.31 प्रतिशत है। यह दर्शाता है कि भारतीय सेवा प्रदाताओं के लिए वहां अभी बहुत अवसर हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी के मेकर्स ने आज इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया। यह फिल्म इस साल क्रिसमस के मौके पर यानी 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली है, जिसमें रोमांस के साथ हल्की-फुल्की और मजेदार कॉमेडी दिखाई गई है। फिल्म में कार्तिक

**लॉन्च इवेंट में कार्तिक ने कहा अनन्या अब ज्यादा मैच्योर हैं, तो एक्ट्रेस समझ बैठीं ताना**

और अनन्या के अलावा में नीना गुप्ता, जैकी श्रॉफ और टीकू तलसानिया भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसका डायरेक्शन समीर विद्वांस ने किया है और इसके प्रोड्यूसर करण जौहर हैं। मुंबई में आज फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे के अलावा फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर भी पहुंचे। लॉन्च इवेंट के दौरान तस्वीरें खिंचवाते हुए कार्तिक और अनन्या। फिल्म के बारे में मीडिया से बात करते हुए करण जौहर। लॉन्च इवेंट में करण जौहर से गले मिले कार्तिक आर्यन, इस दौरान अनन्या खुश नजर आईं। ट्रेलर लॉन्च के दौरान कार्तिक



आर्यन ने फिल्म से जुड़े अनुभव शेयर किए। उन्होंने कहा कि कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा के साथ काम करना उनके लिए काफी मजेदार रहा। कार्तिक ने यह भी कहा कि विशाल-शेखर, जुबिन नौटियाल और लकी अली जैसे कलाकारों के गानों का हिस्सा बनना उनके लिए खुशी की बात है।

जब कार्तिक से रोमांटिक फिल्मों को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया। एक्टर ने कहा कि रियल लाइफ में रोमांस नहीं मिल रहा, तो रील लाइफ में ही सही। उनका यह जवाब सुनकर वहां मौजूद लोग हंस पड़े। इस दौरान अनन्या पांडे ने कहा कि उन्हें इस तरह की फिल्में करना बहुत पसंद है और वह आगे भी ऐसी फिल्मों में काम करना चाहेंगी। इवेंट के दौरान अनन्या ने कार्तिक के साथ अपनी केमिस्ट्री पर बात की। उन्होंने कहा कि एक समझदार इंसान ने कहा है कि प्यार असल में दोस्ती होता है।

# रकुल प्रीत ने करवाई प्लास्टिक सर्जरी!


**मुंबई**। हाल ही में, रकुल प्रीत सिंह को लेकर एक सोशल मीडिया यूजर ने दावा किया था कि उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाई है। अब एक्ट्रेस ने खुद को सर्टिफाइड कॉस्मेटिक सर्जन बताने वाले इस शख्स को फटकार लगाई है। रकुल ने उस शख्स पर बिना किसी प्रूफ के गलत जानकारी फैलाने का भी आरोप लगाया। रकुल ने पोस्ट किया 'फ्रॉड अलर्ट- यह डरावना है कि उनके जैसे लोग डॉक्टर होने का दावा कर रहे हैं। और बिना किसी फैक्ट चेक के बयान दे रहे हैं और लोगों को गुमराह कर रहे हैं। एक एक्टर होने के नाते मैं प्राचीन और आधुनिक विज्ञान को समझती हूं और मुझे लोगों के सर्जरी करवाने से कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन एक और चीज भी होती है, जिसे वेट लॉस कहते हैं।

# आलिया भट्ट, सोनाली बेंद्रे का दिखा ग्लैमरस अंदाज

मुंबई। 17 दिसंबर को मुंबई में 25वें इंडियन टेलीविजन अवॉर्ड्स 2025 का आयोजन किया गया। बीकेसी स्थित जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आईटीए अवॉर्ड्स का कार्यक्रम हुआ। इस इवेंट में बॉलीवुड और टीवी दोनों ही इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकारों ने शिरकत की। बॉलीवुड से वेटरन एक्टर जितेंद्र, रंजीत, बोमन ईरानी, आलिया भट्ट, आदित्य सील, पूनम ढिल्लों, सुरवीन चावला जैसे कलाकारों ने शिरकत की। आलिया भट्ट बहुत ही ग्लैमरस अंदाज में अवॉर्ड शो का हिस्सा बनीं। आलिया ने जरी बॉर्डर वाला लहंगा पहना था। मिनिमल मेकअप और खुले बालों में वो बेहद ही खूबसूरत लगीं। एक्ट्रेस आंकाक्षा रंजन ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस में काफी स्टाइलिश नजर आईं। एक्टर आदित्य सील पत्नी अनुष्का रंजन के साथ फंक्शन का हिस्सा बने। दिग्गज एक्टर जितेंद्र में अवॉर्ड्स फंक्शन में शामिल हुए। वहीं, टीवी जगत से रुपाली गांगुली, प्रणाली राठौड़, आशी सिंह, हर्षद चोपड़ा, शिवांगी जोशी, निया शर्मा जैसे कलाकारों ने शिरकत की। एक्ट्रेस निया शर्मा, शिवांगी जोशी, आशी सिंह और शालीन भनोट ने इवेंट में दमदार परफॉर्मेंस भी दी।

**इंडियन टेलीविजन अकादमी अवॉर्ड्स 2025**

# 'इक्कीस' अब होगी छब्बीस को होगी रिलीज




**मुंबई**। हाल ही में अगस्त्य नंदा स्टारर फिल्म 'इक्कीस' की रिलीज डेट आगे बढ़ाई गई थी। कहा गया कि मेकर्स ने ऐसा फैसला धुरंधर की बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस को देखते हुए लिया है। अब अमिताभ बच्चन ने नाती अगस्त्य की फिल्म की रिलीज डेट के आगे बढ़ने का कारण बताया है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट लिखा है। पोस्ट में वो लिखते हैं 'इक्कीस' पहले पच्चीस 25 को थी, अब

**अमिताभ ने नाती अगस्त्य की फिल्म की नयी डेट की वजह बतायी, बोले शगुन अच्छा है**

होगी छब्बीस 26 पहली (1) को रिलीज होगी। कुछ ज्योतिष विद्या वाले कहे, भाई, शगुन है अच्छा, चले चलो, बस चले चलो।' ट्वीट के साथ उन्होंने एक फोटो भी लगाई है, जिसमें वो इक्कीस को प्रमोट करते नजर आ रहे हैं। दरअसल, एक्टर हाथ में एक टी शर्ट है, जिस पर इक्कीस लिखा हुआ है। बिग बी इस टीशर्ट को लेकर फैंस सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्वीट करके लिखा था।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com